॥ 卐 ॥

समस्त देशवासियों को WEDNESDAY वर्ष 17, अंक 212 पृष्ठ 12 ■ कोलकाता, बुधवार, 1 जनवरी 2025 ■ पौष, शुक्लपक्ष, द्वितीया, वि.सं. 2081 मूल्य : ₹ 3

नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ

निष्पक्ष, निडर एवं सशक्त राष्ट्रीय दैनिक

# युवा शक्ति

कोलकाता संस्करण www.yuvashaktinews.com

2025 HAPPY NEW YEAR

VIKAS GROUP OF INDUSTRIES
VIKAS IRON & STEEL CO.
Founders, Engineers & Exporters AN ISO 9001 CERTIFIED COMPANY
P-134,135, Benaras Road, P.O :- Netajigarh, Howrah-711108
Phone : 2651 8006 / 8826 / 4400 Fax No. : (033) 2651 6435
Manufacturer of C. I. Castings for :
❖ Ferro Alloy Plant ❖ Rolling Mill ❖ Blast Furnace
❖ Mini Steel Plant ❖ Coke Oven Plant Power Plant
❖ Crusher Machines ❖ Automobile Industry ❖ Tea Garden etc.
Note : Specialist in making C.I. Castings upto 20 MT. Single Pcs. as per Customer's Drawings

VIKAS CASTINGS
Founders, Engineers & Exporters
NH-6, Jaladhulagori, P.S.- Sankrail, Howrah - 711 302
Phone No. : 2661-7676, Fax No.: (033) 2661 7675

VIKAS HITECH CASTINGS
Founders, Engineers & Exporters of Stainless Steel, Alloys Steel & Ductile Iron Castings
Phone No. 9831208171, Fax No.: (033) 2651 6435/2661-7675
N.H.-6, Sankrail Industrial Park, Bhagabatipur, Kanduah, Howrah-711302

VIKAS LOGISTICS & WAREHOUSING
Phone No. 9831208171
Fax : (033) 2651 6435/2661-7675
N.H-6, Sankrail Industrial Park,
Vill. - Bhagabatipur,
P.O. - Kanduah, Howrah-711302
WARE HOUSING

VIKAS STEEL & CASTINGS PVT. LTD.
Founders, Engineers & Exporters
"Foundry Park" Howrah - Amta Road, Howrah - 711 302
Phone No.9831016319, Fax No.: (033) 2651 6435

CIMMEN AGENCIES PVT. LTD.
Phone No.9831208171, Fax : (033) 2651 6435/2661-7675
N.H-6, Jaladhulagori, P.S. Sankrail, Howrah - 711 302
WARE HOUSING

E-mail : info@vikascastings.com | Website : www.vikascastings.com

## आज से से बदल जाएंगे राशन कार्ड के नियम

**नई दिल्ली:** भारत सरकार लोगों की सहूलियत के लिए कई सारी योजनाएं चलाती है. इन योजनाओं से देश करोड़ों नागरिकों को सीधा फायदा होता है. इसी कड़ी में भारत सरकार की ओर नेशनल फूड सिक्योरिटी एक्ट के अंतर्गत मुफ्त राशन और कम दाम पर राशन उपलब्ध कराया जाता है. इसके लिए सरकार की ओर राशन कार्ड भी उपलब्ध कराया जाता है.

इस बीच नए साल की शुरुआत से राशन कार्ड को लेकर कई बदलाव होने जा रहे हैं, जिसका सीधा असर आम लोगों पर पड़ेगा. अगर आप भी राशन कार्ड धारक हैं तो इन बदलावों के बारे में आपको जानना चाहिए. राशन कार्ड धारकों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए पिछले दिनों सरकार ने ई-केवाईसी अनिवार्य कर दिया था. ई-केवाईसी के तहत कार्ड धारक के सत्यापन के लिए वक्त भी दिया गया. बावजूद बहुत से ऐसे राशन कार्ड धारक हैं, जिन्होंने ई केवाईसी नहीं करवाई. इसको कराने के लिए 31 अगस्त तक की मोहलत दी गई थी. पेज 9 पर जारी

## दुनियाभर में नये साल का जश्न



# चौबीस घंटे में मुर्शिदाबाद से एक और संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

### तीसरे संदिग्ध से हिरासत में पूछताछ



**कोलकाता/ मुर्शिदाबाद :** पश्चिम बंगाल की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) आतंकी क्रियाकलापों के खिलाफ लगातार अपनी कार्रवाई को अंजाम दे रही है. एसटीएफ ने असम पुलिस के संयुक्त अभियान में सोमवार को मुर्शिदाबाद जिले से एक संदिग्ध आतंकी सजिबुल इस्लाम (24) को गिरफ्तार किया था. अब इससे पूछताछ के उपरांत मंगलवार यानी 24 घंटे में दूसरा संदिग्ध आतंकी मुस्तकिम मंडल (26) को गिरफ्तार कर लिया. इसे एसटीएफ की सफलता मानी जा रही है. मुर्शिदाबाद जिले के नवदा थाना क्षेत्र से ही सजिबुल को दबोचा गया और यहीं से दूसरे आतंकी मुस्तकिम को भी गिरफ्तारी हुई दोनों को आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया है. दोनों गिरफ्तार उक्त जिले के नवदा थाना क्षेत्र का निवासी हैं. एसपी (एसटीएफ) इंद्रजीत बसु ने उक्त जानकारी दी. उन्होंने बताया कि इन दोनों आरोपितों की गतिविधियों पर लंबे समय से नजर रखी जा रही थी. विस्तृत जांच के बाद इन्हें विशेष अभियान के तहत गिरफ्तार किया गया. पुलिस के अनुसार, सजिबुल इस्लाम और मुस्ताकिम मंडल आतंकवादी गतिविधियों में शामिल था. उसके खिलाफ नवदा थाने में मामला दर्ज किया गया है. गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपितों से पूछताछ की जा रही है ताकि उनके संपर्कों और योजनाओं के बारे में जानकारी मिल सके. एसटीएफ ने इस कार्रवाई को राज्य में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया है. इंद्रजीत बसु ने कहा कि इस सफलता से आतंकी संगठनों के मंसूबों पर पानी फिरा है और पुलिस आतंकवाद के खिलाफ अपनी सतर्कता जारी रखेगी.पुलिस अब गिरफ्तार आरोपियों के नेटवर्क और उनके संपर्कों को खंगाल रही है. यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि उनका संबंध किन संगठनों से है और वे किन गतिविधियों में शामिल थे. पेज 9 पर जारी

# बंगाल सरकार ने संदेशखली की महिलाओं के खिलाफ झूठे आरोप गढ़े : शुभेंदुधिकारी

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के संदेशखली में एक कार्यक्रम में शामिल होने के एक दिन बाद, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को उसी स्थान पर एक रैली की और आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस सरकार ने अपनी पार्टी के नेताओं के कथित दुराचार के खिलाफ प्रदर्शन करने वाली महिलाओं के विरुद्ध झूठे आरोप मढ़े हैं. उत्तर 24 परगना जिले में सुंदरबन की सीमा पर स्थित इस द्वीपीय इलाके में एक जनसभा को संबोधित करते हुए विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अधिकारी ने बनर्जी को शरारतपूर्ण इरादे वाला व्यक्ति करार दिया. उन्होंने संकल्प लिया कि 2026 के विधानसभा चुनावों में भाजपा के सत्ता में आने पर तृणमूल के स्थानीय नेताओं के कथित अत्याचारों की जांच के लिए एक आयोग गठित किया जाएगा.अधिकारी ने कहा, ममता बनर्जी ने 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले संदेशखली में माताओं और बहनों की गिरफ्तारी की साजिश रची थी. तृणमूल के शाहजहां शेख जैसे स्थानीय बाहुबली नेताओं द्वारा किये गये दुराचार के खिलाफ आवाज उठाने पर उनके (माता-बहनों के) विरुद्ध झूठे आरोप लगाए गए और उन्हें गिरफ़्तार किया गया.



अगर भाजपा सत्ता में आती है तो आप (ममता बनर्जी) इस तरह के उत्पीड़न को बढ़ावा देने के लिए पेज 9 पर जारी

## यमन में केरल की नर्स को बड़ा झटका

### फांसी की सजा को राष्ट्रपति की मंजूरी

**नई दिल्ली:** यमन में मौत की सजा का सामना कर रही भारतीय नर्स निमिशा प्रिया के मामले में केंद्र सरकार हर संभव मदद मुहैया कराने में जुटी है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक बयान में कहा कि हमें यमन में निमिशा प्रिया की सजा के बारे में पता चला है. हम समझते हैं कि प्रिया का परिवार प्रासंगिक विकल्पों पर विचार कर रहा है. सरकार इस मामले में हरसंभव मदद कर रही है. यह बयान यमन के राष्ट्रपति रशद अल-अलीमी की ओर से निमिशा प्रिया की मौत की सजा को हाल ही में मंजूरी दिए जाने के बाद आया है.

पेज 9 पर जारी

# मणिपुर हिंसा को लेकर सीएम बीरेन सिंह ने मांगी माफी

### कहा– पूरा साल बेहद खराब रहा

**इंफाल:** मणिपुर हिंसा को लेकर सीएम एन बीरेन सिंह ने जनता से माफी मांगी है. उन्होंने कहा कि यह पूरा साल बेहद खराब रहा. मैं राज्य के लोगों से पिछले साल तीन मई से लेकर आज तक जो कुछ भी हुआ है, उसके लिए माफी मांगता हूं. कई लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया. कई लोगों ने अपना घर छोड़ दिया. मुझे इसका दुख है. पिछले तीन-चार महीनों में शांति की स्थिति देखकर मुझे उम्मीद है कि 2025 में राज्य में सामान्य स्थिति बहाल हो जाएगी. मणिपुर में बीते साल मई से जातीय हिंसा चल रही है, जिसमें अब तक 200 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं. नवंबर में मणिपुर के जिरीबाम में तीन महिलाओं और उनके तीन बच्चों की हत्या के बाद भी बवाल हुआ. राज्य में लगातार हो रही हिंसा के चलते एन बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार भारी दबाव में है और बीरेन सिंह को पद से हटाने की मांग जोर पकड़ रही है. एनडीए की सहयोगी एनपीपी ने भी मणिपुर सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया है और नेतृत्व परिवर्तन करने की मांग की है. अब साल की समाप्ति पर मणिपुर के




सीएम एन बीरेन सिंह ने जनता से माफी मांगी है. उन्होंने कहा कि यह पूरा साल खराब रहा. नए साल 2025 में शांति की उम्मीद है.

मणिपुर में मैतेई समुदाय और कुकी समुदाय के बीच हिंसा पिछले साल तीन मई को उस समय शुरू हुई थी जब मणिपुर उच्च पेज 9 पर जारी

## कोलकाता में नकली दवाइयों का भंडाफोड़

# 6.6 करोड़ रुपये की दवाएं जब्त

**कोलकाता:** केंद्रीय औषध मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) और पश्चिम बंगाल औषध नियंत्रण निदेशालय की संयुक्त जांच में कोलकाता में एक थोक विक्रेता के ठिकाने से 6.6 करोड़ रुपये की नकली दवाइयां जब्त की हैं. जांच के दौरान थोक विक्रेता फर्म 'केयर एंड क्योर फॉर यू' की मालिक एक महिला को गिरफ्तार किया गया है. यह कार्रवाई सीडीएससीओ के पूर्वी क्षेत्र के औषध निरीक्षक द्वारा की गई, जिसकी पुष्टि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने की है. छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में कैंसर, मधुमेह और अन्य बीमारियों की दवाइयां मिलीं, जिन पर विभिन्न देशों जैसे आयरलैंड, तुर्की, अमेरिका और बांग्लादेश में निर्मित होने का लेबल था. हालांकि, इन दवाओं के भारत में आयात का कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया, जिससे इन्हें नकली घोषित किया गया. जांच टीम को खाली पैकेजिंग सामग्री भी मिली, जिससे इन दवाओं की प्रामाणिकता पर और सवाल खड़े हो गए.जब्त की गई दवाओं की कुल बाजार कीमत लगभग 6.6 करोड़ रुपये आंकी गई है. इन दवाओं के नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण के लिए भेजा गया है, जबकि शेष मात्रा को सीडीएससीओ की सुरक्षित अभिरक्षा में रखा गया है.मंगलवार को अदालत ने गिरफ्तार महिला को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और आगे की पूछताछ की अनुमति दी है. मामले की गहन जांच जारी है.

# बांग्लादेशी घुसपैठिया बनी गांव की प्रधान

### सवालों के घेरे में है टीएमसी

मालदा। मालदा जिले के रशीदाबाद ग्राम पंचायत की मुखिया लवली खातून पर कई गंभीर आरोप लगे हैं. दावा किया गया है कि लवली खातून, जिनका असली नाम नसिया शेख है. वो बांग्लादेश से अवैध रूप से भारत में आईं और फर्जी दस्तावेजों के जरिए भारतीय नागरिकता हासिल कर पंचायत चुनाव लड़ा. इसके बाद वह टीएसी की पंचायत प्रमुख बन गईं. इस मामले ने न सिर्फ मालदा, बल्कि पूरे बंगाल में राजनीतिक हलचल पैदा कर दी है. लवली खातून पर आरोप है कि उनका असली नाम नसिया शेख बताया जा रहा है और वो बांग्लादेश की निवासी हैं. उनपर आरोप है कि उन्होंने फर्जी तरीके से भारतीय नागरिकता के दस्तावेज तैयार किए. दस्तावेजों के मुताबिक, उनका वोटर कार्ड 2015 में और पेज 9 पर जारी

ADWEALTH GROUP
Your Prosperity Partner
Equity & Derivatives
Commodity & Derivatives
Currency Derivatives
Depository Services
Insurance : General • Life • Health
Mutual Funds
Inter Corporate Deposits (ICDs)
Project Finance
Corporate Advisory Services
Scan the QR Code to Visit our Website www.adwealthgroup.com & Start Trading Now!
Registered & Corporate Office
Diamond Heritage, 16 Strand Road, Fairlie Place
5th Floor, Unit No. 507, Kolkata - 700001
Phone : (033) 4030 2999
CIN : U74140WB1994PTC062485
Member : NSE BSE MCX-SX MCX NCDEX CDSL

BENGAL ENERGY
Bengal Energy focuses on a customer centric approach by providingcustomized coke to its customers. Its state of the art coke cutting machine ensures the specified size as required by its customers.
We at Bengal Energy consider the interests of society above ours. Our organization is fully ethically committed towards its employees, shareholders, communities environment. Its our constant Endeavour to improve the quality of life. It not only our employees their families, but the local community the society as a whole. Even the processes of production have been painstakingly selected, so as to minimise any negative impact on our ecosystem enviroment. We strive to become a
RESPONSIBLE CORPORATE CITIZEN.
♦ Foundry Coke
♦ Blast Furnace Coke
♦ Nut Coke
♦ Coke Breeze
BENGAL ENERGY LIMITED
OM TOWER, 32, J. L. NEHRU ROAD, 3RD FLOOR, KOLKATA-700 071, W.B.
Phone : 33 2288 3355/56/57 | Fax : 33 2288 3354
E-mail: omjalan@bengalenergy.in | omjalan2014@gmail.com
Work: Mouza : Dauha, P.O:-Tentulmuri,
P.S. Narayangarh, Dist- Midnapore West-721347,
Tel: 0322 2236692-98 Fax: 0322 2236697 | Web: www.bengalnerhy.in

# सिंगूर आंदोलन लोकल ट्रेन बंद करने का फैसला

**कोलकाता :** सिंगूर आंदोलन से जुड़ी 'सिंगूर आंदोलन लोकल' ट्रेन, जिसे ममता बनर्जी ने रेल मंत्री रहते हुए शुरू किया था, अब बंद होने जा रही है. रेलवे ने घोषणा की है कि एक जनवरी 2025 से यह ट्रेन बंद कर दी जाएगी. यह ट्रेन पिछले 15 वर्षों से चल रही थी और सिंगूर के लोगों के लिए परिवहन का एक महत्वपूर्ण साधन थी. इस फैसले के खिलाफ सिंगूर के विधायक और राज्य के मंत्री बेचाराम मन्ना के नेतृत्व में मंगलवार सुबह सिंगूर स्टेशन पर एक विरोध सभा आयोजित की गई. मंत्री ने कहा कि रेलवे का यह निर्णय सिंगूर के लोगों के लिए बड़ा झटका है. उन्होंने घोषणा की कि बुधवार को हावड़ा से तारकेश्वर जाने वाली लोकल ट्रेन को रोककर विरोध जताया जाएगा.हरिपाल की विधायक करबी मन्ना ने बताया कि रेलवे ने नोटिस जारी कर कहा है कि 'सिंगूर आंदोलन लोकल' अब तारकेश्वर तक ही चलेगी. उन्होंने आरोप लगाया कि सिंगूर एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है, जहां 52 गांवों के लोग इस स्टेशन से यात्रा करते हैं. रेलवे जानबूझकर सिंगूर के लोगों की सुविधा खत्म करना चाहती है.भाजपा ने साधा तृणमूल पर निशाना,स्थानीय भाजपा नेताओं ने तृणमूल कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को ढोंग करार दिया. भाजपा के संयोजक मधुसूदन दास ने कहा कि तृणमूल नेता 'सिंगूर आंदोलन' का इस्तेमाल कर अपने राजनीतिक फायदे उठा रहे हैं. उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि रेलवे को आरजी कर अस्पताल आंदोलन के नाम पर हर रूट पर एक नई ट्रेन शुरू करनी चाहिए.रेलवे का बयान,इस मुद्दे पर पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कौशिक मित्रा ने सफाई दी. उन्होंने कहा कि यात्रियों की मांग के अनुसार, सिंगूर लोकल की जगह अब तारकेश्वर और हरिपाल से दो ट्रेनें चलाई जाएंगी. इससे सिंगूर के यात्रियों को भी कोई असुविधा नहीं होगी. उन्होंने स्पष्ट किया कि ट्रेन को पूरी तरह बंद नहीं किया गया है.,उल्लेखनीय है कि सिंगूर आंदोलन ममता बनर्जी के राजनीतिक जीवन का एक ऐतिहासिक अध्याय रहा है. 2009 में रेल मंत्री बनने के बाद उन्होंने इस आंदोलन को यादगार बनाने के लिए 'सिंगूर आंदोलन लोकल' ट्रेन की शुरुआत की थी. अब इतने वर्षों बाद इसे बंद करने के रेलवे के निर्णय से तृणमूल कांग्रेस में मायूसी देखी जा रही है.

## तृणमूल ने जताया विरोध



## मासिक पत्रिका की ओर से सामाजिक सेवा भी




**हावड़ा :** हावड़ा जिले के सांकराइल थाना क्षेत्र के राजगंज हाट इलाके की मासिक पत्रिका मणिरकाणी आख्यान की ओर से एक अनोखा कार्यक्रम चलाया जा रहा है.प्रतिभाशाली वरिष्ठ छात्र सिराजम मोनिरा ने बताया कि 31 दिसंबर को पत्रिका ने सातवें वर्ष में प्रवेश किया है. पत्रिका प्रबंधन क्रिया योग, योग अभ्यास के अलावा विभिन्न प्रकार की शिक्षा, जागरूकता, सांस्कृतिक, सामाजिक, सेवा गतिविधियां वर्ष भर चलाता है. शुभंकर मुखर्जी व संपादक जूली दास मुखर्जी ने कहा कि हम सब काफी मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं. अंबिया बेगम ने कहा कि यद्यपि इसका प्रकाशन हावड़ा से होता था, परंतु इसकी गतिविधियां पूरे देश में फैली हुई हैं. अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग जिनेवा के सलाहकार डॉ. अनिंद्य गोपाल मित्रा ने सभी को अंग्रेजी नव वर्ष की बधाई दी. सामाजिक कार्यकर्ता सुप्रिया घोष बाबू ने कहा कि मतभेदों को भूलकर, आइए हम सब आगे आएं, सहयोग का हाथ बढ़ाएं और उनकी पहल की सराहना करें.

## दिव्य, भव्य और डिजिटल महाकुम्भ 2025

### रेलकर्मियों की जैकेट पर लगे स्कैनर से यात्री कटा सकेंगे टिकट

**कोलकाता/इलाहाबाद :** महाकुम्भ 2025 को ध्यान में रखते हुए उत्तर मध्य रेलवे ने प्रयागराज आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की हैं. उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मण्डल ने डिजिटल तकनीक के उपयोग से टिकटिंग प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने के लिए एक अभिनव पहल शुरू की है.महाकुम्भ के दौरान, रेलवे के वाणिज्य विभाग के कर्मयोगी प्रयागराज जंक्शन पर विशेष ड्यूटी पर तैनात रहेंगे और हर रंग की जैकेट पहनेंगे. इन जैकेट्स के पीछे एक क्यूआर कोड अंकित होगा, जिसे श्रद्धालु अपने मोबाइल से स्कैन कर सीधे यूटीएस मोबाइल ऐप डाउनलोड कर सकते हैं. यह ऐप यात्रियों को बिना लाइन में खड़े अनारक्षित टिकट बुक करने की सुविधा प्रदान करेगा.इस पहल से श्रद्धालु रेलवे स्टेशन पर भीड़ और लंबी लाइनों से बचते हुए सहजता से टिकट प्राप्त कर सकेंगे. डिजिटल भुगतान के माध्यम से टिकट बुकिंग की यह प्रक्रिया न केवल समय की बचत करेगी, बल्कि महाकुम्भ के दौरान आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को परेशानी मुक्त अनुभव प्रदान करेगी. रेलवे कर्मी हर रंग की जैकेट पहनकर स्टेशन और विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर अपनी सेवाएं देंगे, जिससे श्रद्धालुओं को टिकट बुकिंग संबंधित सहायता हर जगह मिल सके. क्यूआर कोड स्कैन करने पर एक लिंक मिलेगा, जो सीधे यूटीएस ऐप पर ले जाएगा. इसके माध्यम से यात्री टिकट बुकिंग के साथ-साथ अन्य सुविधाओं का भी लाभ उठा सकते हैं.उत्तर मध्य रेलवे की यह पहल डिजिटल इंडिया की दिशा में एक कदम और महाकुम्भ 2025 में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ी राहत साबित होगी. रेलवे का यह प्रयास तीर्थयात्रियों के अनुभव को और भी यादगार बनाएगा.

## न्यूज कॉर्नर

### इस्तीफे की मांग को लेकर भाजपा का प्रदर्शन

**सिलीगुड़ी :** सिलीगुड़ी के लोगों को सेवाएं नहीं दे पाने के कारण मेयर के इस्तीफे की मांग को लेकर भाजपा ने मंगलवार को सिलीगुड़ी में प्रदर्शन किया. इस दिन भाजपा के पार्षद, विधायक और मंडल कमेटी के सदस्य बाघाजतिन पार्क से हाथों में बाल्टियां लेकर विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए और सवाल उठाया कि शहर में बार-बार पेयजल की समस्या क्यों हो रही है. विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में सिलीगुड़ी विधायक शंकर घोष और डाबग्राम-फूलबाड़ी विधायक शिखा चटर्जी समेत भाजपा पदाधिकारी भी मौजूद थे.विधायक शंकर ने कहा कि मेयर सिर्फ बड़ी-बड़ी बातें कर सकते हैं, लेकिन कोई विकास मूलक काम नहीं करते है. वह केवल मेले में व्यस्त हैं. शहर के लोग कई दिनों से पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं. इस पर मेयर का ध्यान नहीं है. उन्होंने तुरंत मेयर के इस्तीफे की मांग की है.

### हाथी के हमले में व्यक्ति की मौत

**पश्चिम मेदिनीपुर :** पश्चिम मेदिनीपुर जिले के केशपुर में हाथी के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई. मृतक का नाम निमाई भुइंया (65) था. मंगलवार सुबह वह एक भटके हुए हाथी के सामने आ गया. हाथी ने उसे उठाकर पटक दिया. व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई. सूचना पाकर आनंदपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. इस घटना के बाद इलाके में शोक की लहर है. इलाके के लोगों में दहशत है.

### सड़क दुर्घटना में पांच घायल

**मालदा :** जिला प्रशासनिक भवन और जिला अदालत परिसर में मंगलवार को तेज रफ्तार कार का कहर देखा गया. एक तेज रफ्तार सरकारी कार ने कुछ लोगों को टक्कर मार दी.इस घटना में कम से कम पांच लोग घायल हो गए. टक्कर के बाद तेज रफ्तार कार में शॉर्ट सर्किट होने से धुआं निकलने लगा. इससे इलाके में दहशत फैल गई. स्थानीय लोगों ने घायलों को बरामद कर मालदा मेडिकल भेजा. बाद में घटनास्थल पर मौजूद भीड़ उग्र हो गयी और कार में तोड़फोड़ शुरू कर दिया. बाद में पुलिस के हस्तक्षेप के बाद माहौल शांत हो गया. पुलिस कार चालक को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है.

### मालदा के मथुरापुर श्मशान घाट में श्मशान काली पूजा का आयोजन

**मालदा :** हर साल की तरह इस साल भी मालदा के मानिकचक के मथुरापुर श्मशान घाट में श्मशान काली पूजा का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया. काली पूजा के अवसर पर, राक्षसों के राजा हरिश्चंद्र नामक एक सांस्कृतिक कार्यक्रम होता है. मालूम हो कि यह पूजा करीब 15 वर्षों से परंपरा के तहत भव्य तरीके से होती आ रही है. पूजा के ईर्द-गिर्द श्मशान घाट क्षेत्र में एक भीड़ भरा मेला आयोजित किया जाता है. किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए मानिकचक थाने की पुलिस सक्रिय थी. मंदिर परिसर में विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु आते हैं. कुल मिलाकर आठ से अस्सी लोग खुश थे.

### मालदा में जिला शासक कार्यालय के सामने हुआ भयानक हादसा

**मालदा :** मालदा में जिलाशासक कार्यालय के सामने आज भयानक हादसाहो गया. इस हादसे में पांच लोग घायल हो गये है . अनियंत्रित होकर सड़क पर खड़े पैदल चल रहे लोगों को सरकारी कार्यालय की गाड़ी ने एक के बाद एक टक्कर मार दी. अंत में कार एक दुकान से टकराकर रुक गई. कार से धुआं निकलते देखा गया. हादसे से आबादी बहुल इलाके क्षेत्र में हड़कंप मच गया.घटना में एक महिला और एक बच्चे समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये है. स्थानीय लोगों ने घायलों को बचाया और मालदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया. कई लोग गाड़ी के निचे ही दबे हुए थे, जिनको लोगों ने गाड़ी को उठाकर निकला. खबर पाकर इंग्लिश बाजार थाने की पुलिस इलाके में पहुंची. जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय, मालदा जिला न्यायालय इस क्षेत्र में स्थित हैं. परिवहन विभाग के विभिन्न एजेंट उस क्षेत्र में सड़क के दोनों ओर दुकानें चलाते हैं . हादसे के वक्त इलाके में काफी भीड़ थी. इसी दौरान कार काफी तेज गति से इलाके में गाड़ी घुसी और लोगों को कुचल दिया. हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई.

## अग्नि पीड़ित व्यवसायियों को सौंपे गए वित्तीय सहायता

**सिलीगुड़ी :** दार्जिलिंग के सांसद राजू बिष्ट की ओर से सिलीगुड़ी के विधान मार्केट में आग से प्रभावित व्यवसायियों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई. मंगलवार को सिलीगुड़ी के विधायक शंकर घोष और भाजपा के सिलीगुड़ी सांगठनिक जिलाध्यक्ष अरुण मंडल समेत भाजपा पार्षदों की उपस्थिति में व्यवसायियों को वित्तीय वित्तीय सहायता प्रदान की गई.उल्लेखनीय है कि 28 सितंबर को सिलीगुड़ी के विधान मार्केट में भयावह अग्निकांड में दर्जनों दुकान जलकर राख हो गए थे. घटना के बाद मौके पर पहुंचे दार्जिलिंग के सांसद राजू बिष्ट ने वित्तीय मदद की घोषणा किये थे. आखिरकार मंगलवार को दार्जिलिंग के सांसद राजू बिष्ट की ओर से भी प्रभावित दुकानदारों को आर्थिक सहायता सौंपी गई है.विधायक शंकर घोष और भाजपा के सिलीगुड़ी सांगठनिक जिला अध्यक्ष अरुण मंडल ने प्रभावितों को वित्तीय अनुदान सौंपा.

## वेतन नहीं मिलने से नाराज सफाई कर्मियों ने नगरपालिका परिसर में किया विरोध प्रदर्शन

**दक्षिण दिनाजपुर :** वेतन नहीं मिलने से नाराज सफाई कर्मियों नेबालुरघाट नगरपालिका परिसर मेंविरोध प्रदर्शन किया . साथ ही समय परवेतन नहीं मिलने से हड़ताल पर जाने की धमकी दी है.बालुरघाट नगर पालिका परिसर में सफाईकर्मियों का प्रदर्शन कर्मचारियों ने अपनी बातों को रखते हुए हड़ताल की चेतावनी दी. सोमवार दोपहर को बालुरघाट नगरपालिका के सैकड़ों सफाई कर्मचारी वेतन की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए. प्रदर्शन कर रहे सफाई कर्मचारियों ने शिकायत है कि बायोमेट्रिक मशीन खराब होने के कारण एक नवंबर से बालुरघाट नगर पालिका में कर्मचारियों की उपस्थिति दर सही नहीं है और इस कारण पिछले महीने का भुगतान नहीं किया गया है. इसी के कारण बालुरघाट नगरपालिका के सफाई कर्मचारी विरोध में उतर आये है.आरोप के आधार पर मंगलवार सुबह से ही बालुरघाट नगर पालिका क्षेत्र के सभी सफाई कर्मियों ने अपना काम बंद कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया.नॉर्थ बंगाल बासफोर एंड होराइजन वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन के दक्षिण दिनाजपुर जिला अध्यक्ष विजय बासफोर ने कहा कि सभी लोग 26 दिनों से काम कर रहे थे, लेकिन अगर बायोमेट्रिक मशीन में कोई समस्या है तो वे इसकी जिम्मेदारी हमलोग क्यों लें. उन्होंने कहा कि सही ढंग से काम करने के बावजूद उन्हें उचित पैसा नहीं मिलने से विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है. उन्होंने ने कहा कि अगर तत्काल समस्या का समाधारणनहीं किया तो यह आंदोलन भविष्य में एक बड़ा आंदोलन बन जाएगा. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जब उन्होंने इस मामले को नगरपालिका अध्यक्ष के संज्ञान में लाया, तो उन्होंने उनके साथ उचित व्यवहार नहीं किया, जिससेसफाईकर्मियों में गुस्सा पैदा हो




## पर्यटकों से खचाखच भरा है सरकारी युवा आवास, आधुनिक सुविधाओं से हैं युक्त

**जलपाईगुड़ी :** वर्ष के अंत में डुआर्स में निजी नहीं बल्कि सरकारी युवा आवास पर्यटकों से खचाखच भरा हुआ हैं.

साल के अंत और सर्दी के मौसम में उत्तर बंगाल में पर्यटकों की अच्छी खासी भीड़ रहती है. इस दौरान गैर सरकारी होटलों, रैस्टोरेंट और आवास में काफी भीड़ रहती है

लेकिन इसी साल गैर सरकारी नहीं, बल्कि पश्चिम बंगाल सरकार के युआव कल्याण और क्रीड़ा विभाग की ओर से तैयार चालसा युवा आवास पर्यटकों से भारा हुआ है. यह एक रिवर्स माइथोलॉजी जैसा है...! इस वर्ष सरकारी युवा आवास ने व्यवसाय में निजी रिसॉर्ट्स को पछाड़ दिया है.

डुआर्स में रात्रि विश्राम के लिए सरकारी युवा आवास केंद्र एक लोकप्रिय गंतव्य बन गया है.

डुआर्स में पर्यटन सीजन के दौरान, जहां निजी रिसॉर्ट्स पर अधिक कीमत वसूलने का आरोप लगाया जाता है, सरकारी युवा आवास केंद्र पर्यटकों को काफी कम दरों पर आवास प्रदान करता हैं. पर्यटकों के अनुसार, निजी रिसॉर्ट्स की तुलना में सरकारी आवास अधिक किफायती है और इसमें सभी प्रकार की सुविधाएं हैं. सरकारी आवास में एक साहसिक और रोमांचकारी यात्रा का अनुभव करने के लिए सभी सुविधाएं हैं.

डुआर्स में चालसा यूथ हाउसिंग सेंटर अब सबसे भरोसेमंद पर्यटन स्थलों में से एक है.

यहां पर्यटकों के लिए कम कीमत पर रात्रि आवास की सुविधाएं हैं. आवास मात्र 250 टका से लेकर 1500 टका तक की कीमतों पर उपलब्ध है. यहां तक कि युवाओं के आवास का रखरखाव भी सुनिश्चित किया जा रहा है,

ताकि पर्यटकों को कोई असुविधा न हो.

वहां के एक कर्मचारी ने कहा, वर्तमान में, पर्यटन सीजन के दौरान चालसा यूथ आवास राज्य सरकार के खजाने में लगभग 40 लाख रुपये इकट्ठा करता है. इस प्रकार, सरकारी युवा आवास केंद्र लाभ के लिए निजी रिसॉर्ट्स को मात दे रहे हैं. इसे सरकार की पर्यटन नीति की सफलता और लोगों के लिए एक और बड़े फायदे के तौर पर देखा जा रहा है.



## घने कोहरे में डिवाइडर से टकराई एम्बुलेंस , एक घायल

**जलपाईगुड़ी :** जलपाईगुड़ी में घने कोहरे के बीच मंगलवार सुबह तेज रफ़्तार एक एंबुलेंस दुर्घटना का शिकार हो गया . इस हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया. बताया जाता है टायर फटने से एंबुलेंस सड़क किनारे डिवाइडर से टकरा गई. जलपाईगुड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर पहाड़पुर मोड़ स्थित उत्तर बालापारा क्षेत्र में आज सुबह इस घटना के बाद इलाके में काफी तनाव देखा गया . पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जाँच में जुट गयी है. बताते चले आज सुबह से ही पूरा जलपाईगुड़ी कोहरे से ढका हुआ है. साल के अंत में मंगलवार की सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 31 पर जलपाईगुड़ी पहाड़पुर के पास बालापारा मोड़ पर एक एम्बुलेंस दुर्घटनाग्रस्त हो गई. चालक समेत एक व्यक्ति बाल बाल बच बचा . घटना में एम्बुलेंस वाहन काफी क्षतिग्रस्त हो गया. आम लोगों का मानना है कि टायर फटने से यह हादसा हुआ है. एम्बुलेंस एक मरीज को लेकर सिलीगुड़ी से असम जा रही थी.

## रायगंज मेडिकल कॉलेज व अस्पताल परिसर से संदिग्ध युवक गिरफ्तार ,नकली नोट और कई एटीएम कार्ड बरामद

**उत्तर दिनाजपुर :** साल के आखिरी दिन रायगंज मेडिकल कॉलेज व अस्पताल परिसर से एक संदिग्ध युवक को पकड़ा गया है. अस्पताल कर्मचारियों ने संदिग्ध युवक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया.आज मंगलवार की सुबह रायगंज मेडिकल कॉलेज व अस्पताल के ड्यूटी स्टाफ ने एक युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया. कथित तौर पर वह युवक अस्पताल के अलग-अलग जगहों की तस्वीरें ले रहा था. जिसे देखकर अस्पताल स्टाफ को शक हुआ. जब उन्होंने उससे पूछा तो उसने बताया कि उसकी मां अस्पताल में भर्ती है. अस्पताल की तस्वीर भेजने के बाद उसका 'सेठ' उसे पैसे भेजेगा. हालांकि कर्मचारियों को जांच के बाद पता चला कि युवक का अस्पताल में कोई भी रिश्तेदार भर्ती नहीं है . फिर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों को सूचित किया गया. मौके पर पहुंची पुलिस ने इस युवक को गिरफ्तार कर लिया और रायगंज थाने ले गई . युवक के पास से कई नकली नोट और कई एटीएम कार्ड बरामद किये गये. अस्पताल सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तार युवक का नाम अंसारुल हक (25) है. उनका घर रायगंज के रामपुर ग्राम पंचायत के गोमोर्धा इलाके में है. अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी एमडी रफीक आलम ने कहा, युवक अस्पताल में अलग-अलग जगहों की तस्वीरें ले रहा था, यहां तक कि अधिकारियों की भी. जब उससे पूछा गया तो उसने पहले बताया कि उसकी मां अस्पताल में भर्ती है और अगर अस्पताल की तस्वीरें दिल्ली में उसके सेठ को देना तो वह उसकी माँ की इलाज के लिए पैसे भेजेगा. जाँच के बाद पता चला कि उसकी मां अस्पताल में भर्ती नहीं है, फिर उसके पास से कई नकली पैसे और एटीएम कार्ड मिले. उसे पुलिस को सौंप दिया गया. पुलिस जांच करेगी.''हालांकि, युवक ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों से इनकार किया है. उसने कहा कि उनकी मां अस्पताल में भर्ती हैं. अगर वह सेठ को अस्पताल की तस्वीर भेजेगा है तो उसे पैसे मिलेंगे. नकली पैसे उसे गांव के मेले से मिले थे. उसका कोई अन्य उद्देश्य नहीं है.



## रेलवे न्यूज

### पूर्व रेलवे ने रिकॉर्ड समय में सीमित ऊंचाई वाला सबवे बनाया



**कोलकाता :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने सीमित ऊंचाई वाले सबवे (एलएचएस) का निर्माण पूरा करके एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है. एलसी गेट नं. 1 पर सीमित ऊंचाई वाला सबवे (एलएचएस) अमरुन और भटार स्टेशनों के बीच रिकॉर्ड समय में 8/सी/ई का निर्माण पूरा किया. यह महत्वपूर्ण उपलब्धि सावधानीपूर्वक योजना, कुशल निष्पादन और रेलवे टीम के समर्पण का प्रमाण है.वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) के मार्गदर्शन और रेलवे के प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण के तहत वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-2, हावड़ा, ने कहा कि इस परियोजना को योजनाबद्ध पावर और ट्रैफिक ब्लॉक के दौरान त्रुटिहीन तरीके से निष्पादित किया गया. निम्नलिखित मुख्य बिंदु इस परियोजना की **सफलता को रेखांकित करते हैं:** प्री-ब्लॉक तैयारियाँ: विस्तृत योजना और एहतियाती उपायों ने कार्य के निर्बाध निष्पादन को सुनिश्चित किया. ब्लॉक अवधि से पहले प्री-कास्ट आरसीसी बॉक्स और स्लैब सेगमेंट को रणनीतिक रूप से कास्ट और पोजिशन किया गया. पावर और ट्रैफ़िक ब्लॉक का कुशल उपयोग: ब्लॉक अवधि के दौरान, आरसीसी बॉक्स सेगमेंट और स्लैब को रोड क्रेन का उपयोग करके सटीकता के साथ स्थापित किया गया. टीम ने नियमों का पालन किया कड़े सुरक्षा प्रोटोकॉल अपनाए जाएं, जिससे ट्रेन सेवाओं और सड़क यातायात में व्यवधान कम से कम हो.ब्लॉक के बाद का काम पूरा होना: बिना किसी देरी के सामान्य परिचालन को फिर से शुरू करने के लिए स्थापना के तुरंत बाद बहाली गतिविधियाँ की गईं. यह परियोजना लेवल क्रॉसिंग को उन्नत बुनियादी ढाँचे के समाधानों के साथ बदलकर यात्री और वाहन सुरक्षा को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है. एलएचएस का पूरा होना दर्शाता है हावड़ा डिवीजन की प्रतिबद्धता सुरक्षा और परिचालन दक्षता को प्राथमिकता देने की है, साथ ही परियोजना समयसीमा का पालन करना है. वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन, इंजीनियरों की विशेषज्ञता और कार्यबल के अथक प्रयासों ने इस महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सफल और समय पर डिलीवरी सुनिश्चित की है. हावड़ा डिवीजन प्रतिबद्ध है जनता के लिए सेवा और सुरक्षा संवर्द्धन में उत्कृष्टता प्रदान करना.

### पूर्व रेलवे की नई कार्य समय सारणी जारी




**कोलकाता:** पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने मंगलवार को पूर्व रेलवे के मुख्यालय, फेयरली प्लेस, कोलकाता में एक उच्च स्तरीय बैठक में पूर्व रेलवे की नई कार्य समय सारणी जारी की, जो 1 जनवरी से प्रभावी होगी. इस अवसर पर पूर्व रेलवे के अतिरिक्त महाप्रबंधक सुमित सरकार, पूर्व रेलवे के प्रमुख मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक डॉ. उदय शंकर झा और पूर्व रेलवे के अन्य प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे. पूर्व रेलवे की नई समय सारणी में 1 जनवरी से प्रभावी होने वाली इसकी मौजूदा समय सारणी में एक गतिशील और व्यापक अद्यतन शामिल है. इस संशोधन से ट्रेनों के समय में बड़ा सुधार और मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की गति में वृद्धि होगी.

### रेलवे की नई समय सारणी का उद्देश्य एल्गोरिदम में उल्लेखनीय सुधार करना



**कोलकाता :** पूर्व रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक उदय शंकर झा ने आज कोलकाता के ओल्ड कोयलाघाट बिल्डिंग स्थित अपने मीटिंग रूम में पूर्व रेलवे की नई समय सारणी की विशेषताओं के बारे में बताते हुए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जो 01 जनवरी से लागू होगी. इस नई समय सारणी का उद्देश्य ट्रेन चलाने के एल्गोरिदम में उल्लेखनीय सुधार के साथ-साथ मार्ग के अनुकूलन के परिणामस्वरूप यात्रा के समय में उल्लेखनीय कमी लाना है. यात्रा के समय में यह कमी बदले में परिचालन लचीलापन बढ़ाएगी और निकट भविष्य में अधिक ट्रेनों को समायोजित करने का प्रावधान करेगी.प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक श्री झा ने यह भी बताया कि यह सुधार पूरे वर्ष किए गए समर्पित रखरखाव कार्य और पूर्व रेलवे के विभिन्न खंडों में तीसरी/चौथी लाइन के चालू होने का परिणाम है, यात्री तेज और अधिक कुशल ट्रेन यात्रा की उम्मीद कर सकते हैं. बुनियादी ढांचे और पटरियों में सुधार से यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा, जिससे रेल यात्रा और भी आकर्षक विकल्प बन जाएगी. मेल/एक्सप्रेस, पैसेंजर ट्रेनों और लोकल ट्रेनों के समय में बड़े बदलाव के साथ-साथ नई ट्रेनें शुरू करना, डायवर्जन, समय में संशोधन, आवृत्ति में वृद्धि, ट्रेनों का पुनः क्रमांकन आदि को नई समय सारणी में शामिल किया गया है. श्री झा ने यात्रियों से यात्रियों के लाभ के लिए बेहतर सेवाएं बनाए रखने के लिए वैध यात्रा टिकट के साथ यात्रा करने का भी आग्रह किया. नई समय सारणी की मुख्य विशेषताओं में एक नई कृष्णानगर-रानाघाट लोकल और दो हावड़ा-सिंगुर लोकल (एक तारकेश्वर तक और दूसरी हरिपाल तक) का विस्तार शामिल है, जो यात्रियों की उपनगरीय खंड की जरूरतों के अनुरूप है. 42 महत्वपूर्ण मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के समय में काफी कमी की गई है. इसके अलावा, 72 मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की गति बढ़ाई जाएगी, जिससे उनकी यात्रा का समय 05 मिनट घटकर 55 मिनट रह जाएगा और 8 पैसेंजर ट्रेनों (ईएमयू/एमईएमयू/डीईएमयू सहित) की गति बढ़ाई जाएगी, जिससे उनकी यात्रा का समय 06 मिनट घटकर 20 मिनट रह जाएगा. ध्यान देने वाली बात यह है कि 86 पैसेंजर ट्रेनें, 44 डीईएमयू पैसेंजर ट्रेनें और 146 एमईएमयू पैसेंजर ट्रेनें नए नंबर से चलेंगी.

# पश्चिम बंगाल में 2025 की छुट्टियों की सूची जारी

## जानें कब-कब मिलेंगी छुट्टियां

**कोलकाताः** नए साल की दस्तक के साथ ही पश्चिम बंगाल सरकार ने 2025 के लिए सरकारी छुट्टियों की सूची जारी कर दी है. इस सूची में केंद्रीय और राज्य सरकार की छुट्टियों को शामिल किया गया है. इसके अलावा, बैंक और अन्य विशेष छुट्टियों का भी प्रावधान किया गया है. आगामी साल में सरकारी कर्मचारियों और स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों को 50 से अधिक छुट्टियां मिलेंगी.

**दुर्गा पूजा की छुट्टियां रहेंगी खासः** नए साल दुर्गा पूजा की छुट्टियां 21 दिनों तक रहेंगी, जो 26 सितंबर से शुरू होकर चार अक्टूबर तक चलेंगी. हालांकि, कुछ छुट्टियां सप्ताहांत पर पड़ने के कारण लोगों को थोड़ी निराशा हो सकती है.

**मुख्य छुट्टियां:** 01 जनवरी : नववर्ष, 12 जनवरी : स्वामी विवेकानंद जयंती, 23 जनवरी : नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती, 26 जनवरी : गणतंत्र दिवस, 02 फरवरी : सरस्वती पूजा, 14 मार्च : दोलयात्रा, 31 मार्च : ईद-उल-फितर, 06 अप्रैल : रामनवमी, 10 अप्रैल : महावीर जयंती, 15 अप्रैल : बंगाली नववर्ष, 18 अप्रैल : गुड फ्राइडे, 01 मई : मजदूर दिवस, 09 मई : रवींद्रनाथ टैगोर जयंती, 12 मई : बुद्ध पूर्णिमा, 07 जून : ईद-उल-अजहा, 15 अगस्त : स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी, 21 सितंबर : महालया, 02 अक्टूबर : गांधी जयंती, 20 अक्टूबर : काली पूजा, 25 दिसंबर : क्रिसमस. राज्य सरकार ने इन मुख्य छुट्टियों के अलावा कई अतिरिक्त छुट्टियां भी जोड़ी हैं. इनमें शामिल हैं: सरस्वती पूजा के अगले दिन (03 फरवरी), शबे बारात और पंचानन बर्मा जयंती (14 फरवरी), शिवरात्रि (26 फरवरी), हुल दिवस (30 जून), रथयात्रा (27 जून), राखी बंधन (09 अगस्त), बिरसा मुंडा जयंती (15 नवंबर)

**बैंक और विशेष समुदायों के लिए छुट्टियां:** बैंक कर्मचारियों के लिए एक अप्रैल को विशेष अवकाश रहेगा. साथ ही, सिख समुदाय के प्रकाश पर्व (06 जनवरी), गुरु रविदास जयंती (12 फरवरी), और ईस्टर शनिवार (19 अप्रैल) के लिए भी छुट्टियां दी गई हैं.

**सार्वजनिक जीवन पर प्रभावः** इन छुट्टियों के माध्यम से लोग अपने परिवार के साथ समय बिता सकेंगे और धार्मिक त्योहारों को उत्साह से मना सकेंगे. यह सूची सरकारी कर्मचारियों और आम जनता के लिए पहले से अपनी योजनाएं बनाने में मददगार साबित होगी.

# मां, माटी और मानुष के लिए समर्पित रहूंगी : मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नव वर्ष की पूर्व संध्या पर प्रदेशवासियों को धन्यवाद देते हुए एक भावुक संदेश जारी किया. उन्होंने ट्वीट करते हुए मां, माटी और मानुष के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और राज्य की जनता को आने वाले साल के लिए आश्वासन दिया कि तृणमूल कांग्रेस नई उम्मीदों और उजाले के साथ उनके साथ खड़ी रहेगी. ममता बनर्जी ने अपने संदेश में 2024 को चुनौतियों और उपलब्धियों का साल बताया. उन्होंने कहा कि राज्य की जनता का विश्वास और समर्थन उनके लिए शक्ति का मुख्य स्रोत है. उन्होंने लिखा, मां, माटी और मानुष ही हमारी ताकत हैं. आप सभी के विश्वास और सहयोग के




बिना यह साल संभव नहीं होता. मुख्यमंत्री ने अपने ट्वीट में कहा कि इस साल की मुश्किलों और सफलताओं ने उन्हें और भी मजबूत बनाया है. उन्होंने जनता के प्यार और समर्थन के लिए हाथ जोड़कर आभार व्यक्त किया और इसे अविस्मरणीय वर्ष करार दिया.

**न्याय और समानता का वादा :** ममता बनर्जी ने नए साल की शुरुआत से पहले जनता के प्रति अपनी सेवा और समर्पण की भावना को दोहराते हुए कहा कि नए साल में मैं न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के आदर्शों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हूं. मैं हमेशा आपके साथ रहूंगी और आपकी रक्षा करूंगी.

**'जय बांग्ला' का नारा :** अपने संदेश के अंत में मुख्यमंत्री ने जय बांग्ला का नारा लगाते हुए बंगाल की जनता के लिए नए सपनों और उम्मीदों का आह्वान किया. साथ ही, उन्होंने एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें मां, माटी और मानुष के प्रति उनकी निष्ठा और जनता के लिए उनके विकास कार्यों को दर्शाया गया है. मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि तृणमूल कांग्रेस राज्य की जनता के हितों के लिए लगातार काम करती रहेगी. उन्होंने कहा कि 2025 का आगमन बंगाल के लिए नई संभावनाओं और विकास के दरवाजे खोलेगा.

# बांग्लादेश के जेल में बंद सुंदरबन के 95 मछुआरें होंगे रिहा

**कोलकाता :** सुंदरबन के 95 मछुआरों को बांग्लादेश की जेल से रिहा किया जाएगा. लगभग तीन महीने के बाद बांग्लादेश की जेल से ये मछुआरे रिहा किये जायेंगे. साथ ही 6 ट्रॉलरों को बांग्लादेश वापस करेगा



लगभग तीन महीने पहले, बांग्लादेश तट रक्षक ने बांग्लादेश के क्षेत्रीय जल में प्रवेश करने के लिए बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के काकद्वीप से छह ट्रॉलरों को हिरासत में लिया था. उन ट्रॉलरों में 95 मछुआरे थे. सभी को गिरफ्तार कर लिया गया. बांग्लादेश के गृह मंत्रालय के सार्वजनिक सुरक्षा विभाग के उप सचिव लुत्फुन नाहर ने एक अधिसूचना में घोषणा की कि अंतरिम सरकार ने समुद्री मत्स्य पालन अधिनियम, 2020 के तहत 95 लोगों के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने का फैसला किया है. ढाका ने हिरासत में लिए गए छह ट्रॉलरों को वापस करने का भी फैसला किया है. बांग्लादेश में काकद्वीप के मछुआरों की गिरफ्तारी की जानकारी मिलने के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन्हें भारत वापस लाने के लिए कार्रवाई करने की बात कही है. राज्य की ओर से केंद्र सरकार का भी ध्यान आकृष्ट कराया गया.. मुख्यमंत्री कार्यालय ने मछुआरों के परिवार के सदस्यों का हाल जानने के लिए काकद्वीप विधायक मोंटूराम पाखिरा को फोन किया था. उधर, गृह मंत्रालय की ओर से भारत में फंसे 90 बांग्लादेशी मछुआरों को रिहा करने की तैयारी की जा रही है.

# ज्ञान मार्ग राजमार्ग है, जहां सावधानी जरूरी : कमल नयन महाराज



**युवा शक्ति न्यूज /कोलकाता:** श्रीमद् भागवत् कथा मर्मज्ञ कमल नयन महाराज (वृन्दावन) के मुखारबिन्द से कांकुड़गाछी के नया हरियाणा भवन में 25 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक श्रीमद् भागवत् कथा ज्ञान यज्ञ का आज समापन हुआ. कथा दोपहर 2.00 बजे से 5.00 बजे तक चली. आज कमल नयन महाराज ने कथा वाचन करते हुए कहा कि आप भाग्याशाली हैं कि साल का समापन इस तरह के कथा श्रवण से हो रहा है. उन्होंने बताया कि नये साल में सिंगापुर में कथा का वाचन होगा. उन्होंने ज्ञान मार्ग को हाइवे कहा, जिसपर सावधानी जरूरी है. उन्होंने कहा कि यह शरीर पंचतत्वों - क्षिति, जल, पावन गगन और समीर से बना है और पंच तत्व में ही विलीन हो जाता है. उन्होंने कोलकाता के श्रोताओं की प्रशंसा की. उन्होंने कामना की सभी भक्तों को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति हो. उल्लेखनीय है 1 जनवरी को सुबह हवन, दोपहर को मंगल पाठ और महाप्रसाद का वितरण होगा. मंगल पाठ के रचयिता रवींद्र केजरीवाल रवि हैं और इसका पाठ रामअवतार अग्रवाल (मुम्बई) और अनिल शर्मा (कोलकाता) के मुखारबिंद से किया जायेगा.

# तेलेंगा बागान में बेकाबू बस की टक्कर में महिला की मौत

## भीड़ का गुस्सा फूटा, पुलिस से भिड़े लोग, कई वाहनों में तोड़फोड़

**कोलकाता :** साल के आखिरी दिन खन्ना के पास तेलेंगा बागान में उल्टाडांगा इलाके में मंगलवार सुबह 11 बजे के लगभग एक बेकाबू बस ने सिग्नल तोड़कर एक महिला को कुचल दिया. उक्त घटना के बाद ही लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और उत्तेजित भीड़ ने घटना को अंजाम देने वाली बस हित कई बसों में तोड़फोड़ कर हंगामा खड़ा किया. घटना स्थल पर पहुंची पुलिस को भी उग्र भीड़ का सामना करना पड़ा. घायल महिला को आरजी कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना स्थल पर हमारे संवाददाता को स्थानीय लोगों ने बताया कि घायल महिला की मौत हो गई. हादसे में महिला की पेट की अंतड़िया तक बाहर निकल गई थी. उक्त महिला होटल



चलाती थी और वह सड़क पार कर अपने अपने होटल में जाने के लिए सड़क पार कर रही थी की एल 238 रूट की बस ने उन्हें रौंद दिया. लोगों ने दावा किया कि महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त घटना दो बसों के एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में घटी. इसी दौरान एक बस ने सिग्नल तोड़कर सड़क पार कर रही महिला को कुचल दिया. स्थानीय लोगों ने तुरंत महिला को खून से लथपथ हालत में अस्पताल पहुंचाया. वाहनों में तोड़फोड़ के दौरान इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और यातायात पूरी तरह बाधित हो गया. खबर है कि गुस्साई भीड़ ने पुलिसकर्मियों पर भी हमला कर दिया. स्थानीय लोगों का आरोप है कि बस चालकों की लापरवाही और ट्रैफिक पुलिस की ढिलाई के कारण इस तरह की घटनाएं बार-बार हो रही हैं. लोगों ने कहा कि बसों की तेज रफ्तार और सिग्नल तोड़ने की घटनाएं आम हो गई हैं. ट्रैफिक पुलिस की निगरानी में कमी के चलते ऐसे हादसे बार-बार होते रहते हैं. हालांकि, पुलिस ने लोगों को सख्त कार्रवाई का आश्वासन देकर स्थिति को शांत किया. घटना के बाद स्थानीय लोग प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग कर रहे हैं ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके.

# डकैती के लिए एकत्र हुए चार बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## बीस लाख रुपये समेत डकैती में इस्तेमाल होने वाले हथौड़ा, लोहा सहित कई सामान बरामद

**कोलकाता :** डकैती के लिए एकत्र हुए चार बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. उनके पास से बीस लाख रुपये समेत डकैती में इस्तेमाल होने वाले हथौड़ा, लोहा सहित कई सामान बरामद किये गये. बताया जाता है अंडाल के काजी नजरूल इस्लाम एयरपोर्ट की सड़क पर एक चार पहिया वाहन खड़ा था. पुलिस को शक था कि बदमाश कार लूटने के इरादे से खड़े थे. इसके बाद कार की तलाशी ली गयी. तलाशी के दौरान कार से बीस लाख रुपये नकद बरामद किये गये. इसके साथ ही चार मोबाइल फोन समेत चोरी के कई सामान जब्त किये गये. इसके बाद उनलोगों को गिरफ्तार कर लिया गया. गिरफ्तार अपराधियों में बीरभूम के नलहटी थाना के सागर यादव अंडाल थाना क्षेत्र के काजोरा कोलियरी इलाके के राकेश कुमार नुनिया, प्रिंस बिश्वकर्मा और अविनाश कुमार नुनिया शामिल हैं. आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के एसीपी अंडाल पिंटू साहा ने कहा, बदमाशों ने डकैती के मकसद से एयरपोर्ट के सामने एक लग्जरी कार इकट्ठा की थी. अंडाल थाने की पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया. कार से बीस लाख रुपये बरामद किए गए. कई सामान बरामद हुए हैं. चोरी में इस्तेमाल किया गया सामान बरामद कर लिया गया. इतना सारा पैसा कहां से आया? गिरफ्तार लोगों को पुलिस हिरासत में ले कर उनसे पूछताछ करेगी.

# श्री बड़ाबाजार लोहापट्टी सेवा समिति ने शालीमार पीटीआर साईडिंग में बाँटे कंबल



**युवा शक्ति न्यूज**

**कोलकाता:** श्री बड़ाबाजार लोहा पट्टी सेवा समिति ने बीते शुक्रवार से लगातार आयोजित किये जा रहे अपने कंबल वितरण कार्यक्रम के अन्तर्गत मंगलवार को शालीमार पीटीआर साईडिंग में ज़रूरतमंद लोगों के बीच कंबल बाँटे. कंबल वितरण समारोह में पहुँचे आसनसोल के पूर्व मेयर जितेंद्र तिवारी ने संस्था के आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि आम व्यक्तियों की जरुरत को नज़र में रखना और समय पर उसे पूरा करना आपकी बड़ी सोच को दर्शाता है. सेवा का यह यज्ञ आगे भी ऐसे ही चलता रहे, मेरी ओर से आपकी संस्था के लिए यही शुभकामना है. मौके पर उपस्थित पूर्व पार्षद प्रदीप तिवारी, विशिष्ट सामाजिक कार्यकर्ता रमेश कुमार तिवारी, अनूप तिवारी (झब्बू), लक्ष्मण तिवारी, विश्वनाथ तिवारी, लल्लन सिंह, सुभाष झा, मंजू सिंह, संतोष सिंह आदि ने भी समिति के सेवा कार्यों की तारीफ की और कहा- सेवा के क्षेत्र में बराबर सक्रिय रहना ही बड़ी बात है. समिति अध्यक्ष दिनेश कुमार बिहानी ने सबका आभार जताते हुए कहा कि सबका साथ मिल रहा है. इसलिए ही सेवा का यह यज्ञ भी बराबर चल रहा है. उपाध्यक्ष दिनेश कुमार कालानी ने बताया कि आज भी लगभग 300 जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल बांटे गये. आयोजन को सफल बनाने में राजीव सिंघी, सुशील अग्रवाल, संजय जैन, राघव कलानी आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

# गांवों में नहीं जाने पर एसआर का वेतन बंद करेगी सरकार, जारी की अधिसूचना

**कोलकाता :** राज्य सरकार की ओर से अधिसूचना जारी किया गया है कि एसआर एक निश्चित अवधि तक गांवों में चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने नहीं जाते हैं, तो उनका वेतन रोक दिया जाएगा. नवान्न के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने 23 दिसंबर को इस संबंध में आदेश जारी किया. राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों के लेखा पदाधिकारियों को स्पष्ट कहा गया है, 'यदि बांड सेवा डॉक्टर निर्धारित समय पर जिला, महकमा, राज्य सामान्य या ग्रामीण अस्पतालों में नहीं जाते हैं, तो उनका भत्ता रोक दिया जाना चाहिए. ' यानी एसआर को तीन साल की बॉन्ड सर्विस के लिए मिलने वाला भत्ता, जो 65,000 से 75,000 रुपये प्रति माह है, बंद हो जाएगा. स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत कार्यरत सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों की संख्या 1 हजार 100 से अधिक है. उनके मामले में नया आदेश लागू किया जा रहा है. स्वास्थ्य विभाग के एक शीर्ष सूत्र ने कहा, इसके बाद यदि एसआर बांड सेवा के नियमों के तहत जनहित के लिए गांवों में नहीं जाते हैं, तो भत्ता बंद कर दिया जायेगा.

## एडीआर रिपोर्ट के बाद डेरेक ने कहा

# ममता की कहानी कोई साधारण बात नहीं

**नई दिल्ली/कोलकाताः** एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को सबसे कम संपत्ति वाली मुख्यमंत्री बताए जाने के बाद उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने मंगलवार को कहा कि ममता की कहानी कोई साधारण कहानी नहीं है. तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ ब्रायन ने एक बयान में कहा, ममता बनर्जी का जीवन सिर्फ भारतीय या एशियाई मानदंडों के हिसाब से ही अनुकरणीय नहीं है. कोलकाता की एक गली में अपने साधारण घर से करुणा के साथ निस्वार्थ सार्वजनिक सेवा का उनका रिकॉर्ड ऐसा है जिसकी बराबरी दुनिया में कोई भी लोक सेवक नहीं कर सकता. उनकी कहानी कोई साधारण कहानी नहीं है - 100 सालों में एक बार ही ऐसा होता है. एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू 931 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति के साथ भारत के सबसे अमीर मुख्यमंत्री



हैं, जबकि ममता बनर्जी सिर्फ 15 लाख रुपये की संपत्ति के साथ सबसे कम संपत्ति वाली मुख्यमंत्री हैं. एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा सोमवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है. अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू 332 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति के साथ दूसरे सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं वहीं कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया 51 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति के साथ सूची में तीसरे स्थान पर हैं. जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला 55 लाख रुपये की संपत्ति के साथ सबसे कम संपत्ति के मामले में दूसरे मुख्यमंत्री हैं, जबकि केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन 1.18 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ तीसरे सबसे कम संपत्ति वाले मुख्यमंत्री हैं.

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-21-2024-25, दिनांक 27.12.2024;** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी, सियालदह, पूर्व रेलवे, कंट्रोल बिल्डिंग, पहली मंजिल, डीआरएम कार्यालय, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सं.: ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-21-2024-25, कार्य का नामः** दमदम जंक्शन-बारासात जंक्शन - दमदम-बारासात अनुभाग में ओएचई सम्पत्तियों के पुनरुद्धार के संबंध में 25 केवी ओएचई एवं सम्बद्ध विद्युतीय कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 18,38,07,466; **बयाना राशिः** रु. 10,69,000; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य। **समापन अवधिः** स्वीकृति पत्र जारी करने की तारीख से 24 (चौबीस) महीने। **बंद होने की तारीखः** 31.01.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा सूचना का विवरण तथा समय-समय पर जारी संशोधनी वेबसाइट **www. ireps. gov.in** पर उपलब्ध है।

**(SDAH-296/2024-25)**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

# स्टार थिएटर का नाम बदलने को लेकर देव और रुक्मिणी ने मुख्यमंत्री को कहा धन्यवाद

**कोलकाताः** कोलकाता के मशहूर स्टार थिएटर का नाम बदलकर 'बिनोदिनी थिएटर' करने के फैसले के बाद बंगाली फिल्म जगत में खुशी की लहर है. अभिनेता देव और अभिनेत्री रुक्मिणी मैत्रा ने इस बदलाव के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का आभार व्यक्त किया है.रुक्मिणी ने सोशल मीडिया पर अपनी आगामी फिल्म 'बिनोदिनी - एक नटी की कहानी' का पोस्टर साझा करते हुए लिखा, दिदी, 140 सालों से एक महिला के संघर्ष को सम्मान देने के लिए धन्यवाद. एक महिला होकर आपने दूसरी महिला को जो सम्मान दिया है, उसके लिए शब्द नहीं हैं. यह केवल बिनोदिनी की नहीं, बल्कि बंगाल की अनगिनत महिलाओं की जीत है.सुपरस्टार देव ने भी सोशल मीडिया पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए लिखा, विश्वास और



वादा निभाने के लिए धन्यवाद. स्टार थिएटर अब बिनोदिनी थिएटर है. मैं बेहद खुश हूं.रुक्मिणी की यह फिल्म प्रसिद्ध अभिनेत्री बिनोदिनी दासी के जीवन पर आधारित है, जिन्होंने 19वीं सदी में मंचीय अभिनय को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया. इस फिल्म का निर्देशन रामकमल मुखोपाध्याय ने किया है. फिल्म में बिनोदिनी की भूमिका रुक्मिणी निभा रही हैं, जबकि गिरीश घोष के किरदार में कौशिक गांगुली नजर आएंगे.वर्तमान में देव की फिल्म 'खदान' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है. एक्शन और मनोरंजन से भरपूर इस फिल्म ने लंबे समय बाद बंगाली सिनेमा में नया जोश भरा है. अब दर्शकों को जनवरी में रिलीज होने वाली 'बिनोदिनी - एक नटी की कहानी' का बेसब्री से इंतजार है.

## दमदम में शराब के लिए पैसे न देने पर हमला, 48 घंटे में चार गिरफ्तार

**कोलकाताः** दमदम के मधुगढ़ इलाके में शराब के लिए पैसे न देने पर दो युवकों के साथ बेरहमी से मारपीट का मामला सामने आया है. पुलिस ने घटना के 48 घंटे के भीतर चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है. हालांकि, कई आरोपित अभी भी फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है. शनिवार देर रात श्रीयतम चटर्जी और सनी सिंह अपने कार्यालय से घर लौट रहे थे. तभी रास्ते में कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया और शराब के लिए पैसे मांगे. पैसे न देने पर आरोपितों ने रिवॉल्वर की बट, लोहे की रॉड, हॉकी स्टिक और ईंट से दोनों पर हमला कर दिया. इस हमले में श्रीयतम की आंखों को गंभीर चोट लगी, जिससे उनकी दृष्टि को नुकसान पहुंचने की आशंका है. इस मामले में दक्षिण दमदम नगरपालिका के वार्ड नंबर 13 के पूर्व पार्षद प्रवीर पाल के गुंडों का नाम सामने आया है.

# बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा के लिए कोलकाता में इस्कॉन भक्तों की प्रार्थना

**कोलकाता :** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों और धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए मंगलवार को कोलकाता में अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) के भक्तों ने प्रार्थना सभा का आयोजन किया. यह प्रार्थना सभा शेख हसीना सरकार के पतन के बाद वहां हिंदुओं पर लगातार हो रही बर्बरता के खिलाफ आयोजित की गई. इस्कॉन कोलकाता के प्रवक्ता राधारमण दास के नेतृत्व में सैकड़ों भक्तों ने अल्बर्ट रोड केंद्र पर 'हरे कृष्ण' महामंत्र का जाप और भजन-कीर्तन किया. इन भक्तों ने हाथों में पोस्टर और बैनर लेकर बांग्लादेश के हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की. बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक, जो वहां की 17 करोड़ की आबादी का मात्र आठ प्रतिशत हैं, अगस्त पांच को शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के पतन के बाद से लगातार हमलों का शिकार हो रहे हैं. रिपोर्ट्स के अनुसार, बांग्लादेश के 50 से अधिक जिलों में सैकड़ों हमले हो चुके हैं.

**मठाधीश और भिक्षुओं की रिहाई की मांग :** इस्कॉन ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से कट्टरपंथियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और अल्पसंख्यकों के बीच विश्वास बहाली के लिए कदम उठाने की मांग की. इसके अलावा, बांग्लादेश में गिरफ्तार हिंदू आध्यात्मिक नेता चिन्मय कृष्ण दास और अन्य भिक्षुओं की रिहाई की भी अपील की गई. गिरफ्तार चिन्मय कृष्ण दास को दो जनवरी को बांग्लादेश की अदालत में पेश किया जाएगा. इस्कॉन भक्तों ने उनके प्रति समर्थन जताते हुए उनकी तत्काल रिहाई की मांग की है. भक्तों ने कहा कि यह प्रार्थना सभा न केवल बांग्लादेश के हिंदुओं के लिए सहानुभूति व्यक्त करने का प्रयास है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित करने का भी प्रयास है.

**आपकी वेदना, हमारी संवेदना**

**युवा शक्ति** समाचार पत्र
उठावना का विज्ञापन
मात्र 1500 रुपये में
प्रकाशित करता है
(साइज 12X8)

सम्पर्क :
मो. : 9163215055, 9831494084
www.yuvashakti.news.com
email : yuvashakti@hotmail.com

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा सूचना संख्या: ई-टेंडर/2024/39, दिनांक: 30.12.2024।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (अभियांत्रिकी), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 निम्नलिखित कार्यों के लिए मदों के सामने उल्लिखित तारीख को **अपराह्न 3:00 बजे** से पहले ई-निविदा आमंत्रित करते हैं और निविदा **अपराह्न 3:30 बजे** खोली जाएगी। **क्रम संख्या-1। निविदा सं.: ई-केजीपी-वेस्ट-39-2024। कार्य का विवरण:** एडीईएन/झाड़ग्राम के अधिकार क्षेत्र के अधीन 30.9.2025 तक की अवधि के लिए खड़गपुर-टाटानगर खंड में किमी. 128 से किमी. 233.20 तक विविध पी.वे (जोनल)/ट्रैक कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 9,73,47,351.92। **बयाना राशि:** ₹ 6,36,700। **क्रम संख्या-2। निविदा सं.: ई-केजीपी-साउथ-49-2024। कार्य का विवरण:** वरिष्ठ डीईएन/दक्षिण/खड़गपुर के अधीन खड़गपुर-भद्रक खंड के बीच कई समपार सड़कों की मरम्मत। **निविदा मूल्य :** ₹ 1,97,09,718.12। **बयाना राशि:** ₹ 2,48,600। **क्रम संख्या-3। निविदा संख्या: ई-केजीपी-साउथ-50-2024। कार्य का विवरण:** एडीईएन/बालासोर के अधिकार क्षेत्र के अधीन बेतनटी-बारीपदा-बांगरीपोसी खंड में पाइलिंग के साथ सेस की मरम्मत। **निविदा मूल्य:** ₹ 4,85,39,245.70। **बयाना राशि:** ₹ 3,92,700। **क्रम संख्या-4। निविदा संख्या: ई-केजीपी-साउथ-51-2024। कार्य का विवरण:** एडीईएन/बालासोर के अधीन रूपसा-रानीताल खंड में हल्दीपाड़ा, नीलगिरि रोड, बाहानगा बाजार, मारकोना प्लेटफॉर्म पर पाइप लाइन कार्य के साथ डीप ट्यूब वेल, हैंड ट्यूब वेल और टैंक स्टेजिंग का प्रावधान और पंप हाउस का निर्माण (तृतीय बुलावा)। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,44,68,982.39। **बयाना राशि:** ₹ 2,22,400। **क्रम संख्या-5। निविदा संख्या: ई-केजीपी-साउथ-52-2024। कार्य का विवरण:** एडीईएन (दक्षिण)/खड़गपुर के अधीन खड़गपुर मंडल के खड़गपुर-रूपसा खंड में मौजूदा पाइप वाले पुलों (10 अदद) को बदलना (5वां बुलावा)। **निविदा मूल्य:** ₹ 4,82,92,883.82। **बयाना राशि:** ₹ 3,91,500। **क्रम संख्या-6। निविदा संख्या: ई-केजीपी-एचक्यू-44-2024। कार्य का विवरण:** (i) पांसकुड़ा-हल्दिया और तमलुक-दीघा खंड में बल्ला पाइलिंग और सब-बैंक प्रदान करके ढलान/टो विफलता की संभावना वाले तटबंधों को मजबूत करना और (ii) एडीईएन/तमलुक के अधिकार क्षेत्र के अधीन पांसकुड़ा-हल्दिया खंड में सेस- 45507 मीटर का चौड़ीकरण, मजबूतीकरण और सुधार/स्थिरीकरण। **निविदा मूल्य:** ₹ 14,31,47,669.37। **बयाना राशि:** ₹ 8,65,700। **क्रम संख्या-7। निविदा संख्या: ई-केजीपी-एचक्यू-45-2024। कार्य का विवरण:** एडीईएन/तमलुक के अधिकार क्षेत्र के अधीन पांसकुड़ा-हल्दिया और तमलुक-दीघा खंड में 10208 मीटर तटबंध और कैनवास नाले का मज़बूतीकरण। **निविदा मूल्य:** ₹ 29,21,62,779.82। **बयाना राशि:** ₹ 16,10,800। **क्रम संख्या-8। निविदा संख्या: ई-केजीपी-ईस्ट-55-2024। कार्य का विवरण:** डीईएन/पूर्व/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन शालीमार स्टेशन पर 60 शय्या वाले एक नए रनिंग रूम के निर्माण कार्य का सम्पादन। **निविदा मूल्य:** ₹ 3,31,24,165.26। **बयाना राशि:** ₹ 3,15,600। **क्रम संख्या-9। निविदा संख्या: ई-केजीपी-ईस्ट-56-2024। कार्य का विवरण:** खड़गपुर मंडल के लिए पीएसआर को हटाने हेतु अंतिम स्थान सर्वेक्षण करने के कार्य का सम्पादन। **निविदा मूल्य:** ₹ 50,98,663.64। **बयाना राशि:** ₹ 1,02,000। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ 0 (क्रम संख्या 1 से 9 प्रत्येक के लिए)। **खुलने की तारीख:** 16.01.2025 (क्रमांक 1 के लिए), 15.01.2025 (क्रमांक 2 से 4 प्रत्येक के लिए), 22.01.2025 (क्रमांक 5 के लिए), 13.01.2025 (क्रमांक 6 के लिए), 17.01.2025 (क्रमांक 7 के लिए) और 09.01.2025 (क्रमांक 8 और 9 प्रत्येक के लिए)। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 09 महीने (क्रमांक 1 और 8 प्रत्येक के लिए), 12 महीने (क्रमांक 2 से 6 प्रत्येक के लिए), 18 महीने (क्रमांक 7 के लिए) और 06 महीने (क्रमांक 9 के लिए)। **बोली शुरू होने की तारीख:** 02.01.2025 से 16.01.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक (क्रमांक 1 के लिए), 01.01.2025 से 15.01.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक (क्रमांक 2 से 4 प्रत्येक के लिए), 08.01.2025 से 22.01.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक (क्रमांक 5 के लिए), 30.12.2024 से 13.01.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक (क्रमांक 6 के लिए), 03.01.2025 से 17.01.2025 को अपराह्न 5.00 बजे तक (क्रमांक 7 के लिए) एवं 26.12.2024 से 09.01.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक (क्रम संख्या 8 और 9 प्रत्येक के लिए)। निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरा/स्पेसिफिकेशन के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इन कार्यों के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी । **वि.द्र.:** सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए भावी बोलीदाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं। **(PR-962)**

## न्यूज़ कॉर्नर

### नवयुवक स्पोर्टिंग क्लब ने किया रक्तदान शिविर आयोजित ,साथ ही लगाया स्वास्थ्य शिविर



**कोलकाता :** विगत 12 वर्षों से चली आ रही नवयुवक स्पोर्टिंग क्लब के द्वारा रक्तदान शिविर एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन इस बार भी 13 वें साल मे भव्य रूप से किया गया.जिसमे 80 रक्तदाताओं ने अपना रक्तदान किया और साथ ही 301 व्यक्तियों के नेत्र जांच भी की गयी आज के इस कार्यक्रम में उपस्थित हुऐ लेफ्टिनेंट कर्नल श्री राजीव कुमार बल जी संस्था के अध्यक्ष एस एस जी जी हसनैन ,पार्षद बिश्वरूप दे जी, पार्षद महेश शर्मा जी, रोटेरी क्लब के अजय बलदेवा जी, शिबू ककरानिया जी,युवा नेता रोहित पाठक जी, शिवराज बाल्मिकी जी, यशराज सिंह जी, सुनील कठ्ठा जी, युवा नेता विकास सिंह जी, सनी सिंह जी, सोनू चौरसिया जी, महासचिव राकेश सिंह ( भोला ) जी उपस्थित रहे.कार्यक्रम को सफल बनाने मे विकास प्रताप सिंह, विकास सिंह ( बीरू ) दिलीप सिंह, रिंकू सिंह, राजा महतो, बिस्वजीत, सोनू साव, सतीश सिंह, ऋतिक सिंह, संजय चौरसिया एवं तमाम सदस्यों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया .जिससे कार्यक्रम भव्य रूप से सफल हुआ. नवयुवक स्पोर्टिंग क्लब के उपाध्यक्ष शम्मी तिवारी ने रक्तदान शिविर में आये सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया..और रक्त दाताओं को धन्यवाद दिया.

### मानवता के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर



**कोलकाता :** . / सर्दियों के दौरान मानिकतला पंक / पश्चिम बंगाल समाचार पीए वेंडर एसोसिएशन (मानिकतला शाखा) रविवार - 29 दिसंबर - 2024 को दोपहर 3 बजे विश्व और मानवता के लिए रक्तदान और स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करेगा. इस समारोह में विभिन्न समाचार मीडिया के प्रतिनिधियों, शुभचिंतकों, समाचार मीडिया विक्रेताओं, मित्रों, उनके परिवारों, समाज के प्रमुख लोगों और राजनीतिक हस्तियों को इस सामाजिक कल्याण कार्यक्रम की उज्ज्वल उपस्थिति से सम्मानित किया जाएगा. / स्थान मानिकतला बाज़ार / निकटवर्ती चौराहे का चौराहा. रक्तदान करने वाले महिला एवं पुरुषों की कुल संख्या- 51 लोगों ने रक्तदान किया. विस्थिता सीएए पत्रकार प्रयो प्यो चटर्जी, भोला नाथ पाल, (संयोजक गृह शिक्षक श्यामल कुमार बसाक,) - (अध्यक्ष - राज कुमार सिंह, ) मीना देवी सिंह, रक्त डॉन उत्सव समिति - तपन प्रमाणिक, समाजसेवी प्रदीप डे, सालटू दा की ओर से , विश्वनाथ मुखर्जी, प्रशांतो प्रमाणिक, राम दत्तो, समीर मुखर्जी, इस रक्तदान शिविर में बिष्टु दत्तो, राजू कुंडु, संजय सिंह, विश्वास घोष, राजू कुंडु, विमान घोष, संजय कुंडु, जयोंत दा, सुकुमार दा समेत कई लोग मौजूद थे.

### दुर्गापुर स्टील फैक्ट्री द्वारा अधिग्रहित खाली जमीन में लगी भयावह आग , जाँच में जुटी पुलिस

**दुर्गापुर:** देशबंधु नगर और सीआर दास एवेन्यू के दुर्गापुर स्टील फैक्ट्री द्वारा अधिग्रहित खाली जमीन पर डीएसपी अधिकारियों ने व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया है. इस खाली मैदान में कभी फुटबॉल और क्रिकेट खेल का आयोजन किया जाता था. कई वर्षों से उस मैदान में ईद की नमाज अदा की जाती है. वर्तमान में शाम के समय इस मैदान में कई चलती-फिरती खाने-पीने की दुकानें लगती हैं. कल देर रात इस खाली मैदान में अचानक भयभाव आग लग गयी. आग किस कारण लगी? इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है. यहां उस मैदान में किसी व्यक्ति ने ढेर सारी प्लास्टिक की थैलियां रखी हुई थीं. अचानक उसमें आग लग गई. लेकिन इतनी सारी बोरियां यहाँ क्यों हैं? इन प्लास्टिक की बोरियों में राज्य के स्वामित्व वाली फैक्ट्री की विभिन्न सामग्रियां आती हैं. इतनी बड़ी मात्रा में बोरियां यहाँ क्यों छिपाई गईं? इतनी भारी मात्रा में बोरियां किसके पास थीं? पुलिस मौके पर पहुंची, अग्निशमन विभाग की एक गाड़ी आई. लेकिन क्या पुलिस को पता है कि इतनी भारी मात्रा में बोरियां किसकी हैं? अग्निशमन विभाग के प्रयास से आग तो बुझ गई, लेकिन पुलिस इस बात की जांच करेगी कि इतनी सारी बोरियां यहां क्यों रखी गई थीं, क्या सच सामने आएगा?

### जंगली सूअर के हमले में सातवीं कक्षा का छात्र गंभीर रूप से घायल

**मालदा :** आम के बगीचे में फुटबॉल खेलने के दौरान जंगली सूअर के हमले में सातवीं कक्षा का छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल छात्र के कुछ साथी पेड़ों पर चढ़ गये या भाग गये. लेकिन सातवीं कक्षा का छात्र शेख यासीन (14) बच नहीं सका और किशोर यासीन पर जंगली सूअर ने हमला कर दिया. जंगली सूअर ने उसके छाती, हाथ और सिर पर धावा बोला. उसके छाती में दस और शरीर के सभी हिस्सों में 16 टांके लगे हैं. इधर यह घटना सुनते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत लाठी-डंडे लेकर जंगली सूअर को खदेड़ा. जब घायल छात्र को बचाया गया और मानिकचक अस्पताल ले जाया गया, तो ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने उसकी हालत गंभीर होने के कारण उसे मालदा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल रेफर कर दिया. फिलहाल घर लाए जाने के बाद भी वह बीमार है.घटना के बारे में पता चला कि मालदा के मानिकचक ब्लॉक के इनायतपुर इलाके के मोहना गांव निवासी शेखपुरा हाई मदरसा के सातवीं कक्षा का छात्र शेख यासीन अपने दोस्तों के साथ घर के पीछे आम के बगीचे में फुटबॉल खेलने गया था. आरोप है कि जब किसी ने जंगली सूअर का पीछा किया तो जंगली सूअर दौड़कर आया और शेख यासीन पर हमला कर दिया. लेकिन कुछ दोस्त पेड़ पर चढ़ जाते हैं और कुछ भाग जाते हैं. लेकिन वह यासीन शूकर की दौड़ के साथ टिक नहीं सका. तभी सुअर ने उस पर हमला कर दिया.

### दो डम्पर में भीषण टक्कर, युवक की मौत

**नवादा :** नवादा में मंगलवार को दो डम्पर की टक्कर में एक युवक की मौत पूरे परिवार को सदमे में डाल दिया है. मौत के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है. नवादा रजौली एनएच 20 पर रजौली टोल प्लाजा के समीप डंपर ने खड़े डंपर में जोरदार टक्कर मार दी. जिससे डंपर सवार चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. मृतक की पहचान जमुई जिले के गढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरोजा गांव निवासी प्रसादी यादव के 30 वर्षीय पुत्र विनोद यादव के रूप में हुई है. वह डम्पर चालक के रूप में कई दिनों से काम कर रहे थे और वैशाली से कोडरमा डंपर लेकर फ्लाई ऐश लेने जा रहे थे. इसी दौरान बीच में खड़े डंपर में जोरदार टक्कर मार दी. जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई. आसपास मौजूद रहे अन्य डम्पर चालकों ने उसकी पहचान की और उसके परिजनों को इस घटना की सूचना दी. फिलहाल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया है.वहीं तुरंत स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई और फिर मृतक की शव को बाहर निकाल कर सरकारी अस्पताल में लाकर रखा गया. जहां डॉक्टर के द्वारा मृत घोषित कर दिया गया है. घटना के बाद गुलशन कुमार को स्थानीय लोगों ने सूचना दी थी जिसके बाद आगे की कार्रवाई की गई है.

# सिलीगुड़ी में कड़े इंतजाम, 700 अतरिक्त पुलिस सुरक्षा में तैनात

**सिलीगुड़ी :** सिलीगुड़ी सहित देशभर में 2024 की विदाई और 2025 के आगमन की धूम है. सिलीगुड़ी में न्यू ईयर ईव पर पुलिस और प्रशासन ने कड़े इंतजाम किए हैं. सिलीगुड़ी मेट्रोपोलिटन पुलिस ने इस जश्न को देखते हुए मंगलवार की शाम से सड़कों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किए जाएंगे. शहर में 700 अतरिक्त पुलिसकर्मियों को तैनात रखा जायेगा. इसकी जानकारी सिलीगुड़ी मेट्रोपोलिटन पुलिस के डीसीपी विश्वचांद ठाकुर ने दी.डीसीपी विश्वचांद ठाकुर ने कहा कि किसी भी उत्सव या त्योहार के आते पुलिस के ऊपर जिम्मेदारी बढ़ जाती है. उत्सव या त्योहार को के दौरान खुशी के



माहौल में किसी तरह की खलल न पड़े, शहर में कानून और सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे. इसके लिए पुलिस पर सबसे बड़ी जिम्मेदारी रहती है. जिस वजह से शहर के प्रमुख चौराहों पर चेकिंग चलेगी. यह चेकिंग मंगलवार शाम से बुधवार तक रहेगी. जिसके लिए 700 अतरिक्त पुलिस सड़कों पर तैनात रहेंगे. ओवर स्पीडिंग और शराब के नशे में वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी.

सभी प्रमुख आयोजन स्थलों और पिकनिक स्पॉट पर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था रहेगी. सभी आयोजन स्थलों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी. इसके अलावा महिला सुरक्षा के लिए विनर्स, पिंक पेट्रोलिंग वैन के साथ 100 से ज्यादा महिला पुलिसकर्मी की तैनाती रखी गई है. नया साल में सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए 350 ट्रैफिक पुलिस रात को ड्यूटी पर रहेंगे. इसके अलावा बार मालिकों को एक्साइज डिपार्टमेंट की निर्देशिका को मानकर चलने का निर्देश दिए गए है.

## पुलिस ने दिया नए साल का गिफ्ट

**सिलीगुड़ी :** सिलीगुड़ी में नए साल के ठीक एक दिन पहले पुलिस ने शहर वासियों को गिफ्ट के रूप में उनके चेहरे पर खुशियां लौटाई है. शहर के 40 लोगों को उनके खोए मोबाइल वापस लौटाए हैं. कुछ लोग तो ऐसे थे जिनके जीवन में उन्होंने पहली बार मोबाइल लिया था, लेकिन वह चोरी या खो गया था.दरअसल, सिलीगुड़ी मेट्रोपोलिटन पुलिस के माटीगाड़ा थाने में चोरी और खोये हुए मोबाइल के कई शिकायत दर्ज थे. शिकायत के आधार पर जांच में जुटी माटीगाड़ा थाने की पुलिस ने 40 मोबाइल बरामद कर नए वर्ष से ठीक पहले मंगलवार को मालिकों को लौटा दिए. जिसके बाद मोबाइल वापस पाकर मालिकों ने पुलिस का आभार प्रकट किया. इस संबंध में माटीगाड़ा थाना प्रभारी अरिंदम भट्टाचार्य ने कहा कि नये साल से पहले 40 मोबाइल फोन को बरामद कर उनके असल मालिकों को वापस दिए गए

## डुआर्स की अप्रतिम सुंदरता का आनंद लेने उमड़ रही पर्यटकों की भीड़

**अलीपुरद्वार:** सुबह से ही ठंडी हवा के कारण पूरे शहर से लेकर वन क्षेत्र तक कोहरा छा गया. प्रकृति प्रेमी डुआर्स की अप्रतिम सुंदरता का आनंद लेने के लिए बाहर आते हैं.

बक्सा फोट अलीपुरद्वार शहर से 35 किमी दूर स्थित है, जो विशाल डुआर्स वन चाय बेल्ट और नदी तटों से घिरा हुआ है. ब्रिटिश काल में स्वतंत्रता सेनानियों को यहां कैदी बनाकर रखा जाता था,

लेकिन संरक्षण के अभाव में यह पोल इतिहास का गवाह बनकर ही खड़ा है. बक्सा फोट से आगे लेप्चा खा है जो अद्वितीय सुंदरता रखता है. नए साल के आगमन के साथ, यह कहना अच्छा होगा कि संताला बाड़ी से बक्सा सदर बाजार और लेपचाखा तक पैदल पर्यटकों की भीड़ है. घने जंगल से घिरा



लंबा रास्ता बेहद कठिन है. प्रकृति प्रेमी लेपचाखा की अतुलनीय सुंदरता का आनंद लेने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं.

इस साल भी कोई अपवाद नहीं रहा, साल के आखिरी सूर्यास्त को देखने के लिए कई लोग यहाँ पहुंचे. वहाँ लकड़ी की दो-तीन झोपड़ियाँ हैं. साल के आखिरी दिन लेपचाखा की खूबसूरती का आनंद लेने के लिए काफी संख्या में यहाँ पर्यटक पहुंचे हैं. साल के अंतिम दिन जलपाईगुड़ी तीस्ता उद्यान सहित अन्य में पार्कों में उमड़ी भीड़

# फरार चल रहे एनडीपीएस एक्ट के आरोपी के घर पुलिस ने चस्पाया इश्तहार

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला के मानगो थाना की पुलिस ने एक साल से फरार चल रहे एनडीपीएस एक्ट के आरोपी सीनी ओपी अंतर्गत कमलपुर निवासी महाराज अली के घर पर ढोल बजाने के साथ इस्तेहार चिपकाया है. एक माह के अंदर सरेंडर नहीं होने पर आरोपी के घर की कुर्की जप्ती किया जाएगा.

मानगो थाना से आए एसआई महेंद्र कुमार एवं उमेश कुमार मोदी ने सीनी ओपी प्रभारी राजेंद्र कुमार के नेतृत्व में आरोपी के घर पर इस्तेहार चिपकाया है.

जानकारी देते हुए एसआई महेंद्र कुमार ने बताया कि बीते साल 29 दिसंबर 2023 को मृत्युंजय कुमार पांडे और विशाल कुमार सिंह को 19 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया था.जिसमें पुलिस ने मृत्यंजय कुमार पांडेय के पास से 12 पुड़िया और विशाल कुमार सिंह के पास से ब्राउन शुगर की 7 पुड़िया बरामद किया था. गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ के दौरान दोनो आरोपियों ने अपने धंधे में सरायकेला-खरसावां जिला के सीनी ओपी अंतर्गत कमलपुर निवासी महाराज अली की संलिप्तता को स्वीकार किया था, जो जांच के दौरान मौके से फरार हो गया था. मानगो पुलिस ने मानगो कांड संख्या 368/23 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था.

उन्होंने बताया कि घटना के एक साल बाद भी आरोपी महाराज अली के द्वारा न तो सरेंडर किया गया और ना ही न्यायालय से अग्रिम बेल लिया था. मौके पर सीनी ओपी प्रभारी राजेंद्र कुमार के साथ सीनी ओपी की पुलिस और ग्रामीण मौजूद रहे.

# सरैयाहाट के युवती की बिहार के लक्ष्मीपुर डैम में हत्या

**दुमका :** जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के थानेदारी गांव की युवती की हत्या बिहार के बंधुआकूड़ा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर डैम में उसके दूसरे पति के जरिये किए जाने का मामला मंगलवार को सामने आया है. बीते रात युवती का शव डैम के समीप से पुलिस ने बरामद किया है. जानकारी के अनुसार 26 दिसंबर को युवती का पति तुलसी यादव ग्राम नारायणपुर थाना जयपुर बिहार अपनी पत्नी मीना कुमारी(27) को अपने ससुराल सरैयाहाट थाना क्षेत्र स्थित थानेदारी गांव से घर ले जाने की बात कह ले गया. लेकिन वह घर न जाकर अपनी पत्नी को डैम घुमाने के बहाने ले गया और धक्का देकर डैम में फेंक दिया.इसके बाद वह तब तक डैम के पास रहा जबतक मीना का शव पानी से निकल नहीं गया. शव जब पानी में तैरने लगा तो मृतका के पति ने उसके शव को पास ही पत्थर से दबा कर छिपा दिया. इधर 27 दिसंबर को जब मीना की मां गुड़िया देवी ने उसे फोन किया तो उसका मोबाइल ऑफ आया. इसके बाद वह उसके ससुराल नारायणपुर गई तो पता चला कि मीना वहां आई ही नहीं है. फिर मृतिका की मां ने जयपुर थाना में बेटी की गुमशुदगी को लेकर सनहा दर्ज कराया और सरैयाहाट पुलिस से भी बेटी को ढूंढने की गुहार लगाई. दोनों ही थाना की पुलिस ने टेक्निकल टीम की मदद से उसके पति को पकड़ जब पूछताछ की तो उसने उसकी हत्या की बात को स्वीकार करते हुए अपना गुनाह कबूल लिया. इस हत्या कांड में उसके सहयोगी जामुन यादव को भी गिरफ्तार किया है. हत्याकांड के उद्भेदन के लिए सरैयाहाट थाना प्रभारी ताराचंद, एसआई विकेश मेहरा, एएसआई शान मिश्रा ने बिहार पुलिस को सहयोग दिया.मृतका मीना कुमारी की पहली शादी सरैयाहाट थाना क्षेत्र के कारूडीह गांव में हुई थी. लेकिन सड़क हादसे में उसकी पति की मृत्यु के बाद जब उसे एक्सीडेंडल डेथ का मुआवजा करीब दस लाख रुपए मिला तो उसने फेसबुक मित्र तुलसी यादव से दूसरी शादी कर ली. मृतिका की हत्या भी उन्हीं पैसों की वजह से हुई.

## बैकुंठपुर जंगल में पिकनिक मना रहे हैं लोग

**जलपाईगुड़ी :** साल के अंत के दिन बैकुंठपुर जंगल में एक ग्रुप पिकनिक मानता हुआ नज़र आया. रात ख़त्म होने 2025 के नव वर्ष के सूर्य का उदय हो जायेगा. नए साल में लोग इसका स्वागत विभिन्न रूपों में करते है. हर्सोल्लास और उमड़ के अन्य कार्यक्रमों में से एक पिकनिक भी है.मगर कुछ लोगों ने नए साल के आगमन से पहले और पुराने साल सके अंतमि दिन भी जमकर मस्ती करते नज़र आये .मंगलवार को ठंड के मौसम में बैकुंठपुर जंगल में पहली बार पिकनिक ग्रुप देखने को मिला .

पिकनिक में आए ग्रपु के एक सदस्य विश्वजीत सरकार ने कहा, हम सभी ट्रांसपोर्ट कर्मचारी हैं, हमारे मालिक के पास तीन बसें हैं, हर साल 31 दिसंबर को वह इस जंगल में मां भ्रामरी देवी के मंदिर में पूजा करते हैं का आयोजन करते हैं.

# मिनी शराब फैक्ट्री का उदभेदन, दो हजार लीटर शराब नष्ट

**नवादा :** पूर्ण शराबबंदी के बावजूद भी नवादा में शराबखोरी और शराब की बिक्री कम होने का नाम नहीं ले रही है. सरकार जमीन, जल और आकाश तीनों के ऊपर निगरानी रखे हुए है. उसके बाद भी नवादा में शराब की बिक्री और तस्करी कम नहीं हो रही है. नवादा पुलिस ने मंगलवार को ऐसे ही एक ठिकाने पर छापा मारा है, जहां देशी शराब को जमीन के नीचे छुपाकर रखा गया था. नवादा जिले के गोविंदपुर थाना की पुलिस ने पचवानी गांव में बड़े पैमाने पर जावा महुआ और देसी शराब को जब्त किया है. जमीन के अंदर गाड़कर देसी शराब छुपाकर रखी गयी थी.नवादा पुलिस को अनुमान नहीं थी कि शराब माफिया देसी शराब का गुप्त तहखाना कुछ ऐसा बनाएंगे कि उसे खोजने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ेगी. गोविंदपुर थाना क्षेत्र के पचवानी गांव में पुलिस



कुदाल लेकर पहुंची और खेत की खुदाई की. जब पुलिस की नजर जमीन के अंदर पड़ी तो पुलिस भी चौंक गई. जमीन के अंदर कई प्लास्टिक के ड्रम से शराब निर्माण में इस्तेमाल किया जाने वाला हजारों लीटर महुआ घोल को छिपाकर रखा गया था.पुलिस ने की खुदाई तो ठनका माथा ,पुलिस उस वक्त दंग रह गई, जब खेत में जगह-जगह कई प्लास्टिक के ड्रम में शराब निर्माण में इस्तेमाल किया जाने वाला महुआ घोल निकलने लगा. पुलिस ने मौके पर करीब 2000 लीटर महुआ घोल को विनिष्ट किया. वहीं, मौके पर पुलिस ने शराब बनाने वाले उपकरण को भी पूरी तरह नष्ट किया. इस दौरान पुलिस ने कई शराब की भट्टियों को नष्ट किया है.शराब माफिया ने पुलिस की नजर से बचने के लिए शराब निर्माण में इस्तेमाल किया जाने वाला महुआ घोल के प्लास्टिक ड्रम को जमीन के नीचे करीब 6 से 7 फीट गहरे गड्ढे में डालकर उसे ढक दिया था. इस दौरान पुलिस टीम ने सभी महुआ को जमीन से निकाल कर उसे नष्ट कर दिया है.जबकि पुलिस से बचकर शराब माफिया निकल भागे. सूत्रों के अनुसार क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कच्ची शराब का अवैध कारोबार चलता है. थानाध्यक्ष राजीव कुमार पटेल ने बताया कि कारोबारी खेत में गड्ढा खोद कर ड्रम आदि में महुआ घोल छुपा कर रखने के बाद उसका महुआ शराब तैयार करके उसकी तस्करी करते थे. छापेमारी की भनक लगते ही शराब बनाने वाले फरार हो गये. किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हो सकी. शराब कारोबारियों को चिह्नित किया जा रहा है.

## अन्तर्राष्ट्रीय कवि प्रीतम को मिला दिनकर साहित्य कला सम्मान




**बेगूसराय(युवा शक्ति ब्यूरो) :** श्रृंगार और ओज के मशहूर कवि प्रीतम कुमार झा को दिनकर साहित्य कला सम्मान से सम्मानित किया गया है. राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की रचनाओं के जरिये देश दुनिया में लोकप्रिय बेगूसराय स्थित डीपीएस स्कूल तेघड़ा परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय कवि सम्मेलन के दौरान बिहार सरकार में खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता ने दो दर्जन से अधिक साहित्यकारों को मिथिला पाग, मिथिला अंग वस्त्र, मोमेंटो व सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया. साहित्य जगत में नामचीन तरुण सांस्कृतिक चेतना समिति,बेगूसराय के अध्यक्ष आनंद कुमार जायसवाल व युवा साहित्यकार मिन्टू कुमार झा के संयोजन में आयोजित इस सम्मेलन में काव्य जगत के दर्जनों साहित्यकारों, लेखकों, कवि, गजलकारों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को यादगार बनाया. कवि प्रीतम कुमार झा को सम्मानित होने पर साहित्यकार प्रो.सत्यसंघ भारद्वाज, अर्चना चौधरी,गजलकार रंजना लता, वाचस्पति सौरभ रेणु, डा. महेशचंद्र चौरसिया, डा.सच्चिदानंद पाठक, रेखा शर्मा, श्रीराम राय, देवनिति राय,उमेश कुंवर आदि लोगों ने शुभकामनाएं दी. बताते चलें कि दर्जनों बार विश्व रिकॉर्ड बना चुके कवि प्रीतम अपनी मन्त्रमुग्ध करती रचनाओं से सहज ही अमिट छाप छोड़ देते है.

## जीवात्मा परमात्मा के मिलन से हुआ महारास लीला : आशुतोष तिवारी

**जमशेदपुर :** गोलमुरी के टुइलाडुंगरी स्थित गाढ़ाबासा कम्युनिटी सेन्टर में चल रहे भागवत कथा के छठवें दिन मंगलवार को व्यास पीठ से कथावाचक आचार्य आशुतोष तिवारी शांडिल्य जी महराज (अयोध्या धाम से आये) ने श्री कृष्ण-रूकमणी विवाह, रास पंचांग अध्याय, गोपी उद्धव संवाद कथा का सुंदर वर्णन किया. कथाव्यास की वाणी से कृष्ण-रूकमणी विवाह का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए. श्रद्धालुओं ने विवाह के मंगल गीत गाए. कथा वाचक ने कहा कि रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थी. रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उसने मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया. उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने 16 हजार कन्याओं से विवाह कर उनके साथ सुखमय जीवन बिताया. उन्होंने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया.

महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ. कथा वाचक ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश है, इसलिए जीव के अंदर अपारशक्ति रहती है. यदि कोई कमी रहती है, वह मात्र संकल्प की होती है. संकल्प व कपट रहित होने से प्रभु उसे निश्चित रूप से पूरा करेंगे. रास पंच अध्याय का वर्णन किया. उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय है. उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण है. जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है. उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है. इस अवसर पर प्रमुख रूप से काफी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित थे.

## दक्षिण दिनाजपुर जिला पुलिस की पहल पर मैराथन दौड़ आयोजित

**दक्षिण दिनाजपुर :** साल के आखिरी दिन दक्षिण दिनाजपुर जिला पुलिस की पहल पर मैराथन का आयोजन किया गया. '''रन फॉर अवेयरनेस सेफ ड्राइव सेव लाइफ'' नाम से आयोजित इस प्रतियोगिता मूलक मैराथन दौड़ का मुख्य उद्देश्य लोगों में ट्रैफिक नियमों की जागरूकता लाना था, ताकि दुर्घटनाओं को रोककर लोगों के जीवन को बचाया जा सकें. इस दौड़ में दक्षिण दिनाजपुर के जिलाधिकारी बिजिन कृष्णा, दक्षिण दिनाजपुर जिले के पुलिस अधीक्षक चिन्मय मित्तल और अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे

.मालूम हो कि बालुरघाट स्टेडियम से पूरे शहर को पार करने के बाद यह मैराथन दौड़ फिर से बालुरघाट स्टेडियम में जाकर समाप्त हुई है. पुरुषों और महिलाओं के लिए दो श्रेणियों में 10 किलोमीटर की दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई. इस दौड़ में जिले से हजारों युवा-युवतियों ने भाग लिया.

## ज्वेलर्स की दुकान में शटर व तिजोरी काट कर चोरी मामले में पुलिस को बड़ी सफलता



**साहिबगंज :** 21 दिसंबर की रात मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के मिर्जाचौकी बाजार में एक ज्वेलर्स की दुकान में शटर व तिजोरी काट कर चोरी मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है. सदर अनुमंडलीय कार्यालय में एसडीपीओ किशोर तिर्की ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि मामले में मिर्जाचौकी थाना कांड संख्या 95/24 दर्ज कर पुलिस छानबीन कर रही थी. इस बीच जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के समलापुर स्थित बैंक मैनेजर के घर में चोरी होने के मामले में थाना कांड संख्या 210/24 दर्ज कर पुलिस अनुसंधान कर रही थी. एसपी अमित कुमार सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कांडों के उद्भेदन के लिए पुलिस टीम का गठन किया. इसके बाद पुलिस ने तकनीकी वापेश्वर अनुसंधान करते हुए मिर्जाचौकी थाना कांड संख्या 95/24 में कुलीपाड़ा निवासी नासिर अंसारी उम्र 24, अंजुमन नगर निवासी मो राजा उम्र 22, हबीबपुर, पाइप रोड निवासी अखिलेश कुमार भगत उम्र 30 को गिरफ्तार कर लिया गया. वही उनसे चोरी गए सामानों की बरामद की भी की गई है. पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार आरोपी अखिलेश कुमार भगत ने जुड़वा बड़ी थाना कांड संख्या 210/ 24 में अपनी संलिप्त स्वीकार की. वहीं पुलिस ने इस मामले में सोनू कुमार सिंह एवं तारीख हुसैन उर्फ लालू को गिरफ्तार किया है वहीं इनकी निशान देही पर चोरी का सामान बरामद किया गया है. पुलिस ने मिर्जाचौकी से चोरी गए जेवरात को कुलीपाड़ा स्थित प्रवेश कुमार गुप्ता उम्र 30 के ज्वेलर्स दुकान से बरामद किया है. गिरफ्तार आरोपी अखिलेश कुमार भगत, तारिक हुसैन उर्फ लालू व नजीर अंसारी के विरुद्ध चोरी के कई कांड दर्ज हैं. वही सोनू कुमार के विरुद्ध लूट, आर्म्स एक्ट, गोलीबारी व वह मोटरसाइकिल चोरी के कई कांड दर्ज हैं.

# रामगढ़ और कोडरमा में एक बच्चे को भी छात्रवृत्ति नहीं मिलने पर नाराज हुए मंत्री

## अफसरों को दे दी फाइनल वार्निंग



**रांची** : कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने रामगढ़ और कोडरमा जिले में प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति वितरण में शून्य प्रगति पर नाराजगी प्रकट की है. मंगलवार को छात्रवृत्ति और साइकिल वितरण की समीक्षा में इन दोनों जिलों में बच्चों को छात्रवृत्ति के भुगतान नहीं होने का मामला सामने आया.इसपर मंत्री ने जिला कल्याण पदाधिकारियों को तीन दिनों में छात्रवृत्ति का भुगतान करने के सख्त निर्देश दिए. तीन दिनों में भुगतान नहीं होन पर जिम्मेदार पदाधिकारियों और कर्मियों के जनवरी माह से रोक लगाने के निर्देश दिए.मंत्री ने मोरहाबादी स्थित कल्याण कांप्लेस में सभी जिलों के कल्याण पदाधिकारियों, आइटीडीए के परियोजना निदेशक तथा प्रमंडलीय उप निदेशकों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विद्यार्थियों केबीच साइकिल तथा छात्रवृत्ति वितरण के कार्य प्रगति की जिलावार समीक्षा की.इस दौरान उन्होंने रामगढ़ तथा कोडरमा सहित सभी जिलों को तीन दिनों में छात्रवृत्ति का भुगतान करने को कहा. उन्होंने छात्रवृत्ति वितरण में कोताही बरतनेवालों के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी भी दी.मंत्री ने सभी जिलों को चार जनवरी तक प्री मैट्रिक से संबंधित सभी लंबित छात्रवृत्ति भुगतान के मामलों का निपटारा प्राथमिकता के साथ करने को कहा. कहा, कल्याण विभाग के अंतर्गत काम करनेवाले सभी पदाधिकारी और कर्मचारी यह समझें कि वे सामाजिक कार्य कर रहे हैं.उन्होंने कहा कि पदाधिकारी समस्या नहीं बल्कि समाधान का रास्ता निकालें. बैठक में विभागीय सचिव कृपानंद झा, आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा आदि पदाधिकारी उपस्थित थे.फरवरी अंत तक पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति राशि वितरण के निर्देशमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आनेवाले माह फरवरी के अंत तक पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति राशि वितरण के सभी मामलों को पूरा कर ली जाए.उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति वितरण कल्याण विभाग का एक महत्वपूर्ण कार्य है. अध्ययनरत विद्यार्थियों को समय पर छात्रवृत्ति राशि मिलने से उन्हें शैक्षणिक पाठ्यक्रमों तथा परीक्षा की तैयारी में मदद मिलती है.जनवरी के अंत तक साइकिल वितरण के निर्देशमंत्री ने जनवरी माह के अंत तक साइकिल वितरण का कार्य पूरा करने की समय सीमा भी निर्धारित की है. उन्होंने कहा कि साइकिल वितरण योजना का उद्देश्य कक्षा आठ उत्तीर्ण करनेवाले विद्यार्थियों का ड्राप आउट रोकना है. इसे ध्यान में रखकर साइकिल का वितरण समय पर हो.उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आनेवाले दिनों में भी सत्र प्रारंभ होने के साथ ही विद्यार्थियों को साइकिल उपलब्ध कराने का कार्य योजना तैयार रखें. किसी भी हाल में साइकिल वितरण कार्य में विलंब नहीं होना चाहिए.

## तैलिक साहू महासभा ने संगठन को नई पहचान देने की योजना बनाई

**जमशेदपुर** : अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा की बैठक जिला अध्यक्ष राकेश साहू की अध्यक्षता में साकची आम बगान में आयोजित हुई. बैठक में समाज को नए स्वरूप में प्रस्तुत करने, 12 जनवरी को पारिवारिक मिलन समारोह के आयोजन, भामाशाह चौक पर प्रतिमा स्थापना और सदस्यता अभियान चलाने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई. बैठक का संचालन जिला कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार ने किया. राकेश साहू ने बताया कि 2025 में संगठन को हर क्षेत्र में सक्रिय करते हुए नए लुक में पहचान दी जाएगी. 12 जनवरी को साकची बारी मैदान में वन भोज, खेल प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा. इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित भी किया जाएगा. आज की बैठक में मुख्य रूप से वरीय उपाध्यक्ष शिव लोचन साव, उपाध्यक्ष पप्पू साहू, महिला अध्यक्ष पूजा साहू सत्यनारायण साव, संजय साव, रोशन कुमार साव आदि उपस्थित थे.

## न्यूज कॉर्नर

### बिनोद बिहारी महतो जन जागरण ट्रस्ट ने डहरे टुसू पर सभी का किया अभिनंदन



**धनबाद**: मंगलवार को बिनोद बिहारी महतो जन-जागरण ट्रस्ट ने बृहद झारखंड कला संस्कृति के तहत डहरे टुसू परब कार्यक्रम में ट्रस्ट के सौजन्य से रणधीर वर्मा चौक पर अभिनंदन सह जलपान शिविर का आयोजन किया गया. ट्रस्ट के गोपाल यादव ने बताया कि रणधीर वर्मा चौक पर स्थानीय एवं दूर दराज से हजारों की संख्या में महिला पुरुष व बच्चे एकत्रित होकर झारखंड की प्राकृतिक पर्व डहरे टुसू के अवसर पर सांस्कृतिक नृत्य पर झूमकर जश्न धूमधाम से मनाया है डहरे टुसू पर ट्रस्ट की और से समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक बधाई. ट्रस्ट के अध्यक्ष दामोदर प्रसाद ने सभी लोगों का अभिनंदन कर आभार व्यक्त किया.शिविर में ट्रस्ट के अध्यक्ष दामोदर प्रसाद, सचिव इंद्र नारायण महतो,बसंत कुमार यादव, सुदीष्ट कुमार,गणपत महतो,नवल प्रसाद, रामस्वरूप प्रसाद,मुन्ना प्रसाद,अरुण प्रसाद, शिव प्रसाद महतो, ,विरेन्द्र कु. सिन्हा, गोपाल यादव, राजकिशोर महतो, वरमेश्वर चौधरी समेत ट्रस्ट के अन्य सदस्य उपस्थित थे.

### सर्वाइकल कैंसर शिविर को लेकर सदर अस्पताल में सिविल सर्जन का निरीक्षण



**साहिबगंज** : 05 जनवरी 2025 को सदर अस्पताल परिसर में सर्वाइकल कैंसर जांच शिविर लगाने को लेकर मंगलबार को सिविल सर्जन डॉक्टर प्रवीण कुमार संथालिया, डीएस डॉक्टर मुकेश कुमार,ने कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर सदर अस्पताल का निरीक्षण किया.इसको लेकर सिविल सर्जन ने सभी खाली जगह को देखा ओर सभी डॉक्टर एवं अपने टीम के साथ बात चीत करके जगह स्थल को चुना.वहीं सिविल सर्जन डॉक्टर प्रवीण कुमार संथालिया ने डॉक्टर विजय कुमार, डीएस मुकेश कुमार,डॉक्टर रंजन कुमार आयुष्मान डॉक्टर राजेश कुमार साह को लेकर मॉड्यूलर ओटी एवं प्रसव कक्ष,महिला वार्ड,पुरुष वार्ड, एवं कॉल्पो स्कोप मशीन को भी देखा.वहीं सिविल सर्जन ने बताया कि इस शिविर में महिलाओं के सर्वाइकल कैंसर,एवं नेत्र जांच की जाएगी. इस मौके पर प्रशासनिक डीएस डॉ मुकेश कुमार,डॉक्टर रंजन कुमार,आयुष्मान डॉक्टर राजेश कुमार साह, ब्लड बैंक क्लर्क, प्रवीण सक्सेना,जिला डाटा मैनेजर तौसीफ अहमद,मैनेजर यशवंत राव, ओर अन्य लोग मौजूद थे.

### उच्च विद्यालय को माध्यमिक प्लस टू उत्क्रमण करने को लेकर विद्यायिका को सौंपा ज्ञापन



**बरहरवा** : बरहरवा नागेश्वरी देवी कन्या उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने पाकुड़ विधानसभा विधायिका को लिखित ज्ञापन सौंपते हुए बताया नागेश्वरी देवी मेमोरियल कन्या उच्च विद्यालय साहिबगंज जिला के अंतर्गत बरहरवा प्रखंड का प्राचीन और प्रसिद्ध एकमात्र बालिका उच्च विद्यालय है पूर्व में बहुत दूर दराज से छात्राएं विद्यालय में अध्ययन हेतु आते थे लेकिन वर्तमान में उच्चतर माध्यमिक प्लस टू स्तर तक की पढ़ाई अभी तक नहीं होने के कारण धीरे-धीरे छात्रों की संख्या में गिरावट आने लगी है इसके अतिरिक्त विद्यालय में शिक्षा अनुसार विषय में नामांकन नहीं हो पाता है एवं रेल गेट के बंद रहने के कारण छात्रों को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है.विद्यालय का विकास एवं छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय को उच्चतर माध्यमिक प्लस टू में उत्क्रमण करना बहुत ही आवश्यक है. साथ ही विद्यालय परिसर में स्थित खेल के मैदान सड़क की अपेक्षा नीचे हो जाने एवं उसमें एवं गड्ढे को जाने के कारण मैदान का संथाली कारण एवं संदेह कम करना बहुत जरूरी है इस समस्या को लेकर नागाश्री देवी मेमोरियल कन्या उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने पाकुड़ विधानसभा नवनिर्वाचित विधायका निसात आलम को ज्ञापन सौंपते हुए समाधान करने हेतु अपील की है.वहीं श्री मति आलम ने उक्त मामले पर जल्द ही समाधान निकालने का आश्वाशन भी दिया है.

### टाटा स्टील स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट ने आयोजित किया गोल्फ पेटिंग चैंपियनशिप



**जमशेदपुर** : टाटा स्टील स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट ने सीनियर सिटिजन फन एंड फिटनेस लीग के तहत सोमवार को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के गोल्फ पटिंग ग्राउंड में सीनियर सिटिजन गोल्फ पटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया.वरिष्ठ नागरिकों के बीच फिटनेस और मनोरंजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट पूरे साल ऐसे रोमांचक खेल गतिविधियों का आयोजन कर रहा है. यह आयोजन टाटा स्टील के चीफ स्पोर्ट्स श्री मुकुल विनायक चौधरी और स्पोर्ट्स हेड विभूति धंद अडेसरा के नेतृत्व में संपन्न हुआ.कुल 21 प्रतिभागियों ने इस आयोजन में हिस्सा लिया.अंतिम परिणाम इस प्रकार है:महिला वर्ग:रेखा झा,रवीना दुग्गल,विनिता राय,पुरुष वर्ग (55-65 वर्ष):एम.के. झारवि भूषण,कृपाल सिंहपुरुष वर्ग (65+):बसुदेव चौधरीटी.पी. सिन्हाजे.बी. सिन्हा और अशोक कुमार झाइस आयोजन को सफल बनाने में टाटा स्टील स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट के दिनेश रक्षित और नीलम कुमारी ने अहम भूमिका निभाई. स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट के अन्य अधिकारियों ने भी अपनी सक्रिय भागीदारी और प्रोत्साहन से कार्यक्रम को सफल बनाया.चीफ स्पोर्ट्स मुकुल विनायक चौधरी ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए.

### सीकेपी रेल मंडल के नए डीआरएम तरुण हुरिया ने टाटानगर समेत छह स्टेशनों का किया निरीक्षण

**जमशेदपुर** : चक्रधरपुर रेल मंडल के नए मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) तरुण हुरिया ने मंगलवार को जमशेदपुर का दौरा कर टाटानगर रेलवे स्टेशन सहित छह स्टेशनों का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने यात्रियों की सुरक्षा और सुविधाओं का जायजा लिया. डीआरएम ने सुबह 7.30 बजे से निरीक्षण कार्य शुरू किया और स्टेशन की व्यवस्थाओं का गहन मूल्यांकन किया.

# अखिल भारतीय किन्नर समाज का 2 से 10 जनवरी तक भव्य महाअधिवेशन का आयोजन




**धनबाद**:अखिल भारतीय किन्नर समाज का आगामी 2 से 10 जनवरी तक महाअधिवेशन धनबाद में होने जा रहा है.इस अधिवेशन में देशभर से पांच हजार किन्नर हिस्सा लेंगे.धनबाद के नावाडीह में यह अधिवेशन दो जनवरी से शुरू हो रहा है. अखिल भारतीय किन्नर समाज की प्रदेश अध्यक्ष छमछम देवी ने होटल वेंडिंग बेल्स में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर बताया कि ज़ब देश में कोरोना जैसी त्रासदी आयी थी तभी यह मन्नत माँगा गया था कि कोरोना जैसी भयंकर त्रासदी से देश उबर पाए और देशवासी फिर से खुशहाल हो सके.उसी मन्नत के बाद आज यह भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसमे देशभर से किन्नरों को आने का न्योता दिया गया है.इस अधिवेशन हमारी खास पूजा पास्टा के साथ कई मुद्दों पर चर्चा होगी.जहां-जहां हमारे यजमान हैं, उनके व उनके परिवार के लिए खास पूजा कर ब्लेसिंग दी जायेगी.समस्त कार्यक्रम विनोद बिहारी चौक, बरामुडी के समीप स्थित होटल वेडिंग बेल्स में बने भव्य पंडाल में होगी. इस दौरान सात जनवरी को मटकुरिया से विशाल शोभायात्रा निकाली जायेगी.जिसमें हजारों किन्नर शामिल होंगी.शोभायात्रा मटकुरिया से निकलकर शक्ति मंदिर पहुंचेगी.यहां माता रानी के दरबार में घंटा चढ़ाया जायेगा.

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को लेकर किन्नर समाज में भारी उत्साह है.सभी इसे सफल बनाने के लिए जोर शोर से लगी हैं.धनबाद में पहली बार किन्नर समाज का वृहद कार्यक्रम हो रहा.किन्नरों के ठहरने, खाने-पीने की व्यवस्था की गयी है.प्रेस कॉन्फ्रेंस में अखिल भारतीय किन्नर समाज की प्रदेश अध्यक्ष छम छम देवी, किन्नर ,अरुणा किन्नर, बबीता किन्नर, ज्योति किन्नर,शोभा किन्नर, सांवरिया किन्नर,बबली किन्नर, मीणा किन्नर,पिंकी किन्नर, निर्मला किन्नर, श्वेता किन्नर, रेखा किन्नर आदि मौजूद थे.

## भांजे की हत्या करने वाले मामा की मौत, 40 दिन से बंद था सेंट्रल जेल में




**पलामू** : मेदिनीनगर सेंट्रल जेल में हत्या के आरोप में बंद एक विचाराधीन कैदी की रांची रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई. खांसी के संक्रमण के कारण पहले उसे एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया था, जहां से उसे सोमवार को रिम्स रेफर किया गया था. इलाज के दौरान सोमवार रात मौत हो गई. मंगलवार को रिम्स में शव का पोस्टमार्टम किया गया और परिजनों को सौंप दिया गया है.कैदी की पहचान लाला सिंह (25) के रुप में हुई है. वह विश्रामपुर के घासीदाग निवासी था. 23 नवंबर से सेंट्रल जेल में बंद था. टीवी क्रॉनिक बीमारी से पीड़ित था. 20 दिसंबर को इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती किया गया था. उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए 30 दिसंबर को रांची रिम्स रेफर किया गया था, जहां उसकी मौत हो गई.जेल सुपरिटेंडेंट भागीरथ कर्जी के मुताबिक लाला सिंह को क्रोनिक टीबी की बीमारी थी.तबीयत बिगड़ने पर 20 सितंबर को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था. जहां नौ दिन इलाज के बाद डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स रेफर कर दिया. सोमवार को इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया था. वहीं उसकी मौत हो गई.लाला सिंह ने अपने 12 वर्षीय भांजे अजय सिंह की से हत्या कर दी थी. भांजे को मारने के बाद बोरा में बंद कर घर के पीछे केले के पौधे के नीचे दबा दिया था. हत्या के पांच दिन बाद 20 नवंबर को जब शव से दुर्गंध आने लगी तब हत्या की जानकारी हुई.लाला सिंह का भांजा वहीं रहता था. लाला सिंह को लगता था कि भांजे को भी जायदाद में से हिस्सा देना होगा. इसे लेकर बहन से भी उसका विवाद होता था. इसी विवाद में उसने भांजे को मार दिया था. हत्या का राज खुला तो पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था.

## हवलदार को दी भावभीनी विदाई



**साहिबगंज** : पुलिस लाइन के प्रांगण में झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन शाखा साहिबगंज ने सेवानिवृति पर हवलदार सुखलाल मरांडी को अंग वस्त्र ओढ़ा कर व माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी विदाई दी. इस दौरान एसोसिएशन सदस्यों ने उनके लंबे और स्वस्थ्य जीवन की कामना की. मौके पर एसोसिएशन अध्यक्ष राम प्रसाद, उपाध्यक्ष मंटू पासवान, कोषाध्यक्ष पवन कुमार, संयुक्त मंत्री मनीष कुमार, केंद्रीय सदस्य सुनील शर्मा, मंत्री नवीन कुमार मुर्मू, ओम प्रकाश, मनोज कुमार महतो, महेश कुमार, हवलदार सुनील टुडू व अन्य मौजूद थे.

# भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने मार्कण्डेय को दिया था अमरता का वरदान




**जमशेदपुर** : मानगो एनएच 33 स्थित वसुन्धरा एस्टेट में चल रहे श्री शिवकथा ज्ञान यज्ञ के छठवें दिन मंगलवार को कथा वाचक स्वामी वृजनंदन शास्त्री महाराज ने मार्कण्डेय जी को मृत्यु रहित अमृत्व कर प्राप्ति और ओम्कारेश्वर विश्वनाथ महाकाल प्रसंग की कथा का विस्तार से वर्णन किया. महाराज ने कहा कि महामृत्युंजय मंत्र की रचना करने वाले मार्कण्डेय की भक्ति से प्रसन्न होकर शिव ने उन्हें अमरता का वरदान दिया. यह सुनिश्चित किया कि वे कभी बूढ़े नहीं होंगे, सदाचारी बने रहेंगे और दुनिया के अंत तक प्रसिद्ध रहेंगे. आज तक, मार्कण्डेय उन्हें अमर व्यक्तियों में से एक माना जाता है, जो अपनी योगिक शक्तियों के कारण युवा और संत जैसे दिखने के लिए जाने जाते हैं. महाराज ने बताया कि शिवजी ने मार्कण्डेय से कहा कि अब से जो भी भक्त महामृत्युंजय मंत्र का जाप करेगा, उसके सभी कष्ट दूर होंगे और वह असमय मृत्यु के भय से भी बच जाएगा. महामृत्युंजय मंत्र का सरल अर्थ यह है कि हम त्रिनेत्र भगवान शिव का मन से स्मरण करते हैं. आप हमारे जीवन की मधुरता को पोषित और पुष्ट करते हैं. जीवन और मृत्यु के बंधन से मुक्त होकर अमृत की ओर अग्रसर हों. ओंकारेश्वर नगरी में प्राकृतिक शिवलिंगः- ओम्कारेश्वर विश्वनाथ महाकाल प्रसंग की कथा का वर्णन करते हुए आगे कहा कि भगवान के महान भक्त अम्बरीष और मुचुकुन्द के पिता सूर्यवंशी राजा मान्धाता ने इस स्थान पर कठोर तपस्या करके भगवान शंकर को प्रसन्न किया था. उस महान पुरुष मान्धाता के नाम पर ही इस पर्वत का नाम मान्धाता पर्वत हो गया. ओंकारेश्वर लिंग किसी मनुष्य के द्वारा गढ़ा, तराशा या बनाया हुआ नहीं है, बल्कि यह प्राकृतिक शिवलिंग है. महाराज ने बताया कि लंबे समय तक ओम्कारेश्वर भील राजाओं के शासन का क्षेत्र रहा. देवी अहिल्याबाई होलकर की ओर से यहाँ नित्य मृत्तिका के 18 सहस्र शिवलिंग तैयार कर उनका पूजन करने के पश्चात उन्हें नर्मदा में विसर्जित कर दिया जाता है. ओंकारेश्वर नगरी का मूल नाम मान्धाता है.

## साकची महालक्ष्मी मंदिर मायुमं ने स्व. प्रमोद सराफ को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**जमशेदपुर** : अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच (मायुमं) के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय प्रमोद सराफ (भाई जी) के निधन पर मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा द्वारा साकची ठाकुरबाड़ी रोड स्थित महालक्ष्मी मंदिर के प्रथम तल्ला पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. इस अवसर पर मायुमं के पूर्व अध्यक्षों और सदस्यों ने स्वर्गीय सराफ जी के योगदान और प्रेरणादायक जीवन को स्मरण किया. उन्हें समाज सेवा और संगठन को राष्ट्रीय पहचान दिलाने में उनके अभूतपूर्व प्रयासों के लिए याद किया गया.

सभा में उपस्थित सभी ने स्वर्गीय सराफ जी के आदर्शों पर चलने और समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया. दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को संबल प्रदान करने की प्रार्थना के साथ सभा समाप्त हुई. सभा में पूर्व अध्यक्ष बिमल रिंगसिया, भरत अग्रवाल, विजय आनंद मूनका, मोहित मूनका, सुमित देबुका, मायुमं स्टील सिटी सुरभि शाखा की अध्यक्ष कविता अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष उषा चौधरी, जमशेदपुर शाखा के अध्यक्ष अश्विनी अग्रवाल आदि उपस्थित थे.

# इस वर्ष राज्य में अलकायदा के चार आतंकवादियों सहित 158 बदमाशों को एटीएस ने दबोचा




**रांची** : झारखंड पुलिस के लिए वर्ष 2024 कामयाबी भरा रहा. आंतकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने वर्ष 2024 में विभिन्न जिलों से अलकायदा के चार आतंकवादियों को गिरफ्तार किया. इसके अलावा एटीएस ने झारखंड पर्यटन विकास निगम और झारखंड राज्य विद्युत कर्मचारी मास्टर ट्रस्ट से जुड़े मामलों में सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया. इस कार्रवाई में 1.22 करोड़ रुपये के साथ करीब 15 लाख रुपये के आभूषण भी बरामद किये गये. साथ ही बैंक खाते में 47.20 करोड़ रुपये फ्रीज किये गये.आईजी अभियान एवी होमकर, सीआईडी आईजी असीम विक्रांत मिंज और डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम ने मंगलवार को झारखंड पुलिस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन कर झारखंड पुलिस की उपलब्धियों को गिनाया. अधिकारियों ने संयुक्त रूप से एक वर्ष में झारखंड पुलिस के जरिये किये गये कार्यों और उपलब्धियां के बारे में जानकारी दी.संगठित गिरोह के 154 अपराधियों को एटीएस ने धर दबोचासाल 2024 में झारखंड में संगठित अपराध से संबंधित कुल 97 मामले दर्ज हुए, जिसमें संगठित गिरोह के कुल 154 अपराधियों को पकड़ा गया. पांडेय गिरोह के 41, अमन साव गिरोह के 43, प्रिंस खान गिरोह के चार, सुजित सिन्हा गिरोह के एक, अमन श्रीवास्तव गिरोह के तीन, अखिलेश सिंह गिरोह के चार और अन्य 58 अपराधियों को को गिरफ्तार किया गया.इनमें एक महत्वपूर्ण गिरफ्तारी पांडे गिरोह के सेकेंड-इन-कमांड गोविंद राय की भी थी, जिसके ऊपर 25 हजार रुपये का इनाम था. गिरफ्तार अपराधियों के पास से पांच हथियार, 67 गोली, एक देसी बम, नौ मोबाइल फोन, दो मोटरसाईकिल और 63 हजार रुपये बरामद किये गये.पुलिस कर्मियों के कल्याण के लिए हुए कई अहम कार्यझारखंड पुलिस मुख्यालय ने एक बोर्ड गठित कर अनुशंसा के आधार पर राज्य में कई पुलिसकर्मियों को पदोन्नति दी. इसमें 132 पुलिस अवर निरीक्षकों को पुलिस निरीक्षक के पद पर, 1203 सहायक अवर निरीक्षकों को पुलिस अवर निरीक्षक के पद पर और 2713 आरक्षियों को सहायक अवर निरीक्षक के पद पर प्रोन्नति दी गयी. इसके अलावा 1034 सहायक अवर निरीक्षकों और 260 पुलिस अवर निरीक्षकों को एसीपी और एमएसीपी का लाभ मिला.

आईआरबी के 90 वरीय हवलदारों को सहायक अवर निरीक्षक (स) के पद पर और जैप-01 के 57 हवलदारों को अवर निरीक्षक (स) के पद पर प्रोन्नति दी गयी.

पुलिस मुख्यालय ने अनुकंपा समिति के तहत चार बोर्ड का गठन किया, जिसमें 311 मामलों में से 109 बाल आरक्षी, 57 महिला आरक्षी और 155 सामान्य आरक्षी को स्वीकृति दी गयी.इसके अलावा झारखंड पुलिस सहायता एवं कल्याण कोष के तहत दो बोर्ड का गठन कर 1232 लाभान्वितों को 3.89 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया. झारखंड पुलिस शिक्षा कोष के लिए गठित एक बोर्ड ने 8242 लाभान्वितों को 10.03 करोड़ रुपये का भुगतान किया. साथ ही झारखंड पुलिस परोपकारी कोष से एक बोर्ड ने 627 लाभान्वितों को 4.37 करोड़ रुपये दिये.राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित खेल प्रतियोगिता से संबंधित उपलब्धियांहैदराबाद के पुलेला गोपीचंद बैडमिंटन अकादमी में 17 से 21 मार्च तक आयोजित 16वीं अखिल भारतीय पुलिस बैडमिंटन प्रतियोगिता में जैप-01 के सहायक अवर निरीक्षक अवधेश कुमार और आरक्षी मनोज कुमार तिवारी ने शानदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक जीता.लोकसभा और विधानसभा चुनाव की उपलब्धियांसाल 2024 में झारखंड में लोकसभा और विधानसभा चुनाव शांति से संपन्न हुए. पुलिस के प्रभावी प्रयासों के कारण चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की विधि व्यवस्था की समस्या नहीं आयी और न ही कोई आपराधिक या नक्सली घटना घटी. इस वजह से चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से कराये जा सके.जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता के मार्गदर्शन में राज्य के सभी जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित किये गये. इस दौरान पुलिस ने आम लोगों की समस्याएं सुनीं और उनका त्वरित समाधान करने की कोशिश की.

## नौका चोरी के आरोप में युवक को बनाया बंधक, पुलिस ने कराया मुक्त



**उधवा** : राधानगर थाना क्षेत्र के उत्तर पलाशगाछी के पातुटोला गांव में मंगलवार को नाव चोरी के आरोप में कुछ लोगों ने एक युवक को घंटों बंधक बनाकर मार-पीट किया. सूचना पाकर राधानगर थाना के सहायक अवर निरीक्षक कन्हाई टुडू दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी लिया. पुलिस ने युवक को मुक्त कर अपने साथ थाना लाया. पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है. जानकारी के अनुसार बीते सोमवार की रात्रि को थाना क्षेत्र के उत्तर पलाशागाछी पंचायत के पातुटोला गंगा नदी घाट से अज्ञात चोरों ने एक नाव चोरी कर फरार हो गया था. मंगलवार की अहले सुबह नाव मालिक इलियास माझी गंगा नदी घाट पहुंचे तब देखा कि वहां पर नाव नहीं है. उन्होंने आसपास काफी खोजबीन किया. खोजबीन के दौरान पता चला कि पश्चिम बंगाल के पंचानंदपुर घाट पर नाव लगा हुआ है. सूचना पाकर जब नाव मालिक पंचानंदपुर घाट पहुंचे तो देखा कि उसका चोरी किया गया नाव घाट में लगा हुआ है. मालिक के पहुंचने पर एक युवक वहां से भागने का प्रयास करने लगा. तभी नाव मालिक एवं कुछ लोगों ने उक्त युवक को पकड़ लिया. युवक राजमहल थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है. इस संबंध में थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय ने बताया कि बंधक बनाए गए युवक को मुक्त कराकर थाना लाया गया है. जांच पड़ताल के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

# संपादकीय

कामयाब होने के लिए स्वयं पर भरोसा होना चाहिए

कोलकाता | बुधवार | 1 जनवरी 2025

## मौत के बोरवेल

ऐसे समय में जब देश-दुनिया नये साल के जश्न में डूबने जा रही है मध्यप्रदेश व राजस्थान में खुले बोरवेल में गिरने से हुई दो बच्चों की मौत विचलित करती है. राजस्थान के दोसा जिले और मध्यप्रदेश के गुना की घटनाएं पहली बार नहीं हुई हैं. गाहे-बगाहे ऐसी खबरें पूरे देश से आती हैं. यह सोचकर ही मन सिहर उठता है कि कोई बच्चा कैसे एक अंधी सुरंग में भूखे-प्यासे, अपर्याप्त ऑक्सीजन व बिना हिले-डुले कुछ दिन मौत की प्रतीक्षा करता होगा. भय व घुप्प अंधेरे में बच्चा किन मानसिक व शारीरिक यातनाओं से गुजरता होगा, सोचकर भी डर लगता है. लेकिन फिर भी हमारा संवेदनहीन समाज व लापरवाह तंत्र इस त्रासदी को गंभीरता से नहीं लेता. जिस बोरवेल को खुदवाने में लाखों रुपये खर्च होते हैं, उसका मुंह बंद करने के लिये चंद रुपये खर्च करने में लोग आपराधिक लापरवाही दिखाते हैं. राजस्थान के कोटपुतली में बोरवेल में गिरी तीन साल की बच्ची को एक सप्ताह बाद भी न निकाला जाना तंत्र की विफलता को दर्शाता है. निस्संदेह, यह अभियान जटिल बताया जाता है और बारिश ने राहत कार्य में बाधा डाली, लेकिन शुरुआत में प्रशासन की शिथिलता पर सवाल उठे हैं. ऐसे अभियानों में राष्ट्रीय आपदा निरोधक बल तथा स्थानीय सुरक्षा बलों की नाकामी गाहे-बगाहे उजागर होती रहती है. निस्संदेह, ऐसे संकटों में तत्काल कार्रवाई और राहत-बचाव कार्य को आधुनिक तकनीक से शुरू करने की जरूरत महसूस की जाती रही है. यही वजह है कि आए दिन होने वाले बोरवेल हादसों के मद्देनजर देश की शीर्ष अदालत ने वर्ष 2010 में इस बाबत दिशानिर्देश जारी किए थे ताकि ऐसे हादसों को टाला जा सके. जिसमें बोरवेल के चारों ओर बाड़ लगाने तथा मजबूत बोल्ट के साथ स्टील कवर लगाने के निर्देश दिए गए थे. बेकार छोड़े गए बोरवेल और नलकूपों में बच्चों के गिरने के मामले सामने आ रहे हैं. जाहिर किसान व स्थानीय प्रशासन सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अनदेखी कर रहे हैं. अन्यथा ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति न होती. निस्संदेह, देश के विभिन्न भागों में बोरवेल हादसों का सामने आना जहां निगरानी करने वाले विभागों की लापरवाही को दर्शाता है, वहीं उन लोगों के आपराधिक कृत्य को भी दर्शाता है, जो बोरवेल का मुंह खुला छोड़ देते हैं. वहीं हादसे हमारे समाज में चेतना के अभाव को भी दर्शाते हैं कि खुले बोरवेल के खिलाफ आम लोगों के स्तर पर आवाज नहीं उठायी जाती. यह भी उल्लेखनीय है कि सिंचाई विभाग राज्यों का विषय होने के कारण इसमें केंद्र सरकार का दखल नहीं हो पाता. एक अनुमान के अनुसार देश में करीब पौने तीन करोड़ बोरवेल हैं. जिसमें से बड़ी संख्या में सूख चुके हैं. जिन्हें गैरजिम्मेदार लोगों द्वारा खुला छोड़ दिया जाता है, जो कालांतर हादसे की वजह बन जाते हैं. विडंबना यह भी है कि एनडीआरएफ द्वारा चलाये जाने वाले ऐसे राहत व बचाव के दो तिहाई अभियान नाकाम रहते हैं. दरअसल, सभी राज्यों में ऐसे मामलों में बच्चों की जान बचाने से जुड़े सुरक्षा उपाय हर जिले के अधिकारियों को एक मैनुअल के रूप में दिए जाने चाहिए. ताकि किसी हादसे के बाद राहत-बचाव कार्य तुरंत शुरू करके बच्चों को बचाया जा सके. संकट इस ओर भी इशारा करता है कि ऐसे मामलों में हमारा राहत व बचाव का तंत्र कितना शिथिल व निष्प्रभावी है. अकसर स्थिति जटिल होने पर सेना के विशेषज्ञों की भी मदद ली जाती है. कई बार इतनी देर बाद सेना के विशेषज्ञों को बुलाया जाता है कि बच्चे के बचने की उम्मीद क्षीण हो चुकी होती है. निश्चित रूप से बोरवेल की देखरेख करने वाली एजेंसियों के अधिकारियों की जवाबदेही तय करने का वक्त आ गया है. ऐसे मामलों में लापरवाही दिखाने वाले अधिकारियों को दंडित करने की जरूरत है. उनका दायित्व बनता है कि खुले बोरवेल के मालिकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें. समाज के लोगों को भी इस बाबत सचेत करने की जरूरत है ताकि वे प्रशासन को खुले बोरवेल की सूचना दे सकें. यदि समाज सचेत और संवेदनशील रहेगा तो उसका दबाव प्रशासन भी महसूस करेगा. फिर इस सजगता-सतर्कता से कई बच्चों की अनमोल जिंदगी बचायी जा सकेगी.

## विगत 7 साल में 813 विमान हादसे और 1473 मौतें अब डराने लगी हैं

**- क्रांति कुमार पाठक**

वर्ष 2024 के आखिरी दिनों में दक्षिण कोरिया और अजरबैजान में हुए विमान हादसों ने पूरे विश्व को हिलाकर रख दिया है. वास्तव में विमान उद्योग के लिए बीते 29 दिसंबर का दिन काफी दुखद रहा. क्योंकि इस दिन दो विमान हादसे हुए. एक, दक्षिण कोरिया के मुआन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर, जहां जेजू एयर का एक जहाज रनवे पर उतरते वक्त फिसल गया, क्योंकि उसका लैंडिंग गियर नहीं खुला. इस कारण उसमें आग लग गई और वह सामने दीवार से जा टकराई और इस हादसे में विमान में सवार कुल 181 लोगों में से 179 लोगों की मौत हो गई. उधर, कनाडा में भी लैंडिंग के दौरान विमान में आग लग गई, हालांकि गनीमत रही कि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ. इससे पहले, 25 दिसंबर को एक अजरबैजानी विमान बाकू से ग्रोजनी जाते वक्त हादसे का शिकार हो गया, उसमें 38 लोगों की जानें चली गईं. वैसे इस साल की बड़ी विमान हादसे में चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस का वह हादसा भी शामिल है, जो मार्च माह में हुआ था. इसमें विमान पहाड़ से टकरा गया था, जिसमें 133 विमान यात्रियों की मौत हुई थी. कभी सबसे सुरक्षित मानी जाने वाली हवाई यात्रा अब लगातार हो रही प्लेन क्रैश होने की घटना विमान यात्रियों को डराने लगी है. हालांकि कभी पक्षी के टकराने, कभी तकनीकी खराबी या कभी खराब मौसम होने की वजह से दुनियाभर में प्लेन हादसे होते रहे हैं. लेकिन पिछले दिनों में हुई कुछ प्लेन क्रैश की हुई घटनाओं से सुरक्षित हवाई यात्रा पर सवाल उठने लगे हैं. विमान हादसों पर नजर रखने वाली संस्था एविएशन सेफ्टी की रिपोर्ट के मुताबिक, 2023 में दुनियाभर में कुल 109 विमान हादसे हुए थे, जिनमें 120 लोगों की मौत हुई थी. इस हिसाब से हर महीने औसतन 9 विमान हादसे हुए जिनमें 10 लोगों की मौत हुई. एविएशन सेफ्टी के मुताबिक, साल 2023 में सबसे ज्यादा 34 विमान हादसे अमेरिका में हुए थे. एविएशन सेफ्टी के आंकड़ों के मुताबिक, 2017 से 2023 के बीच दुनियाभर में कुल 813 प्लेन क्रैश हो चुके हैं. प्लेन क्रैश की 813 घटनाओं में कुल 1,473 यात्रियों की मौत हो चुकी है. सबसे ज्यादा विमान हादसे लैंडिंग के दौरान हुए हैं. इस साल के दौरान लैंडिंग के दौरान कुल 261 हादसे हुए हैं. उसके बाद 212 हादसे उड़ान के दौरान ही हुए हैं. इसी दौरान भारत में 14 हादसे हुए हैं. एविएशन सेफ्टी की मानें तो सबसे ज्यादा विमान हादसे टेक ऑफ के दौरान और फिर लैंडिंग के दौरान होते हैं. पिछले साल 109 ऐसी दुर्घटनाएं हुई थीं, जिनमें से 37 टेक ऑफ और 30 लैंडिंग के दौरान हुई थीं. हर साल दुनियाभर में सैकड़ों विमान हादसे होने के बावजूद हवाई सफर को सबसे सेफ माना जाता है. आंकड़े देखें तो विगत सात साल में हर साल औसतन 200 विमान हादसे हुए हैं और सालभर में ही सैकड़ों लोगों की जानें चली गईं. लेकिन इसके बावजूद कुछ ही हादसों में लोगों की जान गई. पिछले साल 2023 में नेपाल में एक विमान क्रैश हुआ था, जिसमें 72 लोग मारे गए थे. आपको बता दें कि इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन हर साल फ्लाइट सेफ्टी पर रिपोर्ट जारी करता है. इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि दुनिया भर में 12.6 लाख विमान उड़ान भरते हैं, उसमें से एक दुर्घटना होती है. इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के मुताबिक, जब कोई व्यक्ति 1,03,239 साल तक हर दिन विमान में सफर करेगा, तब जाकर कोई एक दिन ऐसा आएगा जब उसे घातक दुर्घटना का सामना करना पड़ सकता है. कुछ साल पहले मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्रोफेसर अर्नोल्ड बार्नेट ने भी फ्लाइट सेफ्टी पर एक रिपोर्ट पेश किया था, उसमें दावा किया गया था कि 2018 से 2022 के बीच आम 1.34 करोड़ यात्रियों ने हवाई सफर किया तो उनमें से सिर्फ 1 को ही मौत का संभावित खतरा था. एयर ट्रैफिक के इतिहास पर नजर डालें तो 15 जून 1785 को फ्रांस के विमरेक्स के पास रोजियर एयर बैलून का हादसा पहला वायु जानलेवा साबित हुआ था. इस हादसे में रोजियर एयर बैलून के आविष्कारक जीन फ्रेंकुआ पिलैत्रे डी रोजियर की मौत हो गई थी. जबकि पावर्ड एयरक्राफ्ट का पहला हादसा 17 सितंबर 1908 को हुआ था, जब अमेरिका के वर्जिनिया में मॉडल-ए एयरक्राफ्ट क्रैश कर गया था. इसमें इस विमान के सह-आविष्कारक ऑर्विल पायलट घायल हो गए थे जबकि सहयात्री की मौत हो गई थी. *(उपसंपादक दैनिक एक संदेश)*

# उमंग, उल्लास और हर्ष लेकर दुनिया भर में आता है नववर्ष

**– चारु सक्सेना**

नयी उमंगें, नया उत्साह, नया उल्लास नया हर्ष लेकर नव वर्ष हर वर्ष आता है, ताकि आने वाले वर्ष में व्यक्ति अपने अधूरे कार्यों को पूरा कर सके. नववर्ष के स्वागत का पर्व अलग अलग देशों में अपनी-अपनी संस्कृति के अनुरूप अलग-अलग रंग से मनाया जाता है. हमारे यहां नववर्ष चैत्र में मनाया जाता है, जब विक्रम संवत बदलता है. कहीं-कहीं मकर संक्रांति या अन्य अवसरों पर भी अलग-अलग कैलेण्डरों के अनुसार नववर्षारम्भ तथा उसके अनुरूप उत्सव मनाने की परंपरा है.

**म्यांमार में नववर्ष :** भारत के पड़ोसी देश म्यांमार (बर्मा) में नववर्ष के इस उत्सव को 'तिजान' कहते हैं. जो तीन दिन तक चलता है. लगभग एक सप्ताह पूर्व से इसकी तैयारियां शुरू हो जाती है. बर्मी लोग इस दिन गौतम बुद्ध की पूजा करते हैं.अपने मकानों से बाहर सड़क पर जगह-जगह शामियाने लगाते हैं और वहां दोस्तों और रिश्तेदारों को मिठाइयां खिलाई जाती हैं. उसके बाद वे आपस में एक-दूसरे पर सुगंधित जल डालकर पूरे वातावरण में खुशबू फैला देते हैं.

**चीन में नववर्ष :** पड़ोसी देश चीन में नववर्ष प्रारंभ होने के एक सप्ताह पूर्व से उत्सव मनाया जाता है. इस दिन आतिशबाजी के साथ ही बीते वर्ष को विदा करके नए वर्ष का स्वागत किया जाता है. पुराने जमाने में चीन में यह मान्यता थी कि प्रत्येक परिवार की रसोई में एक देवता रहता है, जो उस परिवार की गतिविधियों पर अपनी रिपोर्ट तैयार करके वर्ष के अंत में ईश्वर के पास उसे देने के लिये जाता है और नए वर्ष के प्रारंभ होने के साथ ही वापिस उस परिवार में लौट आता है. आतिशबाजी की परम्परा, उस देवता के जाने की विदाई और लौट आने के स्वागत समारोह के साथ जुड़ी है. पिछले वर्ष और नए वर्ष के मध्य की रात्रि में चीन के लोग पूरी तरह जागरण करते हैं और अगले दिन तरह-तरह के पकवान बनाकर खाते हैं.

**जापान में नववर्ष :** नववर्ष के उपलक्ष्य में जापान में घरों को हरे बांस और चीड़ की लकड़ियों से सजाया जाता है तथा मेहमानों को स्वादिष्ट भोजन कराया जाता है. जापानी लोग इस अवसर पर किसी का ऋण लौटा देना अपना कर्तव्य मानते हैं. यदि किसी जापानी के पास ऋण चुकाने के लिये धन न हो तो वह अपने घर का सामान बेचकर भी ऋण चुकाने का प्रयत्न करता है. इसके लिये जापान में एक विशेष बाजार भी लगाया जाता है. जहां सामान का उचित मूल्य भी मिल जाता है. जापान में इस दिन पतंग उड़ाने का भी प्रचलन है. छोटे बच्चों की पढ़ाई शुरू करने के लिये भी इस दिन को जापान में शुभ माना जाता है. जापान में नववर्ष के त्यौहार तीन दिनों तक मनाये जाते हैं. इन दिनों वहां मनाये जाने वाले त्यौहार को 'याबुरी' के नाम से पुकारा जाता है. इन तीनों दिनों में लोग खूब खुशियां मनाते हैं और खाते-पीते हैं. वहां नए साल के पहले दिन स्वच्छ जल पीना आवश्यक होता है. ऐसी मान्यता है कि इस प्रकार स्वच्छ जल पीने से मनुष्य दीर्घायु होता है. अन्य देशों की भांति वहां भी लोग इस दिन एक दूसरे को शुभकामनायें देते हैं.

**मॉरीशस में नववर्ष :** मॉरीशस में नववर्ष को प्रमुख पर्व माना जाता है. मॉरीशस विभिन्न देशों के निवासियों का संगम है.यहां नववर्ष सभी जातियों के लिये एक उत्साह लेकर आता है. नववर्ष मनाने के लिये यहां एक महीने पहले से तैयारियां शुरू हो जाती हैं. घरों की सफाई व पुताई की जाती है. लोग नये-नये कपड़े व एक-दूसरे को देने के लिये उपहार खरीदते हैं. व्हिस्की, वाइन आदि पहले से ही खरीद लाते हैं. 31 दिसम्बर के दिन परिवार के सभी सदस्य और मित्रगण एक जगह पर एकत्रित होते हैं. रात को 12 बजे तक शराब पीते व ताश खेलते हैं. 12 बजे के बाद सब लोग एक कमरे में इकट्ठे होकर 'शैम्पेन' पीते हैं तथा 'किस' कर शुभकामनायें देते हैं तथा सुबह पांच बजे तक नृत्य चलता है, फिर सुबह सब नहा-धोकर नए वस्त्र पहनकर एक-दूसरे के घर जाकर शुभकामनायें देते हैं तथा 'पेय' आदि का सेवन करते हैं.

**अफगानिस्तान में भी नववर्ष :** अफगानिस्तान में नववर्ष पहली जनवरी को न मनाकर 'अमल' की पहली तारीख अर्थात अंग्रेजी कैलेण्डर की 21 मार्च को मनाया जाता है. 20 मार्च को खुशी का दिन होता है. उस रात हरी सब्जियों के साथ-साथ कड़ी चावल भी बनते हैं. लोग नए कपड़े पहनते हैं. 12 बजे बत्तियां बुझा दी जाती हैं . लोग 12 बजते ही एक दूसरे को नववर्ष को शुभकामनायें देना शुरू कर देते हैं. उसके बाद दो-तीन बजे के लगभग घर से बाहर कहीं जाना तथा घास पर चलना जरूरी होता है. इसे 'सबजाला-हा-गाटकरदान' कहते हैं.

**तंजानिया में नववर्ष :** तन्जानिया में ईद तथा क्रिसमस प्रमुख पर्व होने की वजह से नववर्ष बहुत धूमधाम से नहीं मनाया जाता. नववर्ष की खुशी में तन्जानिया में 30 दिसम्बर की शाम से नृत्य व संगीत लहरी छिड़ जाती है. लोग शाम को लोकनृत्य करते हैं. वे अपने घरों, दफ्तरों तथा अन्य इमारतों को सजाते हैं. कुछ लोग क्लब जाते हैं. जहां म्यूजिक चलता है. यहां लोगों का मुख्य काम नववर्ष पर व्हिस्की पीना होता है. लोग एक-दूसरे को शुभकामनायें देते हैं 'उफवातु' 'नाम्वाकाम्पया' अर्थात नववर्ष के साथ खुश रहो.

**थाईलैण्ड में नववर्ष :** थाईलैण्ड में 30 दिसम्बर को ही खाने-पीने की चीजें तैयार की जाती हैं तथा पार्टी दी जाती है. इस दिन विशेष खाना बनता है. रात्रि में लोग बाहर जाते हैं तथा अर्द्धरात्रि को किसी दूसरे के घर या किसी विशेष स्थान पर नववर्ष मनाते हैं. नृत्य व संगीत प्रमुख आकर्षण होता है. बौद्ध धर्म वाले पहली तारीख को सुबह अपने मंदिर जाते हैं. मोनेस्ट्री में बौद्ध भिक्षुओं को खाना दिया जाता है. नववर्ष के इस समारोह को ईरान में 'नौरोज' के रूप में मनाया जाता है. इस दिन परिवार के सदस्य एक मेज के चारों ओर बैठते हैं तथा बारी- बारी से अंकुरित बीजों को पानी से भरे बर्तन में डालते हैं, जो मेज के बीचोंबीच रख दिया जाता है. इस बर्तन के इर्द-गिर्द एक शीशा, झंडा, एक मोमबत्ती तथा एक रोटी रखी रहती है. ऐसा करना ये लोग बड़ा शुभ मानते हैं. रात्रि को ईरान के लोग अपने-अपने घरों पर रोशनी करते हैं और एक-दूसरे को शुभकामनायें देते हैं.

**इंडोनेशिया में नववर्ष :** इंडोनेशिया में नववर्षोत्सव 'को 'गांलून' के नाम से मनाया जाता है. इस दिन लोग वहां नये वस्त्र पहनते हैं. तरह-तरह के पकवान खाते हैं और आपस में एक-दूसरे को नववर्ष की बधाई देते हैं.

**आस्ट्रेलिया में नववर्ष :** यहां नववर्ष बड़े उल्लास व परम्परागत ढंग से मनाने की परम्परा है. यहां इसे क्रिसमस पर्व की भांति ही आनन्दपूर्वक मनाते हैं. इस दिन वहां लोग जमकर खुशियां मनाते हैं, खाते-पीते हैं तथा एक- दूसरे को शुभकामनायें देने की परम्परा भी है. इसके अतिरिक्त आस्ट्रेलिया में नववर्ष पर लोग एक-दूसरे को शुकर की अनुकृति, चिमनी, बुश, नाल के आकार की एक वस्तु, क्लीकर के चार पत्ते, चांदी और स्वर्ण मुद्रा आदि भी देते हैं. इन्हें वहां सौभाग्यशाली माना जाता है.

**रुस में दो नववर्ष :** रूस में एक ही वर्ष में दो बार नववर्ष के त्यौहार को मनाने की परम्परा है. पूरे विश्व के साथ पहली जनवरी को यहां भी नववर्ष मनाया जाता है. लोग खूब खुशियां मनाते हैं. खाते-पीते व एक दूसरे को शुभकामनायें देते हैं. इसके कुछ ही दिन बाद तेरह जनवरी को पुनः रूस में नववर्ष मनाया जाता है. पुरानेने जमाने में रूसी लोग परम्परागत वर्ष को ही मानते थे. उनका वर्ष आज के अंग्रेजी कैलेण्डर से 13 दिन पश्चात होता था, इसलिये 13 जनवरी भी उनके लिये महत्वपूर्ण हो गयी. यही परिपाटी वहां आज भी प्रचलित है. अतः वहां नववर्ष दो बार मनाया जाता है. दूसरे अवसर यानी 13 जनवरी को भी लोग विभिन्न समारोह आयोजित करके खुशियां मनाते हैं. दावतें खाते हैं और शुभकामनाओं का आदान-प्रदान करते हैं. इस प्रकार पूरे विश्व में नववर्ष एक नई चेतना व उल्लास के साथ मनाया जाता है.

*(विभूति फीचर्स)*




## आपका जन्मदिन मंगलमय हो

**1 जनवरी**

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ. आपका जन्मतिथि 1 जनवरी है. अंक ज्योतिष के अनुसार आपकी जन्मतिथि का स्वामी ग्रह सूर्य है. इस माह का अधिपति ग्रह शनि है. आप आजीवन शनि एवं सूर्यग्रह के सम्मिलित प्रभाव में रहेंगे. आप दयालु व सहयोगी प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं. आपके जीवन में कई बार अप्रत्याशित रूप से घटनाएँ घटित होंगी. आपका व्यवहार निश्छल एवं उदार होगा. आप एक बार जो भी निर्णय लेंगे उस पर अन्त तक कायम रहेंगे. आपका मस्तिष्क उर्वर व जागरूक होगा. आप जिससे भी एक बार मिल लेंगे, उससे हमेशा के लिए आपका सम्पर्क बन जाएगा. भौतिक सुख-सुविधा के लिए आप सदैव प्रयत्नशील रहेंगे. आपको क्रोध बहुत जल्दी आएगा. व्ययशील प्रवृत्ति के होने के कारण आपके पास सदैव धन का अभाव बना रहेगा. आपमें किसी भी विषय या समस्या पर त्वरित निर्णय लेने की अद्भुत क्षमता होगी. आप व्यस्त रहना ज्यादा पसन्द करेंगे. आपका दाम्पत्य जीवन मधुर रहेगा. आपकी स्मरण शक्ति श्रेष्ठ होगी. राजनैतिक-सामाजिक क्रियाकलापों में भी आपकी रुचि रहेगी. कला-संगीत के प्रति भी आपका रुझान रहेगा. सौभाग्य हेतु अपने इष्ट देवी-देवता की आराधना अवश्य करें. अपने दैनिक जीवन में सुनहरा एवं नारंगी रंगों से सम्बन्धित वस्तुओं का प्रयोग अधिकतम करें. लाल रंग की वस्तुओं का दान भी करें. लाल वस्त्र में गेहूँ, गुड़, लाल फूल एवं तांबे का सिक्का दक्षिणा सहित दान में देवें. सदाचार का पालन करें. समाजसेवा निष्काम भाव से करें, अहिंसा का पालन करें. सफलता के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें.

**आपके लिए अनुकूल :-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मन्त्र | : | ॐ घृणि सूर्याय नमः | मास | : | जनवरी, जुलाई एवं दिसम्बर |
| व्रत | : | रविवार | वर्ष | : | 1, 10, 19, 28, 37, 46, 55, 64 |
| दिन | : | रविवार, बुधवार एवं गुरुवार | रंग | : | नारंगी, सुनहरा एवं पीला |
| दिनांक | : | 1, 10, 19, 28 | जन्मरत्न | : | माणिक्य |
| अंक | : | 2, 4, 7 | उपरत्न | : | गार्नेट (तामड़ा) |

**यंत्र**

| | | |
|---|---|---|
| 6 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 3 |
| 2 | 9 | 4 |

*वर्ष का महत्वपूर्ण समय–22 मार्च से 28 अप्रैल, 10 जुलाई से 20 अगस्त*

*हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित व अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद*

**विमल जैन** एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, पंचक्रोशी मार्ग, भोजूबीर, वाराणसी-221002 मो0 : 09335414722

## आपका आज का दिन 2025

**मेष :** व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, शिक्षा एवं प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, मौज-मस्ती के निमित्त व्यय, मनोरंजन की ओर रुझान.

**वृषभ :** भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, प्रतिकूल परि-स्थितियों पर विजय, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास सार्थक, बुद्धि का विकास, धार्मिक स्थलों की यात्रा से मन प्रसन्न.

**मिथुनः** स्वास्थ्य विपरीत, पारिवारिक उलझनें, प्रेम सम्बन्धों में अड़चनें, पठन-पाठन में अरुचि, विरोधी सक्रिय, धनहानि की आशंका, कार्यक्षमता में कमी, हानि भी.

**कर्क :** आर्थिक व्यावसायिक उन्नति का सुअवसर, विशिष्ट-जनों से सम्पर्क, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, इच्छित पद की प्राप्ति, मान-सम्मान का सुयोग.

**सिंह :** भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, आर्थिक उन्नति, धनागम का सुयोग, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला सुलझने की ओर, जीवनसाथी से अपेक्षित सहयोग.

**कन्याः** अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक, विशिष्टजनों से सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, घरेलू वातावरण सुखद, पठन-पाठन में रुचि, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय.

**तुलाः** दिनचर्या अव्यवस्थित, सहयोगियों से विवाद की आशंका, दाम्पत्य जीवन में मतभेद, यात्रा में निराशा, पठन-पाठन में अरुचि, नवीन समस्याएँ प्रभावी.

**वृश्चिक :** कुछेक समस्याओं का समाधान, नवयोजना दृष्टि-गत, बकाए धन की प्राप्ति, धार्मिक कार्यों में रुचि, वैवाहिक सम्बन्धों में सुधार, मानसिक शांति, लाभ भी.

**धनु :** बहुप्रतीक्षित कार्यों में सफलता, नवयोजना दृष्टिगत, आर्थिक-व्यावसायिक उन्नति, अध्यात्म के प्रति आस्था, जनकल्याण की भावना जागृत, नवसम्पर्क लाभदायी.

**मकरः** आर्थिक प्रगति, दूसरों की सलाह से कामयाबी, सुसमाचार की प्राप्ति, नौकरी में प्रोन्नति, उत्तरदायित्व का निर्वाह, मित्रों से अपेक्षित सहयोग, धनागम भी.

**कुम्भः** समय असंतोषजनक, लाभार्जन में कमी, आत्मिक शांति का अभाव, धर्म के प्रति अरुचि, मित्रों से मतभेद, कर्ज से परेशान, यात्रा से निराशा, विवाद से हानि .

**मीनः** विचाराधीन योजना को मूर्तरूप में परिणित, सामाजिक कृत्यों से सुयश की प्राप्ति, परिवार में हर्षोल्लास, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास, आत्मीयजनों में मधुरता.

**- ज्योतिषाचार्य विमल जैन, वाराणसी, मो. नं. 09335414722**

# मानव धर्म-शास्त्र

लेखक : लक्ष्मी नारायण मीणा



मानव धर्मशास्त्र के प्रणेता
अवधूत देवी दास जी महाराज

### अष्टम स्कन्ध

***जन्मत सुत रां उच्चारी । पीड़ा प्रसव विगत महतारी ।।***
***चहुँदिसि भयउ प्रकृति उछाहु । मंगल सुगन अनुकूल सबाहु ।।***

व्याख्या - जन्म लेते ही पुत्र ने रां नाम का उच्चारण किया, जिससे माता की प्रसव पीड़ा तुरन्त दूर हो गई । चारों तरफ प्रकृति में उत्साह छा गया तथा समस्त मंगलकारी सगुन होने लग गए ।

***समाचार सुनि ऋषि सब आए । देखि मुख छवि आशीष बरसाए ।।***
***बालक इहँ होइब ब्रम्ह ग्यानी । सकल ऋषि मुनि कहा बखानी ।।***

व्याख्या - समाचार सुनकर सब ऋषि आए और बालक की छवि देखकर आर्शीवाद देने लगे । सब ऋषि - मुनियों ने कहा कि यह बालक ब्रम्हज्ञानी होगा ।

***दो - हुआ न होइब योगी ऐहि सम बाल कपाल असि परी रेख ।***
***नाम कपिल भल होइब इँह कहहिं ऋषि जन नक्षत्र देख ।।5।।***

व्याख्या - ऋषि लोग नक्षत्रों का विचार कर कहने लगे कि इस बालक के समान योगी न तो कोई हुआ है और न होगा । क्योंकि बालक के कपाल पर ऐसी रेखा है । अत: इस बालक का नाम ' कपिल ' अच्छा होगा ।

***ब्रम्ह चिन्तन करहि दिनु राति । भयउ बड़ कपिल ऐहि भांति ।।***
***मुनि आश्रम भा आनन्द धामा । सुत क्रीड़ा मुदित कर्दम बामा ।।***

व्याख्या - ब्रम्ह का रात - दिन चिन्तन करते हुए कपिल बड़ा होमे लगा । मुनि कर्दन का आश्रम आनन्द का घर बन गया तथा पुत्र की क्रीड़ा देखकर कर्दम की पत्नी प्रसन्न रहने लगी ।

वैश्विक परिवार दिवस (1 जनवरी) पर विशेष

# विश्व बंधुत्व की भावना से ही बनेगा वैश्विक परिवार



**–रमेश सर्राफ धमोरा**

महात्मा गांधी के पसंदीदा भजन-वैष्णव जन तो तेने कहिये जे पीड़ परायी जाणे रे अर्थात दूसरों की पीड़ा समझने वाला ईश्वर के समान होता है- इसे भारत सही अर्थों में चरितार्थ कर रहा है. भारत हमेशा से विश्व बंधुत्व की भावना के सिद्धांत को अपनाकर उसी मार्ग पर चलाता आ रहा है. भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जो हमेशा से सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास करता रहा है. दुनिया के किसी भी देश में कैसा भी संकट आया हो भारत उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा नजर आता है. इसी को कहते हैं विश्व बंधुत्व की भावना. वैश्विक परिवार दिवस यदि दुनिया का कोई देश सही मायने में मनाता है तो वह भारत ही हैं. भारत में आज भी अतिथि देवो भव की भावना जिंदा है. यहां के लोग स्वयं भूखे रहकर अतिथियों को भोजन करवाना अपना परम धर्म समझते रहे हैं. वैश्विक परिवार का अर्थ है वसुधैव कुटुम्बकम इसका मूल सिद्धांत यह है कि संपूर्ण मानवता एक परिवार है. इस विचारधारा के अनुसार, प्रत्येक व्यक्ति चाहे वह किसी भी राष्ट्र, जाति, या धर्म से हो, एक ही व्यापक परिवार का हिस्सा है. इस सिद्धांत के अनुसार, विश्व में सभी का समान महत्व है और हर किसी को समान सम्मान मिलना चाहिए. दुनिया भर में लोग नए साल की पहली सुबह का आनंद उठाते हैं. लोग अपने दोस्तों, परिवार और करीबी लोगों के इस खास दिन का जश्न मनाते हैं. नए साल के साथ ही साल के पहले दिन यानी एक जनवरी को वैश्विक परिवार दिवस भी मनाया जाता है. हर साल एक जनवरी को मनाए जाने वाले इस दिवस के जरिए परिवारों के माध्यम से राष्ट्रों और संस्कृतियों में एकता, समुदाय और भाईचारे की भावना पैदा करता है. दुनिया में शांति बनाए रखने के लिए जरूरी है कि एक परिवार का निर्माण हो. ताकि विश्व में शांति की स्थापना होने के साथ ही हिंसा भी कम की जा सकें. जब पूरी दुनिया नए साल का जश्न मनाती है. उसी दिन पूरे विश्व में वैश्विक परिवार दिवस मनाया जाता है. ताकि विश्व में रहने वाले सभी लोग एक परिवार की तरह रहें. इस तरह विश्व के सभी राष्ट्रों और समुदाय में भाईचारे की भावना पैदा हो सके. वैश्विक परिवार दिवस जिसे विश्व शांति दिवस के रूप में भी जाना जाता है. दुनिया में सद्भाव और एकता की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए हर साल मनाया जाता है. यह दुनिया के एक वैश्विक गांव के विचार पर जोर देता है. जिसमें नागरिकता, सीमा या नस्ल की परवाह किए बिना हम सभी एक परिवार हैं. एक खुशहाल परिवार वह परिवार नहीं है जिसमें हर कोई एक दूसरे के जैसा सोचता, काम करता, महसूस करता या व्यवहार करता हो. एक खुशहाल परिवार की एक पहचान यह है कि पूरा परिवार एक दूसरे को वैसे ही स्वीकार करता हैं. यह दिन पूरे विश्व को एक परिवार मानता है. वैश्विक परिवार दिवस को शांति और साझाकरण के वैश्विक दिवस के रूप में मनाया जाता है. इस दिन का उद्देश्य बहुसंस्कृतिवाद, बहुलवाद को बढ़ावा देना और शांति और सद्भाव के साथ एक-दूसरे के साथ रहना सिखाना है. यह दिन विश्व के एक वैश्विक परिवार होने के विचार को बढ़ावा देता है. इसका उद्देश्य एकजुट होना और इस विचार को बढ़ावा देकर शांति का संदेश फैलाना है कि पृथ्वी एक वैश्विक परिवार है. ताकि दुनिया को सभी के लिए रहने के लिए एक बेहतर जगह बनाया जा सके. वैश्विक परिवार दिवस की उत्पत्ति दो पुस्तकों में हुई थी. पहली 1996 में अमेरिकी लेखकों स्टीव डायमंड और रॉबर्ट एलन सिल्वरस्टीन द्वारा लिखित वन डे इन पीस 1 जनवरी 2000 नामक बच्चों की किताब थी. वहीं दूसरी किताब अमेरिकी शांति कार्यकर्ता और लेखक लिंडा ग्रोवर का 1998 का यूटोपियन उपन्यास ट्री आइलैंडरू ए नॉवेल फॉर द न्यू मिलेनियम थी. विशेष रूप से ग्रोवर ने 1 जनवरी को शांति के वैश्विक दिवस के रूप में स्थापित करने काफी अहम भूमिका निभाई थी. इन किताबों के विचारों के आधार पर ही 1997 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1 जनवरी को शांति का एक दिन मनाने की घोषणा की. बाद में 1999 में संयुक्त राष्ट्र और इसके सदस्य देशों ने पहली बार वैश्विक परिवार दिवस मनाया गया. इस दिवस की सफलता को देखते हुए साल 2001 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस दिन को एक वार्षिक कार्यक्रम के रूप में स्थापित किया. इसके बाद से हर साल एक जनवरी को वैश्विक परिवार दिवस के रूप में मनाया जाने लगा. नए साल की शुरुआत के साथ ही इस दिन को मनाने का मकसद एक ऐसे समाज की स्थापना करने का प्रयास है जहां सिर्फ शांति हो. हालांकि यह एक नई शांतिपूर्ण दुनिया की शुरुआत थी और 1999 में सभी संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों को शांति निर्माण की दिशा में रणनीति विकसित करने के लिए उस विशेष वर्ष के पहले दिन को औपचारिक रूप से समर्पित करने का निमंत्रण मिला. इस दिन के सकारात्मक प्रभाव को देखते हुए 2001 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा वैश्विक परिवार दिवस को एक वार्षिक कार्यक्रम घोषित किया गया. पहला वैश्विक परिवार दिवस पहली बार वर्ष 2000 में एक जनवरी को देखा गया था. तब से हर साल नए साल के पहले दिन को वैश्विक परिवार दिवस के रूप में मनाया जाता है. नए साल के आगाज साथ ही वैश्विक परिवार दिवस भी मनाया जाता है. वैश्विक परिवार दिवस को हर साल एक जनवरी को मनाने का मुख्य उद्देश्य दुनिया के सभी देशों, धर्मों के बीच शांति की स्थापना करते हुए युद्ध और अहिंसा को टालना है. साथ ही यह भी कोशिश है कि आपसी मतभेदों को बात-चीत के जरिए से निपटाया जाए और एक शांतिपूर्ण समाज की स्थापना की जा सके. इस दिन के लिए परिवार को काफी अहम माना गया है. क्योंकि परिवार के जरिए ही विश्व में शांति स्थापित की जा सकती है. वैश्विक परिवार दिवस मनाने का सबसे अच्छा तरीका अपने परिवार के साथ दिन बिताना है. इस दिन लोग एक साथ रात्रिभोज की योजना बनाते हैं और अन्य पारिवारिक गतिविधियों का आनंद लेते हैं जो उनके बंधन को मजबूत करते हैं और शांति को बढ़ावा देते हैं. परिवार के साथ मनोरंजक गतिविधियों में एक साथ शिविर लगाना या एक साथ खाना बनाना, पिकनिक पर जाना, ट्रेक और बहुत कुछ शामिल हो सकता है. इस दिन को समुदाय के हिस्से के रूप में मनाने के लिए आप उन संगठनों के लिए स्वयंसेवक बन सकते हैं जो समुदाय का निर्माण करते हैं, हिंसा को कम करते हैं और अपने परिवार के साथ सुरक्षा को बढ़ावा देते हैं. आप वैश्विक शांति की दिशा में प्रयासों के बारे में कोई भी फिल्म देख सकते हैं. आज पूरी दुनिया में युद्ध का वातावरण है. कई देशों में युद्ध छिड़ा हुआ है तो कई देश युद्ध के मुहाने पर खड़े हुए हैं. तीसरे विश्व युद्ध की आशंका व्यक्त की जा रही है. लोग एक- दूसरे के दुश्मन बनते जा रहे हैं. जरा-सी बात पर लड़ाई झगड़ा होने लगता है. ऐसे में वैश्विक परिवार दिवस हमारे लिए आशा की एक नई किरण लेकर आता है. इस दिवस से हमें पूरे विश्व को एक परिवार के रूप में बनाने की प्रेरणा मिलती है. यदि हम वैश्विक परिवार दिवस की अवधारणा के अनुरूप एक दूसरे के प्रति सहयोग की भावना अपना कर काम करे तो दुनिया शांति के पथ पर चलने लगेगी और सही मायने में इस दिवस की सार्थकता भी सिद्ध हो सकेगी. ***(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं)***

# स्थिर हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए लगातार काम करने की क्वाड ने जताई प्रतिबद्धता

**नई दिल्ली:** हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य ताकत के बीच, भारत और 'क्वाड' (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) के अन्य सदस्य देशों ने स्वतंत्र, खुला और शांतिपूर्ण क्षेत्र सुनिश्चित की दिशा में काम करने के लिए समूह की दृढ़ प्रतिबद्धता की मंगलवार को पुन: पुष्टि की. समूह के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों ने क्वाड सहयोग की 20वीं वर्षगांठ पर एक संयुक्त बयान जारी कर यह प्रतिबद्धता दोहराई. विदेश मंत्रियों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन द्वारा अपनी शक्ति का प्रदर्शन किए जाने के बीच कहा कि 'क्वाड' इस क्षेत्र की भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए मिलकर काम करेगा. भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान 20 साल पहले 2004 में हिंद महासागर में आए भूकंप और सुनामी के बाद सहायता मुहैया कराने के लिए एक साथ आगे आए थे. इस समूह ने बाद में 'क्वाड' का रूप लिया. क्वाड ने पिछले कुछ वर्षों में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा, बुनियादी ढांचे एंव संपर्क सुविधा के मामलों समेत कुछ सबसे बड़ी आवश्यकताओं और चुनौतियों से निपटने के लिए कई कदम उठाए हैं. भारत अगले 'क्वाड' शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा जो 2025 की दूसरी छमाही में होने की संभावना है. इन चारों देशों के विदेश मंत्रियों ने कहा कि 'क्वाड' हिंद-प्रशांत की भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मिलकर काम करेगा. संयुक्त वक्तव्य में



कहा गया, साझेदारों के रूप में हमारा एक ऐसे स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर साझा दृष्टिकोण है जो शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध हो. 'क्वाड' के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में 10 देशों के समूह आसियान (दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संगठन) की महत्ता की भी बात की. मंत्रियों ने कहा, हम आसियान देशों की महत्ता एवं एकता के साथ-साथ हिंद-प्रशांत पर उसके दृष्टिकोण को मुख्य धारा में लाने और लागू करने के प्रति अपने अटूट समर्थन की पुष्टि करते हैं. उन्होंने कहा, हम प्रशांत क्षेत्र के नेतृत्व वाली क्षेत्रीय संरचना का सम्मान करते हैं, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण प्रशांत द्वीप समूह मंच है. हम क्षेत्र के प्रमुख संगठन हिंद महासागर रिम एसोसिएशन के प्रति भी दृढ़ समर्थन व्यक्त करते हैं. उन्होंने कहा, क्वाड क्षेत्र की भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए मिलकर काम करने को लेकर प्रतिबद्ध है. 'क्वाड' के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों ने हिंद महासागर में आए भूकंप और सुनामी का जिक्र करते हुए बताया कि चारों देश चुनौतियों का सामना करने के लिए किस तरह एक साथ आगे आए. उन्होंने कहा, सुनामी इतिहास की सबसे भयानक आपदाओं में से एक थी, जिसमें 14 देशों में लगभग 25 लाख लोगों की जान चली गई और 17 लाख लोग विस्थापित हुए. उन्होंने कहा, हमारे चारों देशों ने मिलकर 40,000 से अधिक आपातकालीन प्रतिक्रिया दल भेजे तथा आपदा से प्रभावित लाखों लोगों की सहायता के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अन्य भागीदारों के साथ मिलकर काम किया. मंत्रियों ने बयान में कहा कि मानवीय सहायता और आपदा राहत को लेकर चारों देशों की मजबूत आधारभूत प्रतिबद्धता है. उन्होंने कहा, हम क्षेत्र में आपदाओं से निपटने की तैयारी करने और इस दिशा में त्वरित एवं प्रभावी कदम उठाने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे हैं. उन्होंने कहा, चारों देशों ने 2024 में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में आपदा से निपटने की तैयारियों और जीवन रक्षक राहत प्रयासों के लिए मिलकर काम किया और हम मानवीय संकटों एवं आपदाओं से बेहतर तरीके से निपटने के नए तरीकों की पहचान करने के लिए इन प्रयासों को बढ़ाना जारी रखेंगे. मंत्रियों ने इस बात पर भी संक्षेप में प्रकाश डाला कि 'क्वाड' हिंद-प्रशांत क्षेत्र में जटिल चुनौतियों से निपटने पर कैसे ध्यान केंद्रित कर रहा है. बयान में कहा गया, एक आपदा से निपटने के लिए आपातकालीन प्रतिक्रिया के रूप में जो शुरू हुआ, वह हमारे क्षेत्र के लोगों के लिए सकारात्मक परिणाम देने वाली पूर्ण साझेदारी में विकसित हो गया है. इसमें कहा गया है कि 'क्वाड' के सदस्य देश जलवायु परिवर्तन, कैंसर और महामारी से लड़ने से लेकर गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, आतंकवाद विरोधी प्रयासों, महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र तक कई जटिल चुनौतियों से निपटने के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र में साझेदारों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं. मंत्रियों ने कहा, 2021 से चारों देशों के नेता दक्षिण एशिया, दक्षिण-पूर्व एशिया और प्रशांत क्षेत्र में 'क्वाड' के सकारात्मक योगदान को आगे बढ़ाने के लिए हर साल मिलते हैं.

## 2025 में गुणवत्तापूर्ण निर्माण पर ध्यान देगा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय

**नई दिल्ली:** देश में पिछले 10 वर्षों में रिकॉर्ड 56,700 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) का निर्माण करने के बाद सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय 2025 में राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण और रखरखाव की गुणवत्ता पर ध्यान देगा. सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास, संचालन तथा रखरखाव का जिम्मा है. राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई 2013-14 में 0.91 लाख किलोमीटर से अब बढ़कर 1.46 लाख किलोमीटर हो गई है. नवनियुक्त राजमार्ग सचिव वी. उमाशंकर ने राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण और रखरखाव की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए कई बैठकें की हैं. दिल्ली-जयपुर (एनएच-48) और अमृतसर-जामनगर आर्थिक गलियारे जैसे कुछ राजमार्गों की खराब गुणवत्ता को लेकर सोशल मीडिया पर आलोचना का सामना करने के बाद मंत्रालय गुणवत्ता में सुधार के लिए कदम उठाने जा रहा है. केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कुछ राजमार्गों के निर्माण की खराब गुणवत्ता पर बार-बार निराशा व्यक्त की है. राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण व रखरखाव की गुणवत्ता का आकलन करने और जवाबदेही बढ़ाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने इस महीने की शुरुआत में ऐसे कार्यों में लगे रियायतग्राहियों के प्रदर्शन के आकलन के लिए एक व्यापक रेटिंग प्रणाली शुरू की.

### पंजाब सरकार ने उच्चतम न्यायालय को किया सूचित

# अगर केंद्र बातचीत के लिए तैयार हुआ तो डल्लेवाल चिकित्सा सहायता लेने के लिए राजी

**नई दिल्ली:** पंजाब सरकार ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि एक महीने से अधिक समय से आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल चिकित्सा सहायता लेने के लिए सहमत हैं, बशर्ते कि केंद्र बातचीत का उनका प्रस्ताव स्वीकार कर ले. न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की अवकाशकालीन पीठ ने पंजाब सरकार की उस याचिका पर संज्ञान लिया, जिसमें उच्चतम न्यायालय के 20 दिसंबर के आदेश के अनुपालन के लिए तीन दिन का और समय देने का अनुरोध किया गया था. पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह ने कहा, वार्ताकारों के अनुसार किसानों द्वारा केंद्र सरकार को एक प्रस्ताव दिया गया है कि अगर उन्हें बातचीत के लिए निमंत्रण मिलता है, तो डल्लेवाल अपनी इच्छानुसार चिकित्सा सहायता लेने के लिए तैयार हैं. सिंह ने कहा, इसलिए, राज्य सरकार कुछ और समय मांग रही है और निर्देशों के अनुपालन की दिशा में सकारात्मक रूप से काम कर रही है. पीठ ने कहा, जहां तक बातचीत या आपकी कानून-व्यवस्था का सवाल है, हम इस पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे. अगर कुछ ऐसा होता है जो दोनों पक्षों और सभी संबंधित हितधारकों को स्वीकार्य हो, तो हमें भी उतनी ही खुशी होगी. फिलहाल, हम केवल अपने आदेशों के अनुपालन को लेकर चिंतित



हैं. अगर आप और समय चाहते हैं, तो हम विशेष परिस्थितियों में आपको कुछ समय देने के लिए तैयार हैं. सिंह ने पीठ की इस बात से सहमति जताई कि इस स्तर पर वार्ता को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की जानी चाहिए और उन्होंने कुछ समय देने का अनुरोध किया. केंद्र और हरियाणा सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि इस मुद्दे पर उनके पास कोई निर्देश नहीं हैं. महाधिवक्ता (एजी) ने कहा कि पक्षकारों और वार्ताकारों ने किसानों से बातचीत करके अदालत के निर्देशों का पालन करने की कोशिश की थी. इसके अलावा, सरकार ने प्रदर्शन स्थल पर 7,000 कर्मियों को तैनात किया. हालांकि 30 दिसंबर को अन्य किसान संगठनों द्वारा पंजाब बंद का आह्वान किया गया, जिससे सरकार के प्रयासों में बाधा उत्पन्न हुई. पीठ ने दलीलें दर्ज कीं और डल्लेवाल को अस्पताल में स्थानांतरित करने के अपने आदेश के अनुपालन के लिए मामले में सुनवाई दो जनवरी, 2025 तय की. पीठ ने कहा, हम अदालत द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन के लिए कुछ और समय देने के अनुरोध को स्वीकार करने को तैयार हैं. पंजाब के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिया गया है कि वे सुनवाई के दौरान डिजिटल माध्यम से व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहें. इससे पहले 28 दिसंबर को शीर्ष अदालत ने डल्लेवाल को अस्पताल नहीं भेजने के कारण पंजाब सरकार को कड़ी फटकार लगाई थी. साथ ही उसने 70 वर्षीय किसान नेता को चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने में बाधा डालने के लिए प्रदर्शनकारी किसानों की मंशा पर भी संदेह जताया था. पंजाब सरकार ने कहा कि उसे प्रदर्शनकारी किसानों से भारी प्रतिरोध का सामना करना पड़ा, जिन्होंने डल्लेवाल को घेर लिया और उन्हें अस्पताल ले जाने से रोक दिया.

# 'गुंडा राज बर्दाश्त नहीं करेंगे, किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा'

### सरपंच हत्या मामले पर फडणवीस



**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को चेतावनी दी कि बीड में 'गुंडा राज' बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सरपंच संतोष देशमुख हत्या मामले में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा. फडणवीस ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उन्होंने देशमुख के भाई से टेलीफोन पर बात की और उन्हें आश्वासन दिया कि मामले में न्याय होगा. पुलिस ने बताया कि बीड के मासाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख का नौ दिसंबर को अपहरण कर हत्या कर दी गई थी. सरपंच की हत्या कथित तौर पर इसलिए की गई क्योंकि उन्होंने कुछ लोगों द्वारा बीड जिले में एक पवन ऊर्जा कंपनी से जबरन वसूली किए जाने की कोशिश का विरोध किया था. मुख्यमंत्री ने कहा, मैंने दिवंगत संतोष देशमुख के भाई से बात की और उनसे कहा कि उन्हें चिंता नहीं करनी चाहिए. जब तक दोषियों को फांसी नहीं हो जाती, पुलिस अपना काम करती रहेगी.

उन्होंने कहा, बीड मामले में शामिल सभी लोगों पर मुकदमा चलाया जाएगा. हम गुंडा राज बर्दाश्त नहीं करेंगे. जो लोग कानून को अपने हाथ में लेने या निवासियों से जबरन वसूली करने की कोशिश करेंगे, उन्हें सख्त परिणाम भुगतने होंगे. पुलिस फिलहाल उन संदिग्धों की तलाश कर रही है जो फरार हैं. किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा. हम उन्हें ढूंढ निकालेंगे.

इससे पहले, महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी एवं बीड जिले में सरपंच की हत्या से जुड़े जबरन वसूली के मामले में वांछित वाल्मीक कराड ने पुणे में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया. हत्या के मामले में पहले चार लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जबकि कराड को जबरन वसूली के मामले में वांछित आरोपी के रूप में नामजद किया गया था.

मुख्यमंत्री ने कहा कि मामले में शामिल सभी दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा, चाहे कुछ भी हो जाए, सभी दोषियों को पकड़ लिया जाएगा. कराड के खिलाफ क्या आरोप लगाए गए हैं, इस बारे में पूछे जाने पर फडणवीस ने कहा, पुलिस संदिग्धों के खिलाफ आरोपों और सबूतों पर जानकारी देगी. अपराध जांच विभाग (सीआईडी) बिना किसी बाहरी दबाव के मामले को संभाल रहा है. कराड द्वारा उनके खिलाफ राजनीतिक रूप से प्रेरित कार्रवाई के आरोपों के बारे में पूछे जाने पर फडणवीस ने कहा, अगर कोई सबूत है, तो किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा. हालांकि, मैं राजनीति नहीं कर रहा संतोष देशमुख के हत्यारों को सजा मिलनी चाहिए यह मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण है.

# सिनेमा 2025: सलमान खान की 'सिकंदर', आमिर खान की 'सितारे जमीन पर' से उम्मीदें

**मुंबई :** हिंदी फिल्मों के लिए कारोबार के लिहाज से 2024 अपेक्षाकृत निराशाजनक रहा, हालांकि सिनेमा जगत को 'सिकंदर', 'वॉर 2', 'रेड 2' और 'हाउसफुल 5' जैसी फिल्मों के साथ 2025 में बॉक्स ऑफिस पर बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद है. सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' से काफी उम्मीदें अधिक हैं, जो मार्च में ईद के अवसर मौके पर रिलीज होने वाली है. अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली फिल्मों में कंगना रनौत की विवादों में घिरी फिल्म 'इमरजेंसी', अक्षय कुमार की युद्ध पर आधारित 'स्काई फोर्स', शाहिद कपूर की एक्शन-थ्रिलर 'देवा' और विक्की कौशल अभिनीत ऐतिहासिक पृष्ठभूमि वाली 'छावा' शामिल हैं. वर्ष 2025 की दूसरी छमाही (जुलाई-दिसंबर) में 'जॉली एलएलबी 3', 'रेड 2', 'हाउसफुल 5', 'वॉर 2', 'बागी 4', 'दे दे प्यार दे 2' और 'सन ऑफ सरदार 2' जैसी फिल्में लोकप्रिय फिल्मों के सीक्वल भी बड़े पर्दे पर नजर आएंगे. इसके अलावा वरुण धवन की उनके पिता डेविड धवन के साथ रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म, विशाल भारद्वाज के निर्देशन में शाहिद कपूर की एक्शन फिल्म, काजोल की हॉरर-थ्रिलर फिल्म के साथ-साथ जया बच्चन, सिद्धांत चतुर्वेदी, वामिका गब्बी तथा स्वानंद किरकिरे अभिनीत 'दिल का दरवाजा खोल ना डार्लिंग', यशराज फिल्म्स की आलिया भट्ट अभिनित फिल्म 'अल्फा' और




'सिकंदर', 'स्काई फोर्स', 'छावा', 'रेड 2', 'दे दे प्यार दे 2', 'हाउसफुल 5' और 'अल्फा' जैसी फिल्में बॉक्स ऑफिस के रिकॉर्ड तोड़ कमाई कर सकती हैं. उन्होंने कहा, अगर आप 2024 में रिलीज हुई फिल्मों की बात करें तो 'पुष्पा 2' और 'स्त्री 2' से सबसे बेहतर प्रदर्शन किया. इनके अलावा 'सिंघम अगेन' और 'भूल भुलैया 3' ने भी बॉक्स ऑफिस पर कुछ हद तक अच्छी कमाई की.

आमिर की 'सितारे जमीन पर' भी 2025 में रिजली होंगी.

छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में सिनेमाघरों के मालिक वितरक-प्रदर्शक अक्षय राठी ने कहा कि 'सिकंदर', 'स्काई फोर्स', 'छावा', 'रेड 2', 'दे दे प्यार दे 2', 'हाउसफुल 5' और 'अल्फा' जैसी फिल्में बॉक्स ऑफिस के रिकॉर्ड तोड़ कमाई कर सकती हैं. उन्होंने कहा, अगर आप 2024 में रिलीज हुई फिल्मों की बात करें तो 'पुष्पा 2' और 'स्त्री 2' से सबसे बेहतर प्रदर्शन किया. इनके अलावा 'सिंघम अगेन' और 'भूल भुलैया 3' ने भी बॉक्स ऑफिस पर कुछ हद तक अच्छी कमाई की.

राठी ने कहा, फिल्म प्रदर्शन से जुड़े बुनियादी ढांचे को बनाए रखने के लिए हमें हर महीने एक ब्लॉकबस्टर की जरूरत है. हम तीन-चार ब्लॉकबस्टर फिल्मों पर निर्भर नहीं रह सकते. हमें अधिक तथा लगातार हिट फिल्मों की जरूरत है. 2025 में अधिक संख्या में फिल्मों के मेगा-ब्लॉकबस्टर होने की संभावना है. हिंदी सिनेमा की बात करें तो वर्ष 2024 में 'स्त्री 2' 500 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई करने वाली साल की सबसे बड़ी और एकमात्र हिट फिल्म रही. इसके अलावा 'शैतान', 'आर्टिकल 370', 'लापता लेडीज', 'मुंज्या', 'सिंघम अगेन' और 'भूल भुलैया 3' जैसी कुछ अन्य फिल्मों ने अच्छा कारोबार किया. 'सिनेमा ओनर्स एंड एक्जीबिटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया' के अध्यक्ष नितिन दातार और 'मिराज एंटरटेनमेंट लिमिटेड' के प्रबंध निदेशक अमित शर्मा ने कहा कि 2025 में रिलीज होने वाली फिल्मों से काफी उम्मीदे हैं. हालांकि अभी यह कह पाना मुश्किल होगा कि कौन सी फिल्म अच्छा प्रदर्शन करेगी.

दातार ने कहा, उम्मीद है कि 2025 अच्छा रहेगा और मैं 'सिकंदर', 'हाउसफुल 5', 'जॉली एलएलबी 3', 'इमरजेंसी' और 'छावा' की रिलीज का इंतजार कर रहा हूं. बाकी फिल्में धीमी शुरुआत करेंगी, लेकिन बेहतर कर सकती हैं. शर्मा ने कहा, बॉक्स ऑफिस पर कमाई के लिहाज से 2024 सबसे खराब साल रहा. 2025 में पिछले साल की तुलना में चीजें बेहतर दिख रही हैं क्योंकि इस साल 'वॉर 2', 'जॉली एलएलबी 3', 'हाउसफुल 5', 'सन ऑफ सरदार 2', 'रेड 2', 'जाट', 'स्काई फोर्स', 'सिकंदर' जैसी फिल्में रिलीज हो रही हैं. तरण आदर्श ने कहा कि कई बड़ी फिल्मों के सीक्वल आ रहे हैं जिससे 2025 कारोबार के लिहाज सिनेमा जगत के लिए बेहतर वर्ष साबित हो सकता है. फिल्म व्यापार विशेषज्ञ गिरीश वानखेड़े ने कहा कि सलमान खान की 'सिकंदर' संभवत: साल की दिशा तय कर सकती है.

## न्यूज कॉर्नर

### रूस ने कीव समेत कई शहरों पर किए हमले

**कीव:** रूस ने मंगलवार को यूक्रेन की राजधानी कीव तथा अन्य क्षेत्रों को निशाना बनाते हुए कई मिसाइल और ड्रोन दागे. यूक्रेन की वायु सेना ने तड़के तीन बजे बैलिस्टिक मिसाइल के खतरे की सूचना दी, जिसके कुछ ही मिनटों बाद कीव में कम से कम दो धमाके सुने गए. सुबह आठ बजे एक और मिसाइल अलर्ट जारी किया गया, जिसके बाद शहर में कम से कम एक विस्फोट हुआ. स्थानीय प्रशासन ने कहा कि मिसाइल का मलबा राजधानी के डार्नित्स्की जिले में गिरा, लेकिन किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई खबर नहीं है. पूर्वोत्तर में सूमी क्षेत्र के अधिकारियों ने शोस्तका शहर के पास हमलों की सूचना दी. सूमी के मेयर मायकोला नोहा ने कहा कि 12 आवासीय इमारतों के साथ-साथ दो शैक्षणिक परिसरों को भी नुकसान पहुंचा है. वायु सेना ने यूक्रेन के कई अन्य क्षेत्रों को निशाना बनाकर मिसाइलों और ड्रोन से हमला किए जाने की भी सूचना दी है. युद्ध के दौरान यूक्रेन का लगभग आधा ऊर्जा बुनियादी ढांचा नष्ट हो गया है, और बड़े पैमाने पर बिजली की आपूर्ति बाधित हुई है. यूक्रेन के पश्चिमी सहयोगियों ने उसे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के लिए वायु रक्षा प्रणाली प्रदान की है. लेकिन, रूस ने बड़ी संख्या में मिसाइलों और ड्रोन के साथ संयुक्त हमलों के जरिए उसकी वायु रक्षा को तबाह करने की कोशिश की है. वहीं, रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने मंगलवार की सुबह कई क्षेत्रों में 68 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया. पश्चिमी रूस में स्मोलेंस्क क्षेत्र के प्रमुख वसीली अनोखिन ने कहा कि ड्रोन के टुकड़े एक तेल डिपो के क्षेत्र में गिरे, जिससे आग लग गई. इस बीच, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने घोषणा की है कि उनका देश यूक्रेन को लगभग 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर के अतिरिक्त हथियार भेजेगा.

### बांसुरी स्वराज ने केजरीवाल को दी चुनौती

**नई दिल्ली:** भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा घोषित पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना को आगामी विधानसभा चुनावों से पहले तुष्टिकरण का कदम बताते हुए इसकी आलोचना की. एक संवाददाता सम्मेलन में नई दिल्ली की सांसद बांसुरी ने केजरीवाल को महिला सम्मान योजना सहित उनके द्वारा घोषित योजनाओं को लागू करने की चुनौती दी और कहा कि फिलहाल कोई आदर्श आचार संहिता लागू नहीं है. केजरीवाल ने सोमवार को फरवरी में 'आप' के सत्ता में लौटने के बाद सभी हिंदू मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारों के ग्रंथियों के लिए 18,000 रुपये मासिक मानदेय की घोषणा की थी. बांसुरी ने कहा कि आप सरकार फंड की कमी के कारण महीनों से मस्जिदों के इमामों को 18,000 रुपये का भुगतान नहीं कर पाई है और फिर भी केजरीवाल चुनाव से ठीक पहले पुजारियों और ग्रंथियों को खुश करने की कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने सवाल किया कि पिछले 10 वर्षों में पुजारियों और ग्रंथियों को कोई मानदेय क्यों नहीं दिया गया? उन्होंने आरोप लगाया कि अब चुनाव के समय वह उन्हें 'छल' के तरीके से मानदेय देने का वादा कर रहे हैं.

# ठेकेदार की आत्महत्या मामले में बिना सबूत प्रियांक खरगे को निशाना बना रही भाजपा: जी परमेश्वर

**बेंगलुरु:** कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने एक ठेकेदार की आत्महत्या के मामले में मंगलवार को अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगी प्रियांक खरगे का बचाव करते हुए कहा कि उनके खिलाफ अनावश्यक आरोप लगाए जा रहे हैं.पिछले सप्ताह बीदर में एक ठेकेदार की आत्महत्या के मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रियांक खरगे के इस्तीफे की मांग कर रही है.गृह मंत्री ने यह भी उम्मीद जताई कि सीआईडी जांच से सच्चाई सामने आएगी. ठेकेदार ने सात पन्नों का एक नोट छोड़ा था, जिसमें उसने एक व्यक्ति के खिलाफ आरोप लगाए हैं, जो खरगे का सहयोगी बताया जा रहा है. भाजपा ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया से प्रियांक खरगे को तत्काल इस्तीफा दिलाने की मांग की और मामले की जांच सीबीआई को सौंपने के लिए चार जनवरी की समयसीमा तय की.पार्टी ने ऐसा न करने पर कलबुर्गी में एक बड़ी रैली आयोजित करने के बाद मंत्री के आवास का घेराव करने की धमकी दी है.



परमेश्वर ने भाजपा की मांग पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा, प्रियांक खरगे ने खुद स्पष्ट किया है कि उनकी इसमें कोई भूमिका नहीं है और उनका इससे कोई लेना-देना नहीं है. उन्होंने (प्रियांक ने) कहा कि सुसाइड नोट में उनका नाम नहीं है. इसके बावजूद भाजपा उन्हें फंसाने की कोशिश कर रही है. कोई आधार तो होना चाहिए. अगर कोई सबूत है कि प्रियांक खरगे सीधे तौर पर इसमें शामिल हैं तो ठीक है लेकिन बिना किसी सबूत के किसी व्यक्ति पर बेवजह आरोप लगाना सही नहीं है. उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा कि भाजपा एक राष्ट्रीय पार्टी है और उन्हें इस स्तर तक नहीं गिरना चाहिए क्योंकि उनकी भी सरकार रही है और वे केंद्र में सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं. गृह मंत्री ने कहा, सरकार चलाते समय हम सभी जिम्मेदारी से काम करते हैं. प्रियांक खरगे भी जिम्मेदारी से काम कर रहे हैं. उनके खिलाफ बेवजह आरोप लगाए जा रहे हैं, अगर कोई सबूत है तो हम स्वीकार करेंगे. ठेकेदार सचिन मोनप्पा पंचाल (26) ने 26 जनवरी को ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान दे दी थी.

उन्होंने एक सुसाइड नोट छोड़ा था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि खरगे के करीबी सहयोगी राजू कपनूर ने ठेका देने के लिए एक करोड़ रुपये की मांग करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी. सुसाइड नोट में सात अन्य लोगों पर 15 लाख रुपये की रिश्वत लेने के बावजूद उसे (पंचाल) ठेका न देकर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया गया है. सुसाइड नोट के आधार पर विधायक बसवराज मट्टीमाडु सहित भाजपा के कुछ नेताओं की हत्या की कथित साजिश रचने के लिए शनिवार को कलबुर्गी में कपनूर और कांग्रेस के पांच अन्य नेताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है.

# बीते बरस में भाजपा लड़खड़ाई, लेकिन खुद को संभाल कर सत्ता रखी बरकरार

**नई दिल्ली:** पिछले साल जनवरी में उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर के भव्य उद्घाटन समारोह का अघोषित लक्ष्य सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को लोकसभा चुनावों में अभूतपूर्व लाभ दिलाना था, लेकिन आम चुनाव में पार्टी ने अपना बहुमत खो दिया, और बहुत लोगों को ऐसा लगा कि यह भाजपा के लिए उलटफेर की शुरुआत है. पिछले साल पार्टी के लिए रास्ता उसकी उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा. फिर भी पार्टी ने, हरियाणा और महाराष्ट्र जैसे राज्यों के विधानसभा चुनावों में उल्लेखनीय जीत हासिल कर एक बार फिर देश के राजनीतिक मानचित्र पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई.

बीते साल भाजपा की कमज़ोरियां और ताकत पूरी तरह से सामने आईं, लेकिन जो बात सबसे अलग रही, वह अपने संदेश और तरीकों को ज़मीन से उठने वाली आवाज़ों के हिसाब से ढालने की इसकी क्षमता थी, जो इसके अभियान की व्यापक रूपरेखा बताती है जिसमें विभिन्न घटक अपनी चुनावी ज़रूरतों के हिसाब से कम-ज्यादा होते रहते हैं. आम चुनावों के दौरान जहां राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पूरी तरह सक्रिय नहीं दिखा, वहीं उसके सहयोगी और समर्थक बाद में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा के अभियान में पूरी ताकत से मदद कर रहे थे. भाजपा केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा की जगह नए अध्यक्ष का चुनाव करने जा रही है. ऐसे में माना जा रहा है कि पार्टी के वैचारिक मार्गदर्शक माने जाने वाले हिंदुत्व संगठन की इस चुनाव में महती भूमिका होगी. सत्तारूढ़ पार्टी ने 2019 में जीती गई 303 सीटों से भी अधिक जनादेश के साथ लोकसभा चुनावों के बाद सत्ता में वापसी के उद्देश्य से 'अबकी बार, 400 पार'' का नारा दिया था.

आम चुनाव के नतीजे प्रतिकूल आये. एक तरफ पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों का एक वर्ग बदल गया और मतदाताओं का एक वर्ग भी चिंतित था. भाजपा के 'अहंकार' के विरोध में विपक्ष ने 'संविधान खतरे में' का नारा दिया, और इसका प्रभाव भी मतदाताओं पर दिखा. बिखरते 'इंडिया' गठबंधन की वजह से भारतीय जनता पार्टी ने इस साल खुद को देर से ही सही, संभाल लिया. भाजपा ने आम चुनाव में अपना बहुमत खो दिया, लेकिन पार्टी की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने 543 सदस्यीय सदन में 294 सीट हासिल की, जिससे गठबंधन को बहुमत की सरकार बनाने में कोई कठिनाई नहीं हुयी . दूसरी ओर, कांग्रेस को अकेले 99 सीटें मिली, जो पार्टी की उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन था. पिछले एक दशक में आम चुनावों में उसका यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है . कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि 'धूमिल' हो जाने का दावा किया, वहीं विपक्षी दल ने लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में उनके 100 दिन के कार्यकाल के बाद उन्हें 'लोगों की सच्ची आवाज' करार दिया.

नया साल आ गया है, मोदी ही निर्विवाद नेता बने हुए हैं, और उनकी सरकार ने गठबंधन शासन में कोई भी कमजोरी नहीं दिखाई है. वर्षांत आते-आते विपक्षी 'इंडिया' गुट में बिखराव के संकेत दिखने लगे और सहयोगी दल कांग्रेस से खुद को दूर कर रहे हैं. भारतीय जनता पार्टी की ओर से अपने गठबंधन पर लिए गए कुछ महत्वपूर्ण निर्णय पार्टी के लिये दूरदर्शी साबित हुए. इसमें पार्टी का आंध्र प्रदेश में विपक्षी तेलुगु देशम पार्टी के साथ हाथ मिलाना और ओड़िशा में बीजू जनता दल के साथ गठजोड़ समाप्त करना शामिल है. भाजपा के यह दोनों ही कदम निर्णायक साबित हुए, क्योंकि तेदेपा नेता एन चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में गठबंधन ने आंध्र प्रदेश में सत्ता हासिल की और ओडिशा में पहली बार भाजपा अपने दम पर सत्ता में आई. दोनों राज्यों के विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनावों के साथ ही हुए थे. दोनों राज्यों में राजग ने लोकसभा की 41 सीटें जीतीं, जिससे मोदी के नेतृत्व में केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन की लगातार तीसरी बार सरकार बनने की संभावना बढ़ गई.

महाराष्ट्र में लोकसभा चुनावों में भाजपा की बड़ी हार और हरियाणा में 10 लोकसभा सीटों से गिरकर पांच सीटों पर सिमट जाने से इन राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिये भाजपा की संभावनाओं के बारे में खराब पूर्वानुमान लगाए गए. दोनों ही राज्य पिछले एक दशक से भाजपा के गढ़ थे. हालांकि, भाजपा ने अपने विशाल संगठनात्मक तंत्र और संसाधनों के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह सहित शीर्ष नेताओं की जबरदस्त राजनीतिक ताकत का इस्तेमाल कर एक ऐसी प्रक्रिया शुरू की, जिसका उद्देश्य आम चुनावों में विपक्ष के अभियान की सफलता को रोकना और विशिष्ट बूथों, जातियों और क्षेत्रों को कवर करते हुए सूक्ष्म प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करना था. पार्टी ने कुछ विशेष वर्ग को ध्यान में रखते हुये कई उपायों की घोषणा की जिसमें महाराष्ट्र में 'लाड़की बहिन योजना' भी शामिल है. इसके तहत महिलाओं को नकद सहायता देने का ऐलान किया गया था . लोकसभा चुनावों के केवल पांच महीने बाद हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की अगुवाई वाले तीन दलों के गठबंधन ने विपक्षी महा विकास आघाड़ी को हाशिये पर समेट दिया ओर जबरदस्त बहुमत हासिल किया. पार्टी ने हरियाणा में भी जीत दर्ज की.

भाजपा को हार झारखंड में मिली, जहां महाराष्ट्र के साथ ही विधानसभा चुनाव हुए थे. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले 'इंडिया' गठबंधन ने झारखंड में भाजपा को करारी शिकस्त दी और दूसरे कार्यकाल के लिए सत्ता बरकरार रखी. इस गठबंधन में कांग्रेस जूनियर पार्टनर के रूप में शामिल है. भाजपा ने स्थानीय नेताओं की कमी को देखते हुए, अपने चुनाव प्रभारियों केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को वहां भेजा था. झारखंड चुनाव में बांग्लादेशियों की कथित घुसपैठ भाजपा के अभियान का मुख्य मुद्दा था. हालांकि, सोरेन के आगे सभी फीके पड़ गये.

# आईसीसी महिला गेंदबाजी रैंकिंग में पांचवें स्थान पर दीप्ति



**दुबई :** भारतीय ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा वेस्टइंडीज के खिलाफ स्वदेश में हाल में संपन्न श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन की बदौलत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की महिला एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से पांचवें पायदान पर पहुंच गई. शीर्ष पांच में जगह बनाने वाली दीप्ति के अब 665 रेटिंग अंक हैं और वह चौथे स्थान पर चल रही दक्षिण अफ्रीका की मारिजेन कैप से 12 अंक पीछे हैं. सत्ताइस साल की दीप्ति ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैच में आठ विकेट चटकाए थे जिसमें अंतिम मैच में 31 रन देकर छह विकेट भी शामिल है. भारत ने वडोदरा में यह एकदिवसीय श्रृंखला 3-0 से जीतकर क्लीनस्वीप किया था.
बल्लेबाजों की सूची में जेमिमा रोड्रिग्स 537 अंक के साथ शीर्ष 20 में जगह बनाने के करीब हैं. श्रृंखला में 29 और 52 रन की पारियां खेलकर वह चार स्थान के फायदे से 22वें स्थान पर हैं. आक्रामक बल्लेबाज रिचा घोष भी सात स्थान के फायदे से 41वें पायदान पर हैं. उनके 448 रेटिंग अंक हैं. वेस्टइंडीज की चिनेल हेनरी तीसरे एकदिवसीय में अर्धशतक की बदौलत 21 स्थान की लंबी छलांग के साथ 65वें स्थान पर हैं.
श्रृंखला में दो अर्धशतक बनाने वाली भारत की स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (720 अंक) हालांकि एक स्थान के नुकसान से तीसरे स्थान पर खिसक गई. दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट (773) और श्रीलंका की चामरी अटापट्टू (733) उनसे आगे हैं. भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर तीन स्थान के नुकसान से 13वें स्थान पर हैं. वडोदरा में अपने करियर की सातवां एकदिवसीय शतक जड़ने वाली हेली मैथ्यूज छह स्थान के फायदे से बल्लेबाजी रैंकिंग में सातवें स्थान पर पहुंच गई हैं.

# लिस्ट ए क्रिकेट में 150 रन बनाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने म्हात्रे

## जायसवाल का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा



**अहमदाबाद:** मुंबई के आयुष म्हात्रे ने मंगलवार को यहां नगालैंड के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी मैच के दौरान लिस्ट ए क्रिकेट में 150 से अधिक रन बनाने वाले सबसे कम उम्र का खिलाड़ी होने का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया. उन्होंने हमवतन यशस्वी जयसवाल के रिकॉर्ड को पीछे छोड दिया. म्हात्रे ने 17 साल और 168 दिन की उम्र में भारतीय सलामी बल्लेबाज जायसवाल द्वारा बनाए गए पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया. जायसवाल 17 साल और 291 दिन के थे, जब उन्होंने 2019 में झारखंड के खिलाफ मुंबई के लिए खेलते हुए यह उपलब्धि हासिल की थी. इस सत्र की शुरुआत में घरेलू दिग्गज मुंबई के लिए पदार्पण करने वाले म्हात्रे ने 11 छक्कों और 15 चौकों की मदद से केवल 117 गेंदों पर 181 रन बनाए. उनकी इस पारी से मुंबई ने 50 ओवर में सात विकेट पर 403 रन बनाये.
मुंबई के विरार उपनगर के रहने वाले म्हात्रे ने इस सत्र की शुरुआत में टीम में शामिल होने के बाद से सभी प्रारूपों में शानदार प्रदर्शन किया है. वह ईरानी कप विजेता मुंबई टीम का हिस्सा थे जिसने अक्टूबर में 27 साल के अंतराल के बाद शेष भारत को हराकर ट्रॉफी जीती थी. रणजी ट्रॉफी में अपने पदार्पण पर म्हात्रे ने 71 गेंदों में 52 रनों की शानदार पारी खेली लेकिन मुंबई ने यह सत्र का पहला मैच बड़ौदा के खिलाफ गंवा दिया. म्हात्रे ने इसके बाद महाराष्ट्र के खिलाफ 232 गेंदों में 22 चौकों और चार छक्कों की मदद से 176 रनों की शानदार पारी खेली जिससे मुंबई यह मैच नौ विकेट से जीता था. वह इसके बाद त्रिपुरा और ओडिशा के खिलाफ प्रभाव नहीं छोड़ सके थे लेकिन सेना के खिलाफ 149 गेंद में 116 रन की पारी के साथ प्रथम श्रेणी में अपना दूसरा शतक ठोका.
उन्होंने इसके बाद अंडर-19 एशिया कप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया. म्हात्रे ने जापान (54) और यूएई (नाबाद 67) के खिलाफ अर्धशतकीय पारियां खेली लेकिन बांग्लादेश के खिलाफ फाइनल में सस्ते में आउट हो गये. वह सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में नहीं खेले लेकिन उन्होंने 50 ओवर के राष्ट्रीय टूर्नामेंट में कर्नाटक के खिलाफ 78 रन की शानदार पारी के साथ वापसी की.

## न्यूज कॉर्नर

### कोंस्टास की तरह आक्रामक मानसिकता से खेलें आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी: वॉर्नर

**मेलबर्न :** युवा सैम कोंस्टास की तारीफ करते हुए पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने आस्ट्रेलिया के सीनियर खिलाड़ियों से फॉर्म में चल रहे भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के खिलाफ उसी की तरह आक्रामक मानसिकता के साथ उतरने का अनुरोध किया. उन्नीस वर्ष के कोंस्टास ने मेलबर्न में चौथे टेस्ट के जरिये टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करते हुए 65 गेंद में 60 रन बनाये. आस्ट्रेलिया ने यह टेस्ट 184 रन से जीता. वॉर्नर ने एएपी से कहा, यह बहुत खास था. लोग उसकी आलोचना भी करेंगे. लेकिन यह उसका स्वाभाविक खेल है और वह ऐसे ही खेलेगा. उन्होंने कहा, बुमराह जैसे गेंदबाज के खिलाफ आपको यह करना ही होगा . उन्होंने दूसरी पारी में बुमराह के लिये थर्डमैन और फाइन लेग पर फील्डर लगाया था . उसके लिये यह टेस्ट अच्छा अनुभव रहा. कोंस्टास ने प्रधानमंत्री एकादश के लिये खेलते हुए भारत के खिलाफ 97 गेंद में 107 रन बनाये थे और एमसीजी पर भारत ए के खिलाफ नाबाद 73 रन की पारी खेली थी . वॉर्नर ने कहा, प्रधानमंत्री एकादश के लिये उसकी पारी ने साबित कर दिया था कि वह प्रतिभाशाली ही नहीं , बहादुर भी है. उन्होंने कहा, वह शीर्षक्रम में इतना बेखौफ खेल रहा था . जो खिलाड़ी 50 टेस्ट खेल चुके हैं, उन्हें भी ऐसे साहसिक बल्लेबाजी करनी चाहिये थी . उन्हेंभी क्रीज से बाहर निकलकर शॉट खेलने चाहिये थे. इस श्रृंखला में 30 विकेट ले चुके बुमराह की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा, आप यही उम्मीद करेंगे कि आखिरी टेस्ट में वह इसी लय में नहीं रहे .वह जीनियस है . उसका रिकॉर्ड शानदार है .उस पर दबाव बनाना बहुत कठिन है. 'उज्जी' (उस्मान ख्वाजा ) पहले स्पैल में उसकी दो गेंद खेल सका. बल्लेबाजों को उसके सामने किस्मत की भी जरूरत होती है. उन्होंने कहा, वह खुशकिस्मत रहा कि अर्धशतक बनाया. उम्मीद है कि सिडनी टेस्ट में भी वह इस तरह से खेलेगा क्योंकि सिडनी में उसका रिकॉर्ड भी अच्छा है.

### खो-खो विश्व कप: भारतीय पुरुष टीम नेपाल, महिला टीम दक्षिण कोरिया के खिलाफ करेगी आगाज

**नई दिल्ली:** भारतीय पुरुष टीम 13 जनवरी से शुरू होने वाले पहले खो-खो विश्व कप के शुरुआती दिन अपने अभियान का आगाज ग्रुप ए में नेपाल के खिलाफ यहां के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में करेगी जबकि महिला टीम इसके अगले दिन दक्षिण कोरिया के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी. तेरह से 19 जनवरी तक आयोजित होने वाले इस विश्व कप के पुरुष और महिला वर्ग में क्रमश: 20 और 19 टीमें भाग ले रही है. यहां जारी विज्ञप्ति में खो-खो विश्व कप आयोजन समिति के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने मंगलवार को बताया कि टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया है. प्रत्येक ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाले दो टीमें नॉकआउट चरण (क्वार्टर फाइनल) के लिए क्वालीफाई करेंगी. पुरूष वर्ग में भारत और नेपाल के अलाव ग्रुप ए में पेरू, ब्राजील और भूटान की टीमें हैं. महिलाओं के वर्ग में ग्रुप ए में भारत और दक्षिण कोरिया के साथ ईरान और मलेशिया की टीमें है. भारतीय पुरुष टीम इसके बाद 14 जनवरी को ब्राज़ील, 15 जनवरी को पेरु, 16 जनवरी को भूटान के खिलाफ खेलेगी. महिला टीम 15 जनवरी को ईरान और 16 जनवरी को मलेशिया की चुनौती का सामना करेगी. टूर्नामेंट में दोनों वर्गों का क्वार्टर फाइनल 17 जनवरी, सेमीफाइनल 18 जनवरी और फाइनल 19 जनवरी को खेला जायेगा.

### पंत को आउट करने के बाद ट्रेविस हेड ने मनाया था 'फिंगर ऑन आइस' जश्न

**मेलबर्न :** ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने 'बॉक्सिंग डे' टेस्ट में ऋषभ पंत को आउट करने के बाद अपने असामान्य जश्न के बारे में बताते हुए कहा कि यह 'फिंगर ऑन द आइस' (बर्फ पर अंगुली) का संकेत है और यह अजीब इशारा उन्होंने पहली बार श्रीलंका दौरे के दौरान दिखाया था. पूरे दूसरे सत्र में बल्लेबाजी करने के बाद यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत 'बॉक्सिंग डे' टेस्ट के अंतिम दिन मैच को ड्रॉ कराने की स्थिति में थे. हेड ने हालांकि पंत को आउट करके मैच का रुख बदल दिया जिसके बाद भारतीय टीम नाटकीय रूप से ढह गई और ऑस्ट्रेलिया ने चौथा टेस्ट 184 रन से जीतकर पांच मैच की श्रृंखला में 2-1 की बढ़त बना ली. पंत ने पुल शॉट खेलने के प्रयास में लॉन्ग ऑन पर कैच थमाया जिसके बाद हेड ने अपने बाएं हाथ की अंगुलियों को एक वृत्त की तरह मोड़कर और दाहिने हाथ की तर्जनी अंगुली को उसमें डुबाकर इस क्षण का जश्न मनाया. हेड ने मेलबर्न टेस्ट के बाद 'ट्रिपल एम रेडियो' से कहा, फिंगर ऑन द आइस. मैंने इसकी शुरुआत श्रीलंका में की. मैं अपनी अंगुली बर्फ पर रखी और गेंदबाजी के लिए तैयार हुआ. उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के आगामी श्रीलंका दौरे के संदर्भ में कहा, मुझे गेंदबाजी करने की उम्मीद नहीं थी. मैंने सोचा था कि मुझे अगली बार गॉल में गेंदबाजी का मौका मिलेगा. हेड के जश्न ने तुरंत ध्यान आकर्षित किया और सोशल मीडिया पर यह वायरल हो गया. मैच के बाद ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस से इसके बारे में पूछा गया और उन्होंने हल्का-फुल्का स्पष्टीकरण दिया. उन्होंने कहा, मैं इसे समझा सकता हूं. उसकी अंगुली इतनी गर्म है कि उसे इसे एक कप बर्फ में डालना पड़ा. यही बात है. कमिंस ने कहा, यह आम तौर पर किया जाने वाला मजाक है. यह गाबा या कहीं और हुआ था जब उसे विकेट मिला और वह सीधे फ्रिज में गया, एक बाल्टी बर्फ ली, अपनी अंगुली डाली और लाइनो (नाथन लियोन) के सामने चला गयाबस ऐसे ही (उसे) लगा कि यह बहुत मजेदार है. हालांकि हेड का जश्न भारत के पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू को पसंद नहीं आया जिन्होंने इस ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की और इसे घृणित बताया.

# वैशाली ने विश्व ब्लिट्ज फाइनल्स क्वालीफायर जीता

**न्यूयॉर्क:** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने विश्व ब्लिट्ज शतरंज चैम्पियनशिप में महिला क्वालीफायर जीतकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है. स्वर्ण पदक और 60000 डॉलर पुरस्कार जीतने वाली कोनेरू हम्पी के शानदार प्रदर्शन के बाद वैशाली ने अपने खेल से प्रशंसकों का दिल जीता . उन्होंने महिला वर्ग में 11 में से 9.5 अंक लेकर बाजी मारी. रूस की कैटरीना लागनो उनके करीब पहुंची जिनके 8 . 5 अंक रहे जबकि बाकी छह क्वालीफायर के आठ अंक रहे . हम्पी टाइब्रेकर के कारण नौवें स्थान पर रहकर बाहर हो गई. ओपन वर्ग में दस खिलाड़ी पहले स्थान के लिये बराबरी पर थे जिसमें दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन भी शामिल हैं. कार्लसन ने 13 में से छह मुकाबले ड्रॉ खेले और क्वालीफायर के बाद संयुक्त रूप से शीर्ष पर रहे. रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि ने 9. 5 अंक के साा क्वालीफायर जीता. अमेरिका के फेबियानो कारूआना दूसरे और कार्लसन तीसरे स्थान पर रहे. भारत का कोई खिलाड़ी शीर्ष आठ में नहीं पहुंच सका.
अर्जुन एरिगेसी ने पहले पांच दौर में जीत दर्ज की लेकिन लय को कायम नहीं रख सके और उनके सात ही अंक रहे . आर प्रज्ञानानंदा 8.5 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहे . क्वार्टर फाइनल में वैशाली का सामना चीन की झू जिनेर से होगा. वैशाली ने जॉर्जिया की ग्रैंडमास्टर नाना जागनिजे और रूस की वालेंटिना गुनिना को हराया.

# राष्ट्रीय निशानेबाजी: अनन्या नायडू ने महिला एयर राइफल स्वर्ण पदक जीता

**भोपाल:** महाराष्ट्र की युवा निशानेबाज अनन्या नायडू ने मंगलवार को यहां राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में रेलवे की अनुभवी मेघना सज्जनार को मामूली अंतर से हराकर महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता. अनन्या ने मप्र राज्य अकादमी रेंज में फाइनल में 252.5 अंक हासिल कर मेघना को मात्र 0.2 अंक से हराकर अपना पहला सीनियर राष्ट्रीय खिताब जीता. तमिलनाडु की आर नर्मदा नितिन ने 231.3 अंक के साथ कांस्य पदक जीता. क्वालीफिकेशन दौर में अनन्या आठवें स्थान पर रहीं थीं जबकि उनके ही राज्य की आर्या राजेश बोरसे 633.3 अंक के साथ शीर्ष पर रहीं. नर्मदा ने 632.9 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी. महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल जूनियर स्पर्धा में गौतमी भनोट ने 251.5 अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया.

# भारतीय क्रिकेट में रोहित, विराट की कमी पूरी करने वाले खिलाड़ी हैं : डेरेन लीमैन

**मेलबर्न:** आस्ट्रेलिया के पूर्व मुख्य कोच और दो बार के विश्व कप विजेता डेरेन लीमैन का मानना है कि भारतीय क्रिकेट के पास यशस्वी जायसवाल जैसा सुपरस्टार है और विराट कोहली तथा रोहित शर्मा के संन्यास के बाद भी भारतीय क्रिकेट में इस कमी को पूरा करने वाले खिलाड़ी होंगे. आस्ट्रेलिया के लिये एक दशक के कैरियर में 27 टेस्ट और 117 वनडे खेलने वाले लीमैन ने जसप्रीत बुमराह की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने कभी ऐसा खिलाड़ी नहीं देखा जिसका एक श्रृंखला पर इतना असर रहा हो. मौजूदा श्रृंखला में खराब प्रदर्शन के कारण रोहित और कोहली के संन्यास की संभावना के बारे में लीमैन ने पीटीआई से कहा, देखते हैं कि अगले कुछ दिन में क्या होता है और वे क्या फैसला लेते हैं . लेकिन वे लंबे समय से भारत के महान क्रिकेटर रहे हैं. उन्होंने कहा, अब युवा खिलाड़ी भारत के लिये बेहतरीन खेल रहे हैं . भारतीय क्रिकेट में इतनी गहराई है कि उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है . जब भी ये दोनों संन्यास का फैसला लेते हैं तो उनकी जगह लेने के लिये काफी प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी हैं.
जायसवाल के बारे में उन्होंने कहा , सुपरस्टार . सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक . वह और हैरी ब्रूक अगली पीढी के खिलाड़ी हैं . उसने मेलबर्न और पर्थ में शानदार पारियां खेली . इस दौरे पर वह एक खिलाड़ी के तौर पर काफी निखरा है. बुमराह की तुलना वसीम अकरम और ग्लेन मैकग्रा से करते हुए उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि रोहित के बाद वह अगला कप्तान होगा . उसने पर्थ में शानदार प्रदर्शन किया. मैने जितने गेंदबाजों को खेलते देखा है, वह सर्वश्रेष्ठ है . मैने वसीम अकरम और ग्लेन मैकग्रा को देखा है लेकिन किसी एक श्रृंखला में किसी गेंदबाज का इतना प्रभाव नहीं देखा जो 2013-14 एशेज में मिचेल जॉनसन के बाद अब बुमराह ने दिखाया है. बदलाव के दौर पर लीमैन ने कहा कि आस्ट्रेलिया को बल्लेबाजी में चिंता करने की जरूरत है हालांकि पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड , स्कॉट बोलैंड जैसे गेंदबाज भी तीस पार कर चुके हैं. उन्होंने कहा , गेंदबाजी में कई अच्छे खिलाड़ी आ रहे हैं लेकिन बल्लेबाजी में सोचने की जरूरत है.

# क्या सिडनी में गिल को एकादश में फिट कर पाएंगे रोहित?

## पांचवें और अंतिम टेस्ट में कुछ विकल्प में से चुनना होगा सर्वश्रेष्ठ



**सिडनी:** अपने टेस्ट करियर में दोराहे पर खड़े कप्तान रोहित शर्मा को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में भारतीय टीम के सर्वोत्तम हित में कुछ विकल्प में से सर्वश्रेष्ठ को चुनना होगा. बॉक्सिंग डे टेस्ट में 184 रन की हार के बाद भारत निर्णायक मुकाबले से पहले श्रृंखला में 1-2 से पिछड़ रहा है और भारतीय कप्तान को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) पर अपने छह सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों को उतारना पड़ सकता है जिससे मेलबर्न में पिछले मैच में बाहर किए गए शुभमन गिल को एकादश में शामिल करने का रास्ता साफ हो जाएगा. वर्ष 2024 में टेस्ट क्रिकेट में 866 रन के साथ गिल पिछले एक साल में भारतीय बल्लेबाजों में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की सूची में यशस्वी जायसवाल के बाद दूसरे स्थान पर हैं और अगर वह मेलबर्न में एकादश से बाहर किए जाने से निराश होंगे तो इसमें कुछ गलत नहीं है. हालांकि रोहित ने बताया कि टीम प्रबंधन ने गिल को मेलबर्न में बाहर किए जाने के कारणों के बारे में जानकारी दी. एकादश में बेहतर संतुलन सुनिश्चित करने के लिए उन्हें बाहर किया गया था क्योंकि वाशिंगटन सुंदर की गेंदबाजी से अतिरिक्त फायदा मिलने की उम्मीद थी.
अब सवाल यह उठता है कि रोहित सिडनी मैच के लिए गिल को एकादश में कैसे शामिल करते हैं. भारत को अगले साल होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की अपनी संभावनाओं को जीवंत रखने के लिए इस मुकाबले को हर हाल में जीतना होगा. वाशिंगटन ने 50 रन बनाकर अपनी उपयोगिता साबित की और शतकवीर नितीश कुमार रेड्डी के साथ शतकीय साझेदारी भी की. अगर उनकी गेंदबाजी में अधिक पैनापन होता तो वह निश्चित रूप से अधिक ओवर फेंकते.
एससीजी पारंपरिक रूप से एक ऐसा विकेट रहा है जहां मैच के आगे बढ़ने के साथ स्पिनरों को मदद मिलती है और इसलिए वाशिंगटन या तनुश कोटियान में से किसी एक का रविंद्र जडेजा के साथ खेलना लगभग तय है, जब तक कि कप्तान को अचानक जायसवाल की लेग ब्रेक पर भरोसा ना हो जाए और वह बल्लेबाजी ऑलराउंडर (वाशिंगटन) की बजाय विशेषज्ञ बल्लेबाज (गिल) को खिलाने का फैसला ना कर लें. गुलाबी कूकाबुरा के साथ दूधिया रोशनी में खेले गए एडीलेड टेस्ट ने भारतीय टीम को सबसे चुनौतीपूर्ण हालात मिले और गिल ने उस मैच में 31 और 28 रन बनाए तथा रोहित और विराट कोहली दोनों की तुलना में कहीं अधिक सहज दिखे. दूसरा विकल्प अधिक सुविधाजनक हो सकता है और इसमें मोहम्मद सिराज और आकाश दीप में से किसी एक को बाहर करके गिल को जगह देना शामिल है क्योंकि एससीजी में तीन विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों के बिना उतरा जा सकता है. जडेजा और वाशिंगटन के सिडनी में मेलबर्न की तुलना में अधिक ओवर गेंदबाजी करने की उम्मीद है. सिराज ने सिडनी में शानदार स्पैल के साथ अपना दावा मजबूत किया है जबकि आकाश दीप दो पारियों में सिर्फ एक विकेट ले पाए. तीसरा विकल्प सबसे असुविधाजनक है लेकिन शायद यह समय की जरूरत भी है. अगर रोहित उदाहरण पेश करना चाहते हैं तो. पांच पारियों में सिर्फ 31 रन और पिछली 14 पारियों में 155 रन बनाने वाले कप्तान खुद स्वेच्छा से हट सकते हैं और युवा स्टार गिल को खेलने का मौका दे सकते हैं. ऐसे में लोकेश राहुल को दोबारा पारी का आगाज करने का मौका मिल सकता है जहां वह सबसे अधिक आश्वस्त दिख रहे हैं.

## देश/विदेश

# पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा में जांच चौकी पर हमले में दो पुलिसकर्मी मारे गए

**पेशावर:** पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मंगलवार को तड़के अज्ञात हमलावरों के हमले में दो पुलिसकर्मी मारे गए और एक अन्य घायल हो गया. पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह हमला डेरा इस्माइल खान जिले के दरबान कलां में हुआ, जो दक्षिणी वजीरिस्तान की सीमा से सटा हुआ है. हमले के बाद अज्ञात हमलावर भाग गए. पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है. प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी) के अलग हुए समूह दरबान इलाके में बहुत सक्रिय हैं और अक्सर सुरक्षा बलों को निशाना बनाते हैं. कई प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तालिबान के लड़ाके आमतौर पर शाम के समय जिले की सड़कों पर कब्जा कर सड़कों पर वाहनों की जांच शुरू कर देते हैं.
खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंदापुर ने चौकी पर हमले की निंदा की और पुलिस से हमले में शामिल लोगों को पकड़ने के लिए त्वरित कार्रवाई करने को कहा. मुख्यमंत्री ने एक अधिकारी सहित दो पुलिसकर्मियों की मौत पर अपनी संवेदना व्यक्त की. खैबर पख्तूनख्वा के गवर्नर फैसल करीम कुंदी ने भी हमले की निंदा की और अपनी संवेदना व्यक्त की.
सोमवार को जारी एक आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों ने 2024 में 270 आतंकवादियों को मार गिराया, जिनमें इनाम वाले बड़े आतंकवादी भी शामिल थे. प्रांतीय सूचना निदेशालय द्वारा जारी पुलिस विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, प्रांतीय पुलिस ने अभियान के दौरान 802 संदिग्धों को गिरफ्तार किया. रिपोर्ट में बताया गया है कि इस साल ड्यूटी के दौरान 149 पुलिस अधिकारी मारे गए और 232 घायल हुए.

# गुजरात फर्जी बीमा दावा मामला : पूर्व पुलिस अधिकारी, पीएसयू कर्मचारी समेत पांच लोगों को सजा



**अहमदाबाद:** अहमदाबाद की एक विशेष सीबीआई अदालत ने फर्जी बीमा दावों से संबंधित 22 साल पुराने मामले में सार्वजनिक क्षेत्र के एक उपक्रम के पूर्व कर्मचारी सहित पांच लोगों को पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई और उन पर 23.5 लाख रुपये का सामूहिक जुर्माना लगाया है. अदालत ने सोमवार को पांचों आरोपियों - दिनेश पटेल, संजय चित्रे, मनन पटेल, शिशुपाल राजपूत और पूर्व पुलिसकर्मी अमर सिंह बियालभाई को दोषी करार दिया और उन्हें जेल की सजा सुनाई. एक अन्य आरोपी एस ए परमार के खिलाफ आरोप खत्म कर दिए गए क्योंकि जब सुनवाई लंबित थी तो उसी दौरान उसकी मृत्यु हो गई थी. केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने नवसारी (गुजरात) में न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एनआईएसीएल) के तत्कालीन वरिष्ठ मंडल प्रबंधक और अन्य के खिलाफ जाली दस्तावेजों के आधार पर बीमा दावों को मंजूरी देने से संबंधित मामला दर्ज किया था, जिससे सार्वजनिक क्षेत्र की फर्म को 4.89 लाख रुपये का नुकसान हुआ था. एजेंसी ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि लोक सेवकों ने आपराधिक साजिश रची और निजी व्यक्तियों के साथ मिलीभगत कर जाली दस्तावेजों के आधार पर बीमा दावों को मंजूरी दी, जिससे न्यू इंडिया एश्योरेंस को नुकसान हुआ.
एजेंसी के अनुसार, आरोपी मनन और दिनेश पटेल ने अपनी सामान्य पॉलिसियों के खिलाफ बीमा दावे जमा करने के लिए फर्जी कागजात की व्यवस्था की, जबकि एनआईएसीएल के तत्कालीन कर्मचारी चित्रे ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर दावे का आकलन किया और एक 'दुर्घटना' को वास्तविक दिखाने वाली तस्वीरों की व्यवस्था की. पंचमहल जिले के गोधरा तालुका पुलिस थाने के अंतर्गत मेहलोल चौकी के तत्कालीन एएसआई/प्रभारी आरोपी बियालभाई ने फर्जी प्राथमिकी दर्ज की और यह साबित करने के लिए फर्जी 'पंचनामा' तैयार किया कि नुकसान वास्तव में हुआ था. सीबीआई के अनुसार, वसूली एजेंट सह-आरोपी राजपूत ने बैंक के माध्यम से वसूली राशि की व्यवस्था की ताकि पूरा लेनदेन वास्तविक लगे. केंद्रीय जांच एजेंसी ने 24 जून, 2005 को आरोप पत्र दायर किया था.

# एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट आठ साल बाद तलाक समझौते पर पहुंचे



**लास एंजिलिस:** एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट का आधिकारिक रूप से तलाक हो गया है तथा हॉलीवुड के इतिहास में यह सबसे लंबे और विवादास्पद तलाक में से एक रहा है. उनके अधिवक्ता ने यह जानकारी दी. जोली के अधिवक्ता जेम्स साइमन ने सोमवार को दंपति के बीच तलाक को लेकर हुए समझौते की पुष्टि की और पीपल पत्रिका ने सबसे पहले तलाक के संबंध में खबर दी थी. साइमन ने एक बयान में कहा, आठ साल से भी अधिक समय पहले एंजेलिना ने पिट से तलाक के लिए आवेदन किया था. उन्होंने कहा कि वह अपने बच्चों के साथ पिट से अलग रह रहीं थीं. अभी तक कोई भी अदालती दस्तावेज दाखिल नहीं किया गया है और समझौते पर एक न्यायाधीश के हस्ताक्षर करने की आवश्यकता होगी. जोली (49) और पिट (61) की जोड़ी हॉलीवुड में 12 वर्षों तक सबसे चर्चित जोड़ी में से एक रही तथा ऑस्कर विजेता इस जोड़ी के छह बच्चे हैं.
जोली ने 2016 में तलाक के लिए अर्जी दी थी, जिसमें कहा था कि पिट, उनके और उनके बच्चों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं. इसके बाद 2019 में एक न्यायाधीश ने उन्हें तलाकशुदा घोषित कर दिया था, लेकिन संपत्ति के बंटवारे और बच्चों की जिम्मेदारी को अलग से निपटाने की जरूरत थी. इस मामले के लिए दोनों द्वारा नियुक्त किए गए एक निजी जज ने उनके बच्चों की समान जिम्मेदारी का निर्णय दिया था, लेकिन जोली ने उस पर भी याचिका दायर की थी.

# सरकार ने रिश्वतखोरी मामले में गिरफ्तार सीबीआई निरीक्षक का पदक वापस लिया

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के निरीक्षक राहुल राज को 2023 में जांच में उत्कृष्टता के लिए प्रदान किए गए केंद्रीय गृह मंत्री के पदक को वापस ले लिया है. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. राज को एजेंसी ने कथित तौर पर 10 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा था और उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया था. यह कार्रवाई सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद की सिफारिश पर की गई है, जिन्होंने एजेंसी की आंतरिक सतर्कता प्रक्रिया में सामने आए भ्रष्ट तत्वों पर कार्रवाई की है. एक अधिकारी ने बताया कि 2023 में प्रतिष्ठित पदक पाने वाले राज को 19 मई को मलय कॉलेज ऑफ नर्सिंग के अध्यक्ष अनिल भास्करन और उनकी पत्नी सुमा अनिल से 10 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया था. दंपति को भी गिरफ्तार कर लिया गया था. अधिकारियों ने कहा कि भ्रष्टाचार और कदाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करने की अपनी नीति का पालन करते हुए, सीबीआई ने अपने अधिकारी को गिरफ्तारी के कुछ दिनों के भीतर ही संविधान के अनुच्छेद 311 के तहत बर्खास्त कर दिया था.

# बांग्लादेश की अंतरिम सरकार 'जुलाई विद्रोह को अधिसूचित' करने की घोषणा



**ढाका:** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने घोषणा की है कि वह जुलाई विद्रोह की अधिसूचना तैयार करेगी. एक दिन पहले इसने एंटी-डिसक्रिमिनेशन स्टूडेंट्स मूवमेंट द्वारा प्रस्तावित समान शीर्षक वाले घोषणापत्र से खुद को अलग कर लिया था. छात्रों के इसी आंदोलन के कारण चार महीने पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद छोड़ना पड़ा था. बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने सोमवार को मध्य रात्रि में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हमें उम्मीद है कि कुछ ही दिनों में सभी की भागीदारी और आम सहमति से अधिसूचना तैयार कर ली जाएगी और देश के सामने पेश कर दिया जाएगा. यूनुस के आधिकारिक जमुना आवास के सामने पत्रकारों को संबोधित करते हुए आलम ने कहा कि घोषणापत्र सभी सहभागी छात्रों, राजनीतिक दलों और हितधारकों के विचारों पर आधारित होगा. इसमें 'एंटी-डिसक्रिमिनेशन स्टूडेंट्स मूवमेंट' भी शामिल होगा, जिसके आंदोलन के कारण पांच अगस्त को प्रधानमंत्री शेख हसीना के आवामी लीग शासन का अंत हो गया था.
छात्रों के नेतृत्व वाले एक अन्य समूह नेशनल सिटिजंस कमेटी के साथ एंटी-डिसक्रिमिनेशन स्टूडेंट्स मूवमेंट ने एक चौंकाने वाले घटनाक्रम के तहत दो दिन पहले कहा था कि वह मंगलवार दोपहर को ढाका के सेंट्रल शहीद मीनार पर जुलाई विद्रोह की अधिसूचना की घोषणा करेगा. हालांकि, छात्र संगठन ने सोमवार देर रात लगभग डेढ़ बजे आपातकालीन बैठक बुलाई और मीडियाकर्मियों को बताया कि अधिसूचना के बजाय वे उसी स्थान और समय पर एकता मार्च निकालना चाहेंगे. संगठन के संयोजक हसनत अब्दुल्ला ने 29 दिसंबर को संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुजीबवादी 72 संविधान' को उसी स्थान पर दफनाया जाएगा जहां जुलाई विद्रोह के दौरान एक सूत्री घोषणा की गई थी.

## न्यूज़ कॉर्नर

### दिसंबर में गोवा का राजस्व उल्लेखनीय रूप से बढ़ाः मुख्यमंत्री

**पणजीः** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने मंगलवार को कहा कि दिसंबर महीने में राज्य के राजस्व संग्रह में एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 75.51 करोड़ रुपये की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है. सावंत ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि राजस्व में इस वृद्धि ने गोवा की बढ़ती आर्थिक और राजकोषीय क्षमता को उजागर किया है, जिससे दिसंबर का महीना राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ है.उन्होंने कहा कि गोवा की अर्थव्यवस्था की रीढ़ पर्यटन क्षेत्र ने भी रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों के आगमन के साथ इस वृद्धि को तेज करने में अहम भूमिका निभाई है.मुख्यमंत्री ने अपनी पोस्ट में कहा, गोवा ने दिसंबर, 2024 के राजस्व संग्रह में उल्लेखनीय वृद्धि देखी है, जो पिछले वर्ष इस महीने की तुलना में 75.51 करोड़ रुपये अधिक है. इस साल के आंकड़े एक मजबूत वृद्धि की तरफ रुझान दर्शाते हैं.उन्होंने कहा कि अप्रैल-दिसंबर 2024 की अवधि में गोवा का कुल राजस्व 4,614.77 करोड़ रुपये तक पहुंच गया जो 2023 की इसी अवधि में 4,249.34 करोड़ रुपये था. इस तरह राजस्व में 365.43 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है.

### पीपीएफ समेत सभी लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें स्थिर

**नयी दिल्लीः** पीपीएफ और एनएससी सहित विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें एक जनवरी, 2024 से शुरू चौथी तिमाही के लिए अपरिवर्तित रहेंगी. वित्त मंत्रालय की एक अधिसूचना में मंगलवार को यह जानकारी दी गई. इसमें कहा गया, वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के लिए अधिसूचित दरों से अपरिवर्तित रहेंगी.अधिसूचना के अनुसार सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जमा पर 8.2 प्रतिशत की ब्याज दर मिलेगी. तीन साल की सावधि जमा पर दर तीसरी तिमाही में दी जा रही 7.1 प्रतिशत पर बनी रहेगी. सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) और डाकघर बचत जमा योजनाओं की ब्याज दरें भी क्रमशः 7.1 प्रतिशत और चार प्रतिशत पर बरकरार रखी गई हैं. किसान विकास पत्र पर ब्याज दर 7.5 प्रतिशत होगी और निवेश 115 महीनों में परिपक्व होंगे. राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी) पर ब्याज दर जनवरी-मार्च 2025 की अवधि के लिए 7.7 प्रतिशत पर बनी रहेगी. तीसरी तिमाही की तरह, मासिक आय योजना में निवेश पर 7.4 प्रतिशत ब्याज मिलेगा. पिछली चार तिमाहियों से ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है. सरकार ने पिछली बार वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के लिए कुछ योजनाओं में बदलाव किया था. सरकार हर तिमाही में डाकघर और बैंकों द्वारा संचालित लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों को अधिसूचित करती है.

### गोवा की सरकारी बसों में स्मार्ट कार्ड से 'कैशलेस' सफर यात्रियों को भाया

**पणजीः** गोवा में बस टिकटों पर छूट और 'कैशलेस' सफर की सुविधा देने वाले कदंब परिवहन निगम लिमिटेड (केटीसीएल) के नए स्मार्ट ट्रांजिट कार्ड ने बस यात्रियों के साथ बस कंडक्टरों की भी काफी मुश्किलें कम कर दी हैं. मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने हाल ही में सार्वजनिक परिवहन निगम केटीसीएल के इस ई-कार्ड को पेश किया था. इस स्मार्ट कार्ड का इस्तेमाल करने पर यात्रियों को केटीसीएल की तरफ से संचालित 1,000 से अधिक बसों में किराये पर 10 प्रतिशत की छूट मिलती है.केटीसीएल के संभागीय यातायात अधिकारी रोके लुइस ने 'पीटीआई-वीडियो' से बातचीत में कहा कि इस कार्ड के लिए अलग से बनाई गयी वेबसाइट के जरिये ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है.उन्होंने कहा कि स्मार्ट ट्रांजिट कार्ड निःशुल्क है लेकिन शुरुआत में 150 रुपये लिए जाते हैं जिसे कार्ड का इस्तेमाल करते समय भुनाया जा सकता है.लुइस ने कहा, 'यात्रा करते समय कार्ड में जमा राशि का इस्तेमाल किया जा सकता है. असल में यह एक टैपिंग कार्ड है. नकद देने की जगह यात्रियों को बस कंडक्टर को यह बताना होगा कि उनके पास कार्ड है.' लुइस ने कहा कि स्मार्ट कार्ड को बस यात्री काफी पसंद कर रहे हैं. इसकी वजह यह है कि यात्रियों का कार्ड का इस्तेमाल करने पर बस किराये में 10 प्रतिशत की छूट मिलती है और टिकट खरीदने के लिए उन्हें नकदी रखने की भी जरूरत नहीं होती है.उन्होंने कहा, 'वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों और दिव्यांगों के लिए यह कार्ड पूरी तरह मुफ्त है. छात्रों और वरिष्ठ नागरिकों को पहले से ही राज्य में यात्रा पर 50 प्रतिशत की छूट मिलती है, इसलिए उन्हें अतिरिक्त छूट नहीं मिलेगी. हालांकि सामान्य यात्रियों को 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी.' अक्सर बस से यात्रा करने वाले राजेंद्र उत्तम वैगांकर ने कहा कि अब कंडक्टर से टिकट खरीदने के लिए नकद या खुले पैसे ले जाने की जरूरत नहीं रह गई है.उन्होंने कहा, 'यह वाकई एक अच्छी पहल है. हालांकि सरकार को ऑनलाइन आवेदन में कठिनाई का सामना करने वालों की मदद के लिए हेल्प डेस्क स्थापित करना चाहिए.' एक अन्य यात्री गिरीश नाइक ने भी कहा कि अब केटीसीएल के स्मार्ट ट्रांजिट कार्ड ने यात्रियों और बस कंडक्टरों के लिए किराया भुगतान को बहुत आसान बना दिया है. उन्होंने कहा कि सरकार को इस पहल से दैनिक यात्रियों, वरिष्ठ नागरिकों और छात्रों को लाभ होगा.

### चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों में राजकोषीय घाटा लक्ष्य के 52.5 प्रतिशत परः सरकारी आंकड़ा

**नयी दिल्लीः** केंद्र का राजकोषीय घाटा चालू वित्त वर्ष (2024-25) के नवंबर महीने तक समूचे वित्त वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य का 52.5 प्रतिशत रहा. मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई. लेखा महानियंत्रक (सीजीए) के आंकड़ों के मुताबिक, सरकार के व्यय और राजस्व के बीच का अंतर यानी राजकोषीय घाटा चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-नवंबर के दौरान लगभग 8.47 लाख करोड़ रुपये था. यह वित्त वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित राजकोषीय घाटे लक्ष्य का 52.5 प्रतिशत है. केंद्रीय बजट में सरकार ने चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.9 प्रतिशत तक रखने का लक्ष्य रखा है. वित्त वर्ष 2023-24 में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.6 प्रतिशत था. सरकार का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष के दौरान राजकोषीय घाटे को 16,13,312 करोड़ रुपये पर सीमित रखना है. 2024-25 के पहले आठ महीनों के आंकड़ों से पता चला है कि केंद्र सरकार का शुद्ध कर राजस्व लगभग 14.43 लाख करोड़ रुपये था. इस अवधि में केंद्र सरकार का कुल व्यय 27.47 लाख करोड़ रुपये यानी बजट अनुमान का 56.9 प्रतिशत रहा. कुल व्यय में से 22.27 लाख करोड़ रुपये राजस्व खाते में और 5.13 लाख करोड़ रुपये पूंजी खाते में थे. कुल राजस्व व्यय में से 6,58,494 करोड़ रुपये ब्याज भुगतान के कारण और 2,79,211 करोड़ रुपये प्रमुख सब्सिडी के कारण हैं. राजकोषीय घाटा सरकार के कुल व्यय और राजस्व के बीच का अंतर है. यह सरकार की तरफ से आवश्यक कुल उधारी को बताता है.

# साल के आखिरी दिन गिरावट के साथ बंद हुआ बाजार, निफ्टी और सेंसेक्स ने निचले स्तर से की शानदार रिकवरी

## बाजार की कमजोरी के बावजूद निवेशकों को 63 हजार करोड़ का मुनाफा

**नई दिल्लीः** साल के आखिरी कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ. आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी. पहले 1 घंटे के कारोबार में बिकवाली के दबाव की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में बड़ी गिरावट आ गई, लेकिन इसके बाद खरीदारों ने जोर लगाया. खरीदारों की लिवाली की वजह से आज का कारोबार खत्म होने के कुछ देर पहले ये दोनों सूचकांक निचले स्तर से शानदार रिकवरी करके हरे निशान में पहुंचने में सफल रहे. हालांकि आखिरी वक्त में एक बार फिर बिकवाली का दबाव बनने की वजह से दोनों सूचकांक वापस लाल निशान में गिर गए. पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.14 प्रतिशत टूट कर बंद हुआ. इसी तरह निफ्टी ने 0.00042 प्रतिशत की सांकेतिक कमजोरी के साथ साल 2024 के कारोबार का अंत किया.

आज दिनभर के कारोबार के दौरान ऑयल एंड गैस, एनर्जी और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही. इसी तरह पीएसई, ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल, एफएमसीजी और मेटल इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए. दूसरी ओर आईटी, टेक, बैंकिंग और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा. ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.13 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ. इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.71 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया. आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के बावजूद मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में खरीदारी होने के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई. बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 441.99 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया. जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को




इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 441.36 लाख करोड़ रुपये था. इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 63 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया.

आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,079 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई. इनमें 2,321 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,647 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 111 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए. एनएसई में आज 2,503 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई. इनमें से 1,572 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 931 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए. इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 15 शेयर बढ़त के साथ और 15 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए. जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 24 शेयर हरे निशान में और 26 शेयर लाल निशान में बंद हुए.

बीएसई का सेंसेक्स आज 265.56 अंक की कमजोरी के साथ 77,982.57 अंक के स्तर पर खुला. शुरुआती कारोबार में बिकवाली के दबाव की वजह से ये सूचकांक 687.34 अंक टूट कर 77,560.79 अंक तक गिर गया. पहले घंटे का कारोबार होने के बाद खरीदारों ने बाजार में लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक में तेजी आने लगी. ल गातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से दोपहर 2 बजे के करीब ये सूचकांक दिन के निचले स्तर से 744.55 अंक उछल कर 57.21 अंक की मजबूती के साथ 78,305.34 अंक तक पहुंच गया. हालांकि इसके बाद एक बार फिर बाजार में बिकवाली शुरू हो गई, जिसके कारण ये सूचकांक 109.12 अंक की कमजोरी के साथ 78,139.01 अंक के स्तर पर बंद हुआ.

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 84.30 अंक फिसल कर 23,560.60 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की. शुरुआती कारोबार में बिकवाली के दबाव की वजह से ये सूचकांक 184.45 अंक की गिरावट के साथ 23,460.45 अंक के स्तर तक लुढ़क गया.

इसके बाद बाजार में खरीदारों ने आक्रामक अंदाज में लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक में रिकवरी शुरू हो गई. लगातार हो रही लिवाली के सपोर्ट से दोपहर 2 बजे के करीब ये सूचकांक निचले स्तर से 229.40 अंक की छलांग लगा कर 44.95 अंक की मजबूती के साथ 23,689.85 अंक तक पहुंच गया. हालांकि इसके बाद बाजार में एक बार फिर बिकवाली शुरू हो गई, जिसके कारण ये सूचकांक 0.10 अंक की सांकेतिक कमजोरी के साथ 23,644.80 अंक के स्तर पर बंद हुआ.

पूरे दिन के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से भारत इलेक्ट्रॉनिक्स 2.90 प्रतिशत, ओएनजीसी 2.84 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा 2.61 प्रतिशत, ट्रेंट लिमिटेड 2.43 प्रतिशत और कोल इंडिया 1.65 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए. दूसरी ओर, अडाणी एंटरप्राइजेज 2.46 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 1.99 प्रतिशत, टीसीएस 1.54 प्रतिशत, इंफोसिस 1.36 प्रतिशत और श्रीराम फाइनेंस 1.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए.

## साल के आखिरी दिन सर्राफा बाजार में तेजी से महंगा हुआ सोना, चांदी की भी चमक बढ़ी



**नई दिल्लीः** साल 2024 के आखिरी दिन आज घरेलू सर्राफा बाजार में आज तेजी नजर आ रही है. सोने के भाव में आई कमजोरी की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 78,150 रुपये से लेकर 78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है. इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,650 रुपये से लेकर 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है. चांदी की कीमत में भी आज 200 रुपये प्रति किलोग्राम की मजबूती नजर आ रही है. इस तेजी के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है.

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 78,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 78,050 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है. इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है.

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 78,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 78,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 71,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 78,150 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में तेजी आई है. इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है. इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना आज 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है.

## अदानी ग्रीन एनर्जी के सीईओ अमित सिंह पद से हटेंगे, अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा कारोबार की कमान संभालेंगे

**नयी दिल्लीः** अदाणी ग्रीन एनर्जी लि. (एजीईएल) ने कहा कि उसके मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमित सिंह अपने पद से हटेंगे और अदाणी समूह के अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा कारोबार के सीईओ का कार्यभार संभालेंगे. अदाणी समूह की कंपनी ने बयान में कहा कि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा कारोबार के सीईओ आशीष खन्ना अगले साल एक अप्रैल से अदाणी ग्रीन एनर्जी के सीईओ का कार्यभार संभालेंगे. बयान के अनुसार, ''एजीईएल के वर्तमान सीईओ अमित सिंह 31 मार्च, 2025 से कंपनी के सीईओ के रूप में अपने पद से हट जाएंगे और अदाणी समूह के अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा कारोबार के सीईओ का पदभार संभालेंगे.''

एजीईएल ने कहा कि यह कदम अदाणी समूह में नियमित आंतरिक नेतृत्व बदलाव की योजना के अनुरूप है. समूह और कंपनी के उद्देश्यों के अनुरूप सतत विकास और लगातार विकसित होने वाले नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए यह बदलाव किया गया है. खन्ना के पास भारत और विदेश दोनों में नवीकरणीय ऊर्जा, बुनियादी ढांचे, परियोजना प्रबंधन और अनुबंध प्रबंधन के क्षेत्रों में तीन दशक से अधिक का अनुभव है. अमित सिंह को ऊर्जा उद्योग का रणनीतिकार माना जाता है. वह एसएलबी (पूर्व में श्लम्बरगर) में काम करने के व्यापक वैश्विक अनुभव के साथ हरित ऊर्जा की दिशा में बदलाव के क्षेत्र में अच्छा-खासा अनुभव रखते हैं.

## रेवंत रेड्डी ने सत्य नडेला से मुलाकात की, आईटी तंत्र विकसित करने को समर्थन मांगा

**हैदराबादः** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सत्य नडेला से यहां अपने आवास पर मुलाकात की. इस दौरान रेड्डी ने एक मजबूत आईटी तंत्र विकसित करने के लिए नडेला से समर्थन मांगा, ताकि हैदराबाद को प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दुनिया का अग्रणी शहर बनाया जा सके. एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने शहर और राज्य में माइक्रोसॉफ्ट के नियमित निवेश और विकास के लिए नडेला को धन्यवाद दिया.इस दौरान रेड्डी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री डी श्रीधर बाबू ने एआई, जनरल एआई और क्लाउड जैसी विभिन्न प्रौद्योगिकियों पर चर्चा की, जिन पर तेलंगाना ध्यान केंद्रित कर रहा है और माइक्रोसॉफ्ट से समर्थन मांगा. मुख्यमंत्री ने राज्य में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए अपनी योजनाओं के बारे में भी बताया. नडेला ने कौशल बढ़ाने और बुनियादी ढांचे को अगले स्तर तक सुधारने के मुख्यमंत्री के नजरिये की सराहना की और कहा कि इनकी मदद से हैदराबाद दुनिया के शीर्ष 50 शहरों में शामिल हो सकता है.

## जैविक उत्पादन कार्यक्रम में संशोधन से निर्यात को मिलेगा बढ़ावाः एपीडा चेयरमैन

**नयी दिल्लीः** वाणिज्य मंत्रालय की इकाई एपीडा ने राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (एनपीओपी) नियमों को संशोधित कर इसे और अधिक किसान-अनुकूल बनाया है. इससे भारत को वर्ष 2030 तक जैविक खाद्य उत्पादों के लिए दो अरब डॉलर के निर्यात लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलेगी. एक सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी है.एनपीओपी जैविक उत्पादन के लिए मानक तय करता है और प्रमाणन निकायों की मान्यता के लिए प्रक्रिया सुझाता है.

मानकों और प्रक्रियाओं को जैविक उत्पादों के आयात और निर्यात को विनियमित करने वाले अन्य अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है. एनपीओपी का आठवां संस्करण यहां नौ जनवरी को जारी किया जाएगा.कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के चेयरमैन अभिषेक देव ने पीटीआई-भाषा से कहा, ''संशोधित संस्करण में अधिक किसान-अनुकूल विशेषताएं हैं. यह अधिक स्पष्टता लाएगा और अधिक किसानों को इस क्षेत्र में आने में मदद करेगा.'' मंत्रालय का लक्ष्य वर्ष 2030 तक निर्यात को दो अरब डॉलर तक बढ़ाना है.उन्होंने कहा कि वैश्विक बाजारों में भारतीय जैविक वस्तुओं को बढ़ावा देने के लिए, एपीडा 'बायोफैच' में कई कंपनियों की भागीदारी की सुविधा प्रदान कर रहा है. यह जर्मनी के नूर्नबर्ग में आयोजित सबसे बड़ा जैविक खाद्य व्यापार मेला है. एनपीओपी देश का प्राथमिक जैविक नियामक मानक है, इसे आयात करने वाले देशों द्वारा स्वीकार किया जाता है और जैविक उत्पादों की बाजार पहुंच में इसकी भूमिका महत्वपूर्ण है. फसल उत्पादन के लिए एनपीओपी मानकों को यूरोपीय आयोग और स्विट्जरलैंड ने अपने देश के मानकों के समकक्ष माना है और ब्रिटेन ने भी इसे स्वीकार किया है.एपीडा को एनपीओपी के कार्यान्वयन और प्रमाणन निकायों के संचालन पर नियामक निगरानी के लिए सचिवालय के रूप में नामित किया गया है.

# अडानी रिश्वतखोरी के आरोपों से लेकर पेटीएम बैंक प्रतिबंध, 2024 में भारत इन मुद्दों ने भारत को हिलाया

**नयी दिल्लीः** भारतीय उद्योग जगत के लिए वर्ष 2024 काफी उतार चढ़ाव भरा रहा है. इस पूरे वर्ष में देश को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है. कई प्रमुख इंडस्ट्री ग्रुप से लेकर हाई प्रोफाइल उद्योगपतियों और समूहों ने अलग अलग तरह के बदलाव इस साल देखे हैं. इस साल कई चुनौतियों से कॉर्पोरेट जगत को जूझना पड़ा है. इस साल भी कई ऐसी घटनाएं सुर्खियों में रही जिन्होंने लंबे समय तक अपना प्रभाव छोड़ा है.

नवंबर 2023 में, भारत के सबसे धनी व्यवसायियों में से एक गौतम अडानी की संपत्ति 12.4 बिलियन डॉलर से कम हो गई, जब अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च ने अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगाए. अडानी समूह उस प्रकरण के वित्तीय और प्रतिष्ठा संबंधी नतीजों से मुश्किल से उबर पाया था, जब 250 मिलियन डॉलर के रिश्वत घोटाले से संबंधित नए आरोप सामने आए. नए मामले में, एक अमेरिकी अदालत ने समूह के चेयरमैन गौतम अडानी, उनके भतीजे सागर अडानी और अडानी ग्रीन एनर्जी के सीईओ विनीत जैन समेत अन्य पर बिजली आपूर्ति अनुबंध हासिल करने के लिए रिश्वतखोरी की योजना बनाने का आरोप लगाया है, जिसमें फर्जी दस्तावेजों के जरिए 2 बिलियन डॉलर से अधिक की रकम जुटाई गई. अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) ने कथित रिश्वत के मामले में गौतम और सागर अदानी को तलब किया.

अदानी समूह ने आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया, लेकिन वह शेयर की कीमतों में 20% की गिरावट को रोक नहीं सका. उल्लेखनीय रूप से, इन आरोपों के केंद्र में समूह के स्वामित्व वाली सहायक कंपनी अडानी ग्रीन एनर्जी ने आरोपों की खबर आने के बाद से सात कारोबारी दिनों के भीतर सभी नुकसानों की भरपाई कर ली. इस मामले के महत्वपूर्ण पहलू, जिसमें अडानी पर अमेरिका में मुकदमा चलाया जा सकता है या नहीं, अभी भी अस्पष्ट हैं. हालाँकि, इस मुद्दे पर लगातार राजनीति के कारण यह सुर्खियों में बना हुआ है.

हिंडनबर्ग रिसर्च ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की अध्यक्ष माधबी बुच पर भी आरोप लगाए हैं, जिसमें आरोप लगाया गया है कि उनके और उनके पति के पास अडानी मनी साइफनिंग घोटाले से जुड़े अस्पष्ट ऑफशोर फंड में हिस्सेदारी है. एक




ब्लॉग पोस्ट में हिंडनबर्ग ने दावा किया कि अदानी समूह के चेयरमैन गौतम अदानी के भाई विनोद अदानी द्वारा नियंत्रित इन संस्थाओं का इस्तेमाल राउंड-ट्रिप फंड और स्टॉक की कीमतों को बढ़ाने के लिए किया जाता था. अमेरिकी शॉर्ट-सेलर ने कहा कि दंपति के निवेश बरमूडा और मॉरीशस फंड में थे जो कथित अदानी गलत कामों में शामिल थे. हिंडनबर्ग ने व्हिसलब्लोअर दस्तावेजों का हवाला देते हुए संकेत दिया कि माधबी बुच के पति धवल बुच ने 2017 में, उनकी सेबी नियुक्ति से ठीक पहले, मॉरीशस के एक फंड प्रशासक को पत्र लिखकर उनके ऑफशोर खातों पर एकमात्र नियंत्रण रखने के लिए कहा था.

रिपोर्ट में बुच को विनोद अडानी द्वारा इस्तेमाल किए गए जटिल फंड ढांचे से जोड़ने वाले दस्तावेजों की ओर भी इशारा किया गया है. यह आरोप हिंडनबर्ग की अडानी पर रिपोर्ट के 18 महीने बाद आया है, जिसमें समूह पर शेयरों में हेरफेर करने और राजस्व बढ़ाने का आरोप लगाया गया था. सेबी प्रमुख ने आरोपों से इनकार किया. जबकि सरकार बुच के पीछे जाने की जल्दी में नहीं दिखती है, विपक्ष इस मामले को शांत होने देने के मूड में नहीं है, और यह समाचार चर्चाओं में बहुत जीवंत है.

फरवरी 2024 में, भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के खिलाफ कार्रवाई की, मनी लॉन्ड्रिंग और इसके वित्तीय लेन-देन में कथित अनियमितताओं की चिंताओं के कारण इसके अधिकांश परिचालन को रोक दिया. यह कार्रवाई नो योर कस्टमर मानदंडों के व्यापक गैर-अनुपालन की रिपोर्ट के बाद की गई, जिसमें हजारों खाते एक ही पैन से जुड़े थे और कई लेन-देन नियामक सीमाओं से अधिक थे. ठइख की कार्रवाइयों में 29 फरवरी, 2024 के बाद झझइङ की जमा स्वीकार करने, क्रेडिट लेनदेन करने या ग्राहक खातों, वॉलेट और प्रीपेड इंस्ट्रूमेंट्स को टॉप-अप करने की क्षमता को निलंबित करना शामिल था. आरबीआई ने पहले भी केवाईसी और एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग उल्लंघनों के लिए बैंक को चिह्नित किया था, जो कई चेतावनियों के बावजूद जारी रहा. मार्च 2022 में, आरबीआई ने झझइङ पर प्रतिबंध लगाए, नए ग्राहकों को जोड़ने पर रोक लगाई और व्यापक ऑडिट का आदेश दिया. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी 2022 में पीपीबीएल और इसकी मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस पर छापेमारी की थी, जिसमें धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत डिजिटल धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों की जांच की गई थी. आरबीआई के फैसले (फरवरी 2024 में) के बाद, पेटीएम के शेयर मूल्य में 40% की गिरावट आई, और इसके बाजार पूंजीकरण में केवल दो दिनों में 17,000 करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आई.

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने रिलायंस होम फाइनेंस (आरएचएफएल) के पूर्व अध्यक्ष अनिल अंबानी और 24 अन्य संस्थाओं को पांच साल के लिए प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है.

### आज से से बदल जाएंगे...

अगर किसी ने भी इस तिथि तक ई-केवाईसी नहीं कराया है तो उसका कार्ड एक जनवरी 2025 से कैंसल किया जा सकता है.दरअसल, राशन कार्ड धारकों की वास्तविक पहचान के लिए ई-केवाईसी को अनिवार्य किया गया था. सरकार का मानना है कि इस प्रक्रिया के बाद फर्जी राशन कार्ड और इससे जुड़ी धोखाधड़ी को रोकने में मदद मिलेगी. ऐसा माना जा रहा है कि ई-केवाईसी के बिना सरकार यह सुनिश्चित करने में सफल नहीं हो पा रही है कि राशन पात्र लोगों तक पहुंच रहा है या ो

### चौबीस घंटे में मुर्शिदाबाद...

एसटीएफ की यह कार्रवाई राज्य में सुरक्षा के दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है. साजिबुल के बारे कहा जा रहा है कि वह मूल तौर पर बांग्लादेशी है. मुर्शिदाबाद में दो अलग जगहों की मतदाता सूचियों में उसका नाम दर्ज था. लेकिन प्रशासन ने उसका नाम हटा दिया है. वह 9वीं कक्षा का ड्रॉपआउट बताया जाता है.एसटीएफ ने पूछताछ के लिए तीसरे संदिग्ध को भी हिरासत में लिया है, लेकिन उसका नाम अभी पता नहीं चल पाया है. उपरोक्त दोनों गिरफ्तार अंसारुल्ला बांग्ला टीम (एबीटी) का सदस्य है. हाल ही में असम पुलिस एसटीएफ ने मुर्शिदाबाद के हरिहरपारा से दो आतंकी संदिग्ध को गिरफ्तार किया था. इसमें मिनारुल शेख और मोहम्मद अब्बास शामिल है. बता दें कि एसटीएफ की बड़ी कार्रवाई बताई जा रही है. अब पुलिस इस मामले में पूछताछ कर रही है.

### मणिपुर हिंसा को लेकर ...

न्यायालय के आदेश के खिलाफ आदिवासी छात्रों संघ ने एक रैली आयोजित की थी, जिसमें मणिपुरी समुदाय को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल करने पर विचार करने का निर्देश दिया गया था. इसके बाद से राज्य में हिंसा का सिलसिला जारी है, और स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए केंद्र सरकार को अर्धसैनिक बलों को तैनात करना पड़ा.

#### कांग्रेस की मांगः पीएम भी सॉरी बोलें

नयी दिल्ली। मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने राज्य में पिछले साल 3 मई को हुई जातीय हिंसा को लेकर जनता से माफी मांगी है. सीएम बीरेन के माफी वाले बयान पर अब कांग्रेस हमलावर हो गई है. कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए पूछा है कि इतने मासूमों की मौत के बावजूद देश के पीएम वहां क्यों नहीं जा सकते? कांग्रेस महासचिव और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में सवाल उठाया कि प्रधानमंत्री मोदी देश और

## प्रथम पृष्ठ का शेषांश

दुनिया भर में यात्रा करते रहते हैं, फिर भी वे वहां जाकर ऐसा क्यों नहीं कर सकते, जो सीएम बीरेन सिंह ने किया है. जयराम रमेश ने उन्होंने बीरेन सिंह के बयान का वीडियो रीपोस्ट करते हुए कहा, प्रधानमंत्री मोदी मणिपुर जाकर वहां भी यही बात क्यों नहीं कह सकते? उन्होंने जानबूझकर 4 मई 2023 से राज्य का दौरा करने से परहेज किया है, जबकि वह देश और दुनिया भर में यात्रा कर रहे हैं. उन्होंने कहा, मणिपुर के लोग इस उपेक्षा को समझ नहीं सकते.

### बंगाल सरकार ने संदेशखली...

कार्रवाई का सामना करेंगी.संदेशखली में 2024 की शुरुआत में स्थानीय टीएमसी नेताओं द्वारा कथित तौर पर जमीन हड़पने और महिलाओं के यौन उत्पीड़न को लेकर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे.इन विरोध प्रदर्शनों के बाद पहली बार संदेशखली की यात्रा पर आईं बनर्जी ने सोमवार को वहां के निवासियों से राज्य द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाने के लिए किसी को भी पैसे न देने को कहा था.अधिकारी ने दावा किया कि भाजपा ने 2021 के विधानसभा चुनावों में नंदीग्राम से और 2024 के लोकसभा चुनावों में तमलुक से एकजुट हिंदू वोटों के कारण जीत हासिल की थी. उन्होंने कहा कि यह गति जारी रहेगी. तृणमूल पर अनुचित चुनावी उपायों' का सहारा लेने का आरोप लगाते हुए उन्होंने दावा किया कि बशीरहाट से दिवंगत तृणमूल सांसद हाजी एसके नूरुल इस्लाम के नामांकन पत्र में काफी खामियां थीं और लोकसभा चुनावों में क्षेत्र से भाजपा की उम्मीदवार रेखा पात्रा ने चुनाव आयोग में शिकायत भी दर्ज कराई थी.

### यमन में केरल की..

केरल के पलक्कड़ जिले में कोलेंगोड की रहने वाली निमिशा प्रिया को कथित तौर पर एक यमन नागरिक की हत्या के लिए मौत की सजा सुनाई गई है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक महीने के भीतर उन्हें फांसी हो सकती है, जिससे परिवार सदमे में है. वो उसे बचाने के लिए समय की कमी महसूस कर रहे हैं. निमिशा की मां, 57 वर्षीय प्रेमा कुमारी, मृत्युदंड की सजा माफ करवाने के लिए लगातार कोशिश में जुटी हैं.

निमिशा की मां ने इस साल की शुरुआत में यमन की राजधानी सना की यात्रा भी की थी. इस यात्रा का मकसद यमन में स्थित एनआरआई सामाजिक कार्यकर्ताओं के संगठन सेव निमिशा प्रिया इंटरनेशनल एक्शन काउंसिल की मदद से मृतक के परिजनों से बात करना था. साथ ही ब्लड मनी के भुगतान पर भी बातचीत करना था. ब्लड मनी यमन में यह एक पारंपरिक प्रथा है जिसके कारण प्रिया की सजा में कमी आ सकती थी.

### बांग्लादेशी घुसपैठिया...

जन्म प्रमाण पत्र 2018 में जारी हुआ. लेकिन मामले की जांच में पता चला है कि दस्तावेजों में उनके पिता का नाम शेख मुस्तफा दर्ज है, जबकि असली नाम जमील बिस्वास है. इतना ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्ट्रार में भी लवली का कोई रिकॉर्ड मौजूद नहीं है.

इस मामले की शुरुआत पंचायत चुनाव में लवली के खिलाफ हारने वाली रेहाना सुल्ताना द्वारा कलकत्ता हाईकोर्ट में मामला दर्ज कराने से हुई. वकील अमलान भादुड़ी ने बताया कि अदालत में पेश किए गए सबूत बताते हैं कि नसिया (लवली) बांग्लादेशी नागरिक हैं और उनके द्वारा प्रस्तुत ओबीसी प्रमाण पत्र भी फर्जी है. अदालत ने चांचल के एसडीओ को मामले की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया, लेकिन छह महीने बीतने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई. गांव के कई लोगों ने लवली खातून के खिलाफ बयान दिए हैं. रियाज आलम नाम के एक गवाह ने माना कि लवली (नसिया) गांव की निवासी नहीं हैं. उन्होंने यह भी कहा कि शेख मुस्तफा को नसिया का पिता बना दिया गया है, जबकि गांव के लोग जानते हैं कि मुस्तफा की बेटी लवली नहीं है. गवाहों ने पंचायत में दस्तावेजों के साथ हेराफेरी और फर्जी हस्ताक्षरों की भी बात कही.

#### टीएमसी पर भी उठे सवाल

यह मामला तृणमूल कांग्रेस की साख पर भी सवाल खड़ा कर रहा है. टीएसी पर आरोप है कि नसिया को राजनीतिक संरक्षण मिला, जिसकी वजह से वह पंचायत प्रमुख बन पाईं. हालांकि, लवली ने इन आरोपों पर चुप्पी साध रखी है. जब उनसे प्रतिक्रिया के लिए संपर्क किया गया, तो उन्होंने फोन काट दिया और सवालों को टाल दिया.

#### सवालों के घेरे में पंचायत प्रणाली

अब तक छह महीने बीत जाने के बावजूद मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है. स्थानीय लोग और विपक्षी दल इस मुद्दे पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं. फिलहाल यह मामला न सिर्फ अवैध घुसपैठियों से जुड़े मुद्दे पर सवाल खड़ा करता है. साथ ही भारत की पंचायत प्रणाली और टीएमसी को भी कठघरे में भी खड़ा करता है.

## न्यूज कॉर्नर

### नीतीश के नेतृत्व में सरकार पूरा करेगी अपना कार्यकाल : सम्राट चौधरी

**पटना:** बिहार सरकार में भाजपा कोटे से उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नव वर्ष 2025 की पूर्व संध्या पर बिहार की जनता को बधाई दी. उन्होंने कहा कि बिहार में नीतीश के नेतृत्व में सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी. नए साल में 10 लाख लोगों को रोजगार और तीन लाख लोगों को सरकारी नौकरी मिलने से नये वर्ष में लगभग 13 लाख लोगों के जीवन में अवश्य खुशहाली आएगी. इस साल अपना कार्यकाल पूरा करेगी और सभी क्षेत्रों में विकास की शानदार उपलब्धियों के साथ फिर जनता का आशीर्वाद प्राप्त करेगी. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हमारी सरकार ने पांच साल ( 2020-25) में 10 लाख लोगों को नौकरी और 10 लाख लोगों को रोजगार देने का जो लक्ष्य तय किया था, वह पूरा हो चुका है. सरकार चार साल में अब तक 9 लाख 6 हजार लोगों को नौकरी और लक्ष्य से 14 लाख अधिक लोगों को रोजगार दे चुकी है. उन्होंने कहा कि अब नये लक्ष्य के अनुसार 2025 के अंत तक 12 लाख युवाओं को नौकरी और 34 लाख लोगों को रोजगार मिल जाएगा, इसलिए नया साल बिहार के लिए सुखमय रहेगा.

### बीआरपी की गोली मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**पूर्वी चंपारण:** जिला के गोविंदगंज थाना क्षेत्र के रढिया गांव के समीप एक बीआरपी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है.मृतक बाइक से एक स्कूल निरीक्षण कर घर लौट रहे थे इसी दौरान अपराधियो ने घटना को अंजाम दिया है. घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि सड़क दुर्घटना में मौत हुई है,जबकि मृतक का कपड़े हटाने पर गोली मारने की पुष्टि हुई. घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी अरेराज रंजन कुमार सहित स्थानीय पुलिस ने शिक्षा के उक्त कर्मी को एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा तब उसकी तक मौत हो गई थी. मृतक पहाड़पुर थाना क्षेत्र के लौकाहा पकड़िया निवासी कुबेर पाण्डेय उर्फ अभिनंदन पाण्डेय बताये गये है.जिनका अपने बड़े भाई से जमीनी विवाद चल रहा था. घटना को लेकर एसपी स्वर्ण प्रभात ने कहा है कि घटना के उद्भेदन के लिए डीएसपी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है. वही प्रारम्भिक सूचना है कि सम्पति के विबाद में कुबेर पांडेय को गोली मारी गई है.कुबेर पाण्डेय उर्फ अभिनन्दन वर्षो तक पत्रकारिता से जूड़े रहे. हाल के वर्षों में शिक्षा विभाग में गए थे जो पहाड़पुर बीआरपी के पद पर कार्यरत थे.

### सुरक्षा के दृष्टिकोण से नप क्षेत्र में लगेंगे 250 सीसीटीवी कैमरा, डीएम एसपी सहित अधिकारियों ने रखी आधारशिला

**अररिया:** सुरक्षा के दृष्टिकोण से अररिया नगर परिषद क्षेत्र में 250 सीसीटीवी कैमरा को लगाया जायेगा. नगर परिषद क्षेत्र में होने वाली घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन और नगर परिषद प्रशासन ने यह पहल की है. नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत अररिया आरएस रेलवे स्टेशन के निकट सीसीटीवी अधिष्ठापन के लिए डीएम अनिल कुमार,एसपी अमित रंजन सहित एसडीपीओ रामपुकार सिंह, एसडीएम अनिकेत कुमार, मुख्य पार्षद विजय मिश्रा, उप मुख्य पार्षद गौतम साह, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नितेश पाठक, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी चन्द्र प्रकाश राज एवं उपस्थित पार्षदों द्वारा आज विधिवत शिलान्यास किया गया. इस दौरान डीएम और एसपी द्वारा सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापन को लेकर जरूरी दिशा निर्देश भी दिये गये. मौके पर मौजूद नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी चंद्र प्रकाश राज ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अररिया नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत सुरक्षा की दृष्टिकोण से 250 सीसीटीवी कैमरा लगाया जाना है, जिसका आज शिलान्यास किया गया है. सीसीटीवी कैमरे शहर के विभिन्न मुख्य चौक, चौराहों पर लगाए जायेंगे और पूरे शहर को कवर किया जायेगा. उन्हेंने बताया कि यह सभी सीसीटीवी कैमरे सौर ऊर्जा एवं कुछ आवश्यकता अनुसार इलेक्ट्रिसिटी से संचालित करने की व्यवस्था की जा रही है. इसमें बैकअप की व्यवस्था भी होगी, ताकि इसका समुचित फायदा उठाया जा सके. मौके पर नगर परिषद के पार्षद सहित स्थानीय लोग मौजूद थे.

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने होटल के कमरे में लगाई फांसी, मौत

**जौनपुर:** नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के सुतहट्टी चौराहा स्थित एक होटल में युवक का शव फांसी पर लटकता मिला है. इस घटना की जानकारी पुलिस को मंगलवार दोपहर लगभग एक बजे के आसपास मिली है. शव कब्जे में लेकर घटनास्थल की जांच पड़ताल की. बिहार प्रांत के जहानाबाद जनपद के नोनारी गांव निवासी अभिमन्यु कुमार (25) ने सोमवार की शाम छह बजे होटल शिवम में कमरा नंबर 106 बुक किया था. मंगलवार दोपहर देर तक कमरा न खुलने के कारण होटल संचालक ने घटना की जानकारी पुलिस को दी. शहर कोतवाल मिथिलेश कुमार मिश्रा, चौकी प्रभारी भंडारी गोपाल तिवारी, चौकी प्रभारी शकर मंडी करन पांडेय व सहयोगी जवानों के साथ होटल में पहुंच गए. काफी प्रयास के बाद अंदर से बंद दरवाजे को तोड़ा तो देखा गया कि अभिमन्यु कुमार की लाश छत में लगे पंखे से गमछे के सहारे लटक रही है. कोतवाल मिथिलेश मिश्रा ने बताया कि पुलिस को उसके शव के पास से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें मृतक ने यह दर्शाया कि मेरी गलती माफ करने लायक नहीं है, मैं अपनी इच्छा से आत्महत्या कर रहा हूं. पुलिस ने सुसाइड नोट में लिखें मोबाइल नंबर पर फोन करके परिजनों को सूचना दिया है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम भी जांच पड़ताल में जुटी है.

### घाघरा नदी में डूबे युवक का शव दूसरे दिन नदी से बरामद

**धौरहरा/लखीमपुर खीरी:** धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के जालिम नगर पुल पर सोमवार को नहाते समय डूबे युवक का शव एनडीआरएफ की टीम ने नदी से बरामद कर लिया है. शव मिलने से परिवार में कोहराम मच गया. पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है. बता दें कि थाना खमरिया के गांव ऊंचगांव निवासी शशिकांत मौर्या (26) पुत्र नंदलाल सोमवती अमावस्या पर स्नान करने सोमवार की तड़के धौरहरा कोतवाली क्षेत्र में स्थित घाघरा नदी के जालिम नगर पुल पर गया था. घाट पर नहाते समय वह गहरे पानी में जाकर डूब गया था. सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से उसकी खोजबीन शुरू कराई, लेकिन कोई पता नहीं चल सका. दूसरे दिन मंगलवार को एसडीएम राजेश कुमार, तहसीलदार आदित्य विशाल और सीओ प्रीतम पाल सिंह एनडीआरएफ टीम के साथ मौके पर पहुंचे. टीम ने स्थानीय गोताखोरों के साथ नदी में उतरकर उसकी खोजबीन शुरू की. दोपहर बाद करीब तीन बजे युवक का शव नदी से बरामद कर लिया. शव देख मौके पर मौजूद परिवार के लोग बिलख पड़े. मौके पर पहुंचे धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने बिलख रहे परिवार वालों को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का आश्वासन दिया है. एसडीएम राजेश कुमार ने बताया कृषक दुर्घटना बीमा की पात्रता में यदि युवक आता होगा तो उसके परिवार को आर्थिक सहायता दी जाएगी.

### हरियाणा से नाबालिग बरामद, अपहर्ता गिरफ्तार

**बेतिया:** बेतिया पुलिस जिला के बलथर थाना स्थित एक गांव से अगवा नाबालिग अपहृता को पुलिस ने हरियाणा से घटना के दस दिन बाद बरामद किया है. वहीं अपहर्ता को पुलिस ने पकड़ने में सफलता पाई है. अपहृता एक आंख से दिव्यांग है.पुलिस नाबालिग को फर्दबयान व मेडिकल जांच के लिए बेतिया लाई है. थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने मंगलवार को बताया कि मोबाईल लोकेशन के आधार पर इस घटना के आईओ धीरेन्द्र कुमार यादव अगवा नाबालिग को हरियाणा से बरामद किया है. वही से इसके अपहर्ता अवसानपुर गांव निवासी राहुल कुमार को गिरफ्तार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. बरामद नाबालिग एक आंख से दिव्यांग व मंदबुद्धी है. घटना 20 दिसम्बर की है. नाबालिग के पिता के शिकायत पर पुलिस ने गिरफ्तार युवक समेत उसके माता व पिता समेत चार लोगों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की गई है.अपहर्ता ने नाबालिग की मंदबुद्धी का लाभ लेते हुए बहला फुसलाकर अगवा कर लिया था.बरामद नाबालिग किसके साथ जायेगी इसका फैसला न्यायालय में दर्ज ब्यान के आधार पर निर्णय के बाद निर्धारित होगा.

### वनस्पति तेल लदे टैंकर ने टेंपो, कार और ऑटो में मारी टक्कर...हादसे में एक की मौत, दस घायल

**उन्नाव:** उन्नाव से सवारी बैठाकर टेंपो और ऑटो शुक्लागंज की ओर जा रहे थे, जैसे ही वह सहजनी तिराहे के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार वनस्पति तेल लदे टैंकर ने पहले टेंपो, कार और ऑटो में टक्कर मार दी. जिससे टेंपो में सवार सवारियां सड़क पर जा गिरा, टैंकर ने एक युवक को रौंद दिया. जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. वहीं दस अन्य लोग घायल हो गये. जिन्हें इलाज के लिये जिला अस्पताल भेजा गया है. मंगलवार शाम करीब पौने चार बजे सहजनी तिराहे के पास अनियंत्रित वनस्पति तेल लदे 14 टायरा टैंकर ने पहले टेंपो में टक्कर मारी. जिस पर टेंपो में सवार दो लोग सड़क पर आ गिरा, जिसमें एक को रौंद दिया. वहीं दूसरे के पैर में टैंकर चढ़ने से उसका पैर कट गया. वहीं आगे चल रहे एक ऑटो में भी टैंकर मार दी.

# छात्रों के भविष्य को खराब करने के लिए उन्हें कौन बहका रहा, इसकी जांच होगी : विजय चौधरी



**पटना:** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं प्रारम्भिक परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के बीच मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश के करीबी मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि इस मामले में मुख्य सचिव ने पहले ही कहा है कि किन्ही को पेपर लीक के बारे में या एग्जाम को लेकर कोई शिकायत है उन पर संज्ञान लेंगे और कार्रवाई करेंगे लेकिन अभ्यर्थियों ने पेपर लीक से जुड़ा कोई सबूत नहीं दिया गया है. छात्रों के भविष्य को खराब करने के लिए उन्हें कौन बहका रहा है, इसकी जांच होगी. विजय चौधरी ने कहा कि मुख्य सचिव ने सरकार की ओर से खुला न्योता दे रखा. सरकार को जो करना होगा करेंगे. छात्रों के हित में सरकार काम करेगी. पेपर लीक का कोई सबूत नहीं दिया गया है लेकिन पेपर लीक को लेकर हंगामा हुआ. ऐसे में ये किसकी साजिश है. छात्रों के भविष्य को खराब करने के लिए उन्हें कौन बहका रहा है. इसकी जांच भी होगी. उन्होंने कहा कि छात्र हमारे भविष्य हैं. नीतीश कुमार की सरकार छात्रों के पक्ष में हैं. उनके साथ कोई नाइंसाफी नहीं होगी. जन सुराज पार्टी के प्रमुख प्रशांत किशोर के 48 घंटे के अल्टीमेटम पर विजय चौधरी ने सख्त अंदाज में कहा कि सरकार किसी के अल्टीमेटम को नहीं समझती. सरकार जनता के हित में काम करती है. अल्टीमेटम की कोई जरूरत नहीं, उसकी कोई अहमियत नहीं है. अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल से मुख्य सचिव के स्तर पर बात होना सरकार की पहल है. प्रशांत किशोर सहित कई अन्य पर दर्ज एफआईआर रद्द करने के मसले पर विजय चौधरी ने कहा कि सरकार इस मामले पर उदारतापूर्वक विचार करेगी. एग्जाम को लेकर जो भी फैसला होगा वो बीपीएससी तय करेगी. उल्लेखनीय है कि बीते 13 दिसम्बर को पूरे बिहार में 70वीं बीपीएससी परीक्षा हुई. पटना के एक परीक्षा केंद्र पर प्रश्नपत्रों के वितरण में अनियमितता की शिकायतें आई. इसे लेकर छात्रों ने प्रदर्शन किया तो बीपीएससी ने पटना केंद्र की परीक्षा रद्द करने की घोषणा की. छात्रों की मांग है कि पूरी परीक्षा रद्द की जाए. छात्रों का कहना है कि एक केंद्र की परीक्षा रद्द की जाती है तो बाद में मेरिट लिस्ट तैयार करने में नॉर्मलाइजेशन की प्रक्रिया अपनाई जाएगी, जिसका वे शुरू से विरोध कर रहे हैं. साथ ही पूरे मसले पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बात करने की मांग की गई. इसे लेकर पटना के गर्दनीबाग में छात्रों का प्रदर्शन भी जारी है. इसी दौरान 29 दिसम्बर को गांधी मैदान से आंदोलनरत छात्र जब सीएम हाउस की ओर कूच रहे थे तब उन पर पुलिस ने वाटर कैनन से पानी की बौछार की और लाठीचार्ज किया. इसमें कई छात्र घायल हुए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया. इस बीच बिहार के मुख्य सचिव से छात्रों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर उनकी बातें सुनीं. वार्ता सकारात्मक रही.

## छात्रों की हितैषी है नीतीश सरकार, उनकी हर वाजिब मांगों को सुना जाएगा: विजय कुमार चौधरी

**पटना:** मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि एनडीए गठबंधन दिनों दिन मजबूत हो रहा है और वर्ष 2025 के विधानसभा चुनाव में हमारा गठबंधन चट्टानी एकता के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में रिकॉर्ड बहुमत से जीत दर्ज करेगा.विजय चौधरी ने मंगलवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात करते हुए बीपीएससी अभ्यर्थियों के मुद्दों पर कहा कि नीतीश सरकार छात्रों की हितैषी है और उनकी हर वाजिब मांगों को सुना जाएगा. कुछ लोग निहित राजनीतिक स्वार्थ के लिए छात्रों की भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं. मंत्री चौधरी ने कहा कि बिहार सरकार के मुख्य सचिव की ओर से पेपर लीक को लेकर प्रमाण मांगा गया है और अगर इस संबंध में कोई शिकायत आती है तो हमारी सरकार निश्चित रूप से मामले को संज्ञान में लेकर आगे की कार्रवाई करेगी लेकिन अब तक किसी तरह का कोई प्रमाण अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया है. हमारी सरकार छात्रों की हितों को समझती है और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार छात्रों के साथ किसी भी सूरत में कोई नाइंसाफी नहीं होने देंगे. आंदोलनरत अभ्यर्थियों पर हुए मुकदमों के संबंध में उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी तमाम मामलों को देख रहे हैं और हमारी सरकार उदारतापूर्वक इस पर विचार करेगी. साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार किसी के अल्टीमेटम से नहीं चलती है, हम अपने दायित्वों के प्रति सजग और समर्पित हैं.मौके पर विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ 'गांधी जी' एवं वरीय नेता प्रो. नवीन आर्य चंद्रवंशी मौजूद रहे.

## नेपाल के इटहरी में बम ब्लास्ट के बाद सीमा पर सुरक्षा की गई कड़ी, दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसी की संयुक्त गश्ती

**अररिया:** नेपाल के सुनसरी जिला के इटहरी में हुए बम ब्लास्ट के बाद भारत नेपाल सीमा पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है. भारत नेपाल खुली सीमा पर भारत और नेपाल दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसी मुस्तैद है.सरहद की सुरक्षा में भारत की ओर से लगे एसएसबी और नेपाल के आर्म्ड पुलिस फोर्स और सेना के जवानों के द्वारा संयुक्त रूप से खुली सीमा पर गश्ती की जा रही है.अररिया से सटे नेपाल की सीमा से लगने वाले इलाके में ऐतिहातन कड़ी सुरक्षा बरती जा रही है.हर आने जाने वाले संदिग्धों पर कड़ी नजर के साथ जांच कर एक दूसरे देशों में प्रवेश करने दे रहे हैं. उल्लेखनीय है कि आज मंगलवार को सुबह सुनसरी के इटहरी में राजाबादी संगठन की ओर से तीन सीरियल बम ब्लास्ट किया गया था. इससे पहले संगठन की ओर से सुनसरी के एसपी को मैसेज किया गया था और इलाके में पोस्टर लगाकर बम विस्फोट करने की धमकी दी गई थी, जिसके तहत सुबह में तीन अलग अलग स्थानों पर तीन बम ब्लास्ट हुए.हालांकि दो बम डिफ्यूज करने के दौरान हुई थी.

## नए राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मिले नीतीश कुमार, राजेंद्र आर्लेकर को दी विदाई



**पटना:** दिल्ली दौरे से लौटने के बाद मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजभवन में निवर्तमान राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और नवनियुक्त राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से शिष्टाचार मुलाकात की. बिहार के नए राज्यपाल सोमवार को पटना पहुंचे हैं लेकिन सीएम के दिल्ली में रहने के कारण उनसे मुलाकात नहीं हो पाई थी. बिहार के नए राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान 2 जनवरी 2025 को शपथ लेंगे. चुनावी साल में बिहार को नया राज्यपाल मिला है और इसके कारण कई तरह की सियासी चर्चा भी है. राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर बिहार के 41वें राज्यपाल थे. 17 फरवरी 2023 को उन्होंने राज्यपाल पद की शपथ ली थी. 22 महीने से अधिक समय तक वह राज्यपाल पद पर रहे. अब वह केरल के गवर्नर होंगे. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के स्टेट हैंगर पर आयोजित विदाई समारोह में भी शिरकत की और निवर्तमान राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर को विदाई की. पुष्प गुच्छ भेंटकर उनको सप्रेम विदा किया. मुख्यमंत्री ने नई जिम्मेवारियों के लिए शुभकामनाएं भी दी. इस दौरान बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, पशु एवं मत्स्य संसाधन श्रीमती रेणु देवी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री जनक राम, गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णनंदन पासवान और मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा भी मौजूद थे.

## भारत-नेपाल के पुलिस अधिकारियो की हुई संयुक्त बैठक, कई मुद्दों पर बनी सहमति



**पूर्वी चंपारण:** भारत-नेपाल के थाना स्तरीय समन्वय समिति की बैठक मंगलवार को जीतना थाना परिसर मे सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता जितना थानाध्यक्ष अमित कुमार एवं नेपाल पुलिस प्रभारी विजय कुमार महतो ने संयुक्त रूप से की. बैठक में दोनों देशो के अधिकारियों द्वारा बारी- बारी से विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत रूप से द्विपक्षीय चर्चा की गई. इस दौरान बिहार के रास्ते भारत में नेपाल से जाली नोट के आवागमन पर रोक लगाने पर भी विशेष रुप से चर्चा की गई. बैठक में दोनों देश के बॉर्डर पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष रूप से बल दिया गया. दोनों देशो के पुलिस अधिकारियो ने बारी-बारी से मानव तस्करी, शराब के भारतीय सीमा में प्रवेश पर नियंत्रण, बिहार में शराब बंदी को प्रभावी रूप से लागू करने में नेपाल के सीमावर्ती जिलों का महत्वपूर्ण सहयोग, बॉर्डर पर अतिक्रमण, जाली नोटों पर अंकुश, अपराधियों की धरपकड़ असामाजिक तत्वों द्वारा खुली सीमा का दुरुपयोग, प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी व सूचनाओं के आदान-प्रदान सहित कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई. साथ ही इन मुद्दो पर आपसी समन्वय के साथ पूरी सजगता के साथ कार्य करने को लेकर आपसी सहमति बनी. बैठक के पश्चात अधिकारियो ने बताया कि भारत और नेपाल का संबंध सदियों से अत्यंत प्रगाढ़ रहे हैं. दोनों देशों के बीच बेटी-रोटी का संबंध है. दोनों ही देशों के नागरिकों के बीच आपसी प्रेम एवं सौहार्द बनी रहे इसको लेकर हम निरंतर प्रयासरत हैं. महत्वपूर्ण और फलदाई बताया. बैठक की संयुक्त अध्यक्षता कर रहे नेपाल पुलिस के प्रभारी विजय कुमार महतो ने कहा कि यह बैठक न केवल हमारे दोनों देशों के बीच सद्भाव और मित्रता का प्रतीक है, बल्कि सीमा क्षेत्र में शांति, सहयोग और समन्वय को सुदृढ़ करने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी प्रदान करता है. जीतना थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने दोनों देश एक दूसरे के अपराधियों की सूची आदान-प्रदान करने सहित कई विषयों पर अपनी बात रखी. उन्होंने अपराधियों की धर-पकड़, सूचनाओं का आदान-प्रदान, नेपाल में शराब की बिक्री पर नजर रखने, अवैध शराब एवं शराबियों पर कड़ी नजर, नेपाली नंबर के वाहनों के भारतीय सीमा में प्रवेश, नेपाली सिम का दुरुपयोग आदि विषयों पर अपनी बातें रखी. मौके पर नेपाल पुलिस सहायक चंद्रिका राउत, अपर थाना अध्यक्ष विकास आनंद, एसआई शाहिद आलम मौजूद थे.

## छत्तीसगढ़ में तैनात इंस्पेक्टर की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

### कानपुर पहुंचा पार्थिव शरीर, अंतिम विदाई में हर आंख हो गई नम




**कानपुर:** ककवन कस्बा के राघवेंद्र सिंह के पुत्र अनिल सिंह गहरवार छत्तीसगढ़ पुलिस में पुलिस मुख्यालय रायपुर में इंस्पेक्टर के पद पर तैनात थे. रविवार की देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी मौत हो गई. इसके बाद मंगलवार की दोपहर उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव ककवन में आया. जहां उनका राजकीय सम्मान के साथ उत्तर प्रदेश पुलिस के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. बता दें कि वह वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ पुलिस में तैनात हुए थे. जिसके बाद नक्सल प्रभावित एरिया में तैनाती के चलते कई नक्सली हमले में वीरता दिखाते हुए नक्सली को मौत के घाट उतार दिया था. उनको कई बार प्रमोशन देकर सिपाही से कंपनी कमांडर तक पहुंच गए थे. इसके बाद जनवरी में ही उनको सीओ की रैंक भी मिलने वाली थी. जिसके चलते बीते 27 दिसंबर को उनकी एक साथी पुलिस अधिकारी से मारपीट भी हुई थी. जिसको लेकर उनके द्वारा रायपुर जिले के राखी थानाक्षेत्र में शिकायती पत्र भी सौंपा गया था, लेकिन अभी तक अधिकारियों द्वारा उसे मामले स्पष्ट नहीं किया गया है. इधर, परिजनों ने मारपीट के साथ बीते तीन दिनों से परेशान भी बताया था. हालांकि पुलिस ने छत्तीसगढ़ पुलिस ने प्राथमिक तौर पर आत्महत्या ही बताया था लेकिन परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है. पार्थिव शरीर जैसे ककवन पहुंचा मानो लोगों का रेला उमड़ पड़ा और अंतिम दर्शन के लिए हजारों लोग ककवन में जुटे. आसपास गांव के लोग भी अंतिम दर्शन के लिए अंतिम यात्रा में शामिल हुए. पेट्रोल पंप से लेकर पहले थाने तक फिर थाने से लेकर आता उनके पैतृक घर से लेकर नहर पुल तक अंतिम यात्रा निकाली गई. जिसमें जगह-जगह लोगों ने वीर जवान अनिल सिंह के भारतीय शरीर पर पुष्प की वर्षा की. इंस्पेक्टर अनिल सिंह का जनवरी में ही इंस्पेक्टर पर प्रमोशन होने वाला था और वह को कमांडेंट (सीओ) बनने वाले थे. ऐसे में वह अपने बेटे अखंड प्रताप सिंह को आईएस बनाना चाहते थे जबकि बेटी को इंजीनियर बनाना चाहते है. खुश मिज़ाज अनिल सिंह जब भी गांव आते थे तो लोगों से खुलकर मिलते थे और छत्तीसगढ़ पुलिस में अन्य यूपी के जवानों में खासी लोकप्रियता भी थी. उनकी पत्नी रश्मि सिंह 42 और पुत्री रितिका सिंह 16 परिवार में मौजूद हुआ है. पार्थिव शरीर पहुंचते ही कानपुर पुलिस ने आवास पर गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया, जबकि मौके पर छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ ककवन थाने के प्रभारी अवनीश कुमार सिंह के पुलिस फोर्स मौजूद रहा. अंतिम यात्रा में विधायक राहुल बच्चा, रचना सिंह, राजू स्वर्णकार, अखिलेश अवस्थी, शानू राठौर के साथ कस्बा भर के हजारों लोग मौजूद रहे.

## ज्वेलर्स की दुकान से नकदी समेत सवा करोड़ रुपये की चोरी

**कानपुर:** नवाबगंज थाना अंतर्गत चोरों ने एक ज्वेलर्स की दुकान में घुसकर सवा करोड़ की ज्वेलरी समेत नकदी पर हाथ साफ कर गये. मंगलवार की सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने पहुंचा तो उसे इस घटना की जानकारी हुई. मौके पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड घटनास्थल का जायजा लेते हुए कई अहम साक्ष्य एकत्रित कर जांच में जुट गई है. नवाबगंज थाना क्षेत्र के सराफा बाजार में रहने वाले पीड़ित जुगल किशोर अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ जिस घर में रहते हैं, उसी घर के नीचे उनकी हरिशंकर एंड जुगल किशोर के नाम से ज्वेलर्स की दुकान है. दो दिन पहले उनकी पत्नी नैना अपने दोनों बच्चों को लेकर गुमटी स्थित एक रिश्तेदार के घर गईं थी. सोमवार की रात पीड़ित जुगल किशोर अपनी दुकान बंदकर पत्नी और बच्चों से मिलने के लिए गुमटी चले गए. रात ज्यादा हो जाने की वजह से रिश्तेदार के घर में ही रुक गए. इसी बात का फायदा उठाते हुए चोरों ने उनके घर और दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया. पीड़ित ने बताया कि मंगलवार की सुबह जब वह दुकान खोलने पहुँचे तो अंदर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए. पूरी दुकान का सामान बिखरा पड़ा था. घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस, फॉरेंसिक और डॉग स्क्वायड टीम ने घटनास्थल का जायजा लिया. पीड़ित ने बताया कि उनके घर के बगल में एक खाली प्लॉट पड़ा हुआ है. वहीं से चोर उनके घर में दाखिल हुए. ताला तोड़कर उन्होंने पहले तो बेडरूम में चोरी की, फिर उसके बाद दुकान के अंदर दाखिल हुए.

## आरजेडी हिंदू नहीं मुस्लिम पार्टी है, बीजेपी विधायक इंजीनियर शैलेंद्र के बयान से मचा सियासी हंगामा



**भागलपुर:** बिहपुर से भारतीय जनता पार्टी के विधायक इंजीनियर कुमार शैलेंद्र ने मुसलमानों को लेकर ऐसा बयान दिया है, जिस पर बिहार में सियासी बवाल मच गया है. उन्होंने न केवल आरजेडी को 'मियां की पार्टी' बताया है, बल्कि ये भी कहा कि मुसलमान देश के लिए खतरनाक है. विधायक ने कहा कि बिना भेदभाव के हमने मुसलमानों के इलाके में विकास के कार्य किए लेकिन ये लोग हमें वोट नहीं करते हैं. हिंदुस्तान में रहकर भी ये लोग देश विरोधी बातें करते हैं. ये लोग सिर्फ आरजेडी का समर्थन करते हैं. भागलपुर के बिहपुर विधानसभा क्षेत्र में लोगों को संबोधित करते हुए इंजीनियर शैलेंद्र ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल को समाप्त कर दीजिए, क्योंकि यह राजद हिंदुओं की नहीं बल्कि मियां की पार्टी है. उन्होंने कहा कि हम आपसे अपील करते हैं कि आप लोग 'हिंदू' बनिये. अगर ऐसा नहीं करियेगा तो ये दुर्भाग्यपूर्ण होगा. बीजेपी विधायक ने वहां मौजूद लोगों से सवालिया लहजे कहा कि आप लोगों ने आरजेडी के नेताओं को कभी टीका लगाते हुए देखा है? आरजेडी के लोग टीक रखते हैं क्या? वो लोग सिर्फ टोपी पहनता है, हमसे ज्यादा संबंध उन लोगों का मुस्लिमों से है. शैलेंद्र ने कहा कि हमने मुस्लिमों की 10 साल तक सेवा की. ट्रांसफॉर्मर और रोड भी दिए लेकिन उनलोगों का 10 वोट भी नहीं मिला. उन्होंने कहा कि कोई हमें नहीं हरा रहा. हमारे सनातन लोग ही हमें हरा रहे हैं. नरेंद्र मोदी को भी यही लोग हरवा रहा है. इस दौरान इंजीनियर शैलेंद्र ने कहा कि हमलोगों को जमीन नहीं है, इसलिए एक-दो बच्चा पैदा करते हैं लेकिन वो (मुस्लिम) 10 से 12 बच्चे पैदा कर रहे हैं. बिहपुर विधायक ने कहा कि पूरे देश को अव्यवस्थित कौन करता है. देश में आतंकवादी कौन है. मस्जिद पर मंदिर का अवशेष कहां मिलता है. इस सारी गतिविधियों को कौन करता है, मुसलमान ही तो करता है. उन्होंने आगे कहा कि इस लोगों (मुसलमान) को आरजेडी सपोर्ट करता है.

## स्वच्छ प्रयागराज-सुव्यवस्थित महाकुम्भ की परिकल्पना को साकार करेगा बॉयो सीएनजी प्लांट : सीएम योगी

### मुख्यमंत्री ने प्रयागराज में किया प्रदेश के पहले एमएसडब्ल्यू आधारित बॉयो सीएनजी प्लांट का निरीक्षण



**प्रयागराज:** स्वच्छ और सुव्यवस्थित महाकुम्भ की परिकल्पना के साथ नैनी में प्रदेश का पहला एमएसडब्ल्यू बॉयो सीएनजी प्लांट क्रियाशील होने को तैयार है. मंगलवार को महाकुम्भ की तैयारियों को परखने प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बॉयो सीएनजी प्लांट का निरीक्षण किया. उन्होंने कहा कि यह बॉयो प्लांट स्वच्छ प्रयागराज-सुव्यवस्थित महाकुम्भ के संकल्प की दिशा में एक प्रयास है, जो महाकुम्भ के बाद भी प्रयागराज नगर के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा. प्रदेश में म्युनिसिपल सॉलिड वेस्ट आधारित इस पहले सीएनजी प्लांट से 200 परिवारों को रोजगार भी मिला है. पीपीपी मॉडल पर संचालित होने वाले इस प्लांट का अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के 'वेस्ट टू वेल्थ' की अवधारणा को साकार करता यह प्लांट आरएनजी (नवीकरणीय प्राकृतिक गैस) परियोजना, अत्याधुनिक और नवीनतम तकनीक के साथ नगर निगम के ठोस कचरे को बॉयोगैस में संसाधित करने के लिए सबसे उन्नत और कुशल सुविधाओं में से एक है. अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम द्वारा संचालित इस परियोजना के अंतर्गत प्रयागराज शहर में घरों, होटल-रेस्टोरेंट्स और मंदिरों से हर दिन निकलने वाले औसतन 200 टन गीले कचरे से लगभग 21500 किलो बॉयो सीएनजी और 209 टन जैविक खाद बनेगी. प्लांट की कुल क्षमता 343 टन प्रति दिन उत्पादन की है. हर दिन प्लांट से 21.5 टन बॉयो सीएनजी के साथ 109 टन ठोस जैविक खाद और 100 टन तरल जैविक खाद बनेगी. इससे 56700 टन वार्षिक कार्बन उत्सर्जन में कमी आ सकेगी. मुख्यमंत्री योगी ने फाफामऊ में गंगा नदी पर निर्माणाधीन सिक्सलेन पुल के विकल्प के रूप में बन रहे स्टील ब्रिज का भी निरीक्षण किया. उन्होंने कहा कि इस बार के महाकुम्भ में यह स्टील ब्रिज तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए संगम तक आवागमन का सबसे सहज साधन होगा. स्टील ब्रिज से पश्चिमी उत्तर प्रदेश, अयोध्या, गोरखपुर, लखनऊ, दिल्ली, उत्तराखंड, राजस्थान की ओर से महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों को काफी सहूलियत मिलेगी. उन्हें नगर में नहीं जाना पड़ेगा. गंगा किनारे रिवर फ्रंट रोड से ये वाहन सीधे महाकुम्भ मेला में प्रवेश कर सकेंगे. भारत सरकार के सौजन्य से बन रहे इस स्टील ब्रिज के लोड टेस्टिंग का काम भी पूरा हो गया है. लगभग 450 मीटर लंबे दो लेन के इस स्टील ब्रिज में 4500 टन लोहे का प्रयोग हुआ है. इसके लिए तीन किमी की एप्रोच रोड का भी निर्माण कराया गया है. इससे पहले स्नान घाटों की तैयारियों को परखने के क्रम में मुख्यमंत्री ने संगम ऐरावत घाट और संगम नोज घाट का भी निरीक्षण किया. उन्होंने कहा कि हर एक तीर्थयात्री का स्नान सुरक्षित हो, इसके लिए व्यवस्थाओं में कोई कमी नहीं होनी चाहिए. महाकुम्भ को सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री रखा जा रहा है, कैरी बैग से लेकर होर्डिंग-बैनर तक कहीं भी प्लास्टिक नहीं, जो कुछ होगा सब बॉयोडीग्रेडेबल होगा. इसे लेकर जागरूकता भी बढ़ाई जाए. घाट प्रबंधन और श्रद्धालुओं के सहयोग के लिए 05 हजार कुम्भ सेवा मित्र की तैनाती की गई है. इनका विधिवत प्रशिक्षण भी कराया जाए. मुख्यमंत्री ने किले के समीप तैयार हो रहे वीआईपी घाट का भी निरीक्षण किया और यहीं से त्रिवेणी संगम पहुंचकर संगम-पूजन किया और फिर बड़े हनुमान जी का दर्शन किया.

## न्यूज कॉर्नर

### नए साल पर आज पूरी रात दर्शन देंगे खाटूश्याम

**सीकर:** साल 2024 के आखिरी दिन खाटूश्याम मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी हुई है. आज और कल यहां लाखों की संख्या में लोग दर्शन करने के लिए आएंगे. पूरा खाटू कस्बा श्रद्धालुओं से अटा हुआ है. हर वर्ष नए साल के मौके पर खाटू में लाखों श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं. इसी के चलते इस बार नए साल के मौके पर मंदिर कमेटी ने वीआईपी व्यवस्था को भी समाप्त किया है. मंदिर में दर्शनों के लिए सभी 14 लाइन आम भक्तों के लिए खोली जा चुकी है. पुलिस और प्रशासन भी पूरी तरह से मुस्तैद है. आरएसी की चार कंपनी सहित करीब 1000 पुलिसकर्मी और 500 मंदिर के गार्ड सुरक्षा व्यवस्था संभाले हुए हैं. इस बार श्रद्धालुओं को रींगस रोड डायवर्जन के अलावा दांता रोड से लखदातार मैदान की तरफ से जाया जाएगा. जिससे रींगस रोड पर भीड़ का दबाव कम रहेगा. नववर्ष के चलते खाटू कस्बे में जगह-जगह बेरिकेडिंग भी की गई है. मंदिर में भीड़ रहने के चलते आज पूरी रात मंदिर खुला रहेगा. हालांकि देर रात श्रृंगार के दौरान कुछ मिनट के लिए दर्शन बंद रह सकते हैं. सबसे ज्यादा भीड़ एक जनवरी को खाटू में पहुंचने का अनुमान है.खाटू में हर साल नए साल के मौके पर औसतन 15 से 20 लाख श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं. पूरे साल में श्रद्धालुओं का यह आंकड़ा करीब एक करोड़ से ज्यादा रहता है. फाल्गुन महीने में आयोजित होने वाले लक्खी मेले के दौरान ही यहां 40 लाख से ज्यादा भक्त दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं.

### केवलादेव नेशनल पार्क में ई-रिक्शा पलटा, चालक की मौत, तीन पर्यटक घायल

**जयपुर:** केवलादेव नेशनल पार्क घूम कर आ रहे पर्यटकों का ई-रिक्शा पलट गया. इससे ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई. वहीं तीन पर्यटक घायल हो गए. सभी को नेशनल पार्क की गाड़ी से आरबीएम अस्पताल पहुंचाया गया. घटना ई-रिक्शा के आगे दो चीतल आने की वजह से हुई. प्रशांत और रमनदीप निवासी गुड़गांव ने बताया कि वह दोनों दोस्त हैं. वे नया साल मनाने के लिए भरतपुर आये थे. आज वे केवलादेव नेशनल पार्क घूमने के लिए गए थे. करीब तीन बजे नेशनल पार्क घूम कर लौट रहे थे. एक ई-रिक्शे में प्रशांत, रमनदीप और रमनदीप का बेटा गुरनेक सिंह बैठे थे. दूसरे ई-रिक्शे में रमनदीप की पत्नी परमजीत कौर, प्रशांत की पत्नी मोनिका वर्मा और बेटी शिवांगी बैठे थे. केवलादेव नेशनल पार्क घूम कर लौटते समय प्रशांत, रमनदीप और गुरनेक का ई-रिक्शा नेशनल पार्क के मैन गेट पर पहुंच गया. परमजीत कौर, मोनिका वर्मा और शिवांगी का ई-रिक्शा मैन गेट से करीब 100 मीटर की दूरी पर था. तभी उनके ई-रिक्शा के आगे अचानक दो चीतल आ गए. जैसे ही ई रिक्शा के चालक साजन सिंह (50) निवासी बी-नारायण गेट ने ई-रिक्शा को रोकने की कोशिश की तभी ई-रिक्शा पलट गया. जिसके नीचे ई-रिक्शा चालक साजन सिंह दब गया. आसपास घूम रहे पर्यटक तुरंत मौके पर पहुंचे और सभी को उठाया.

### अलवर: पैंथर के शहर में घुसने से मचा हड़कंप, रेस्क्यू के बाद जंगल में छोड़ा गया

**अलवर:** साल के अंतिम दिन अलवर शहर में सुबह का वक्त दहशत भरा रहा. शहर के खदाना मोहल्ले में पैंथर दिखाई देने की सूचना से हड़कंप मच गया. पैंथर मोहल्ले में भागते हुए सुनार बाई धर्मशाला के पास से सड़क पार कर एक बगीची में जा छिपा. बगीची में पैंथर के छिपने की खबर सुनकर वहां भारी भीड़ जमा हो गई. सूचना पर सरिस्का की टीम रेंजर शंकर सिंह के नेतृत्व में मौके पर पहुंची. टीम ने पैंथर को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह वहां से भागकर कभी बाग पहुंच गया कभी झाड़ियों में छिप गया. सरिस्का के डीएफओ राजेंद्र हुड्डा, डॉक्टर दीनदयाल मीणा, रेंजर शंकर सिंह, और सतीश नस्का सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे. सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सीओ सिटी अंगद शर्मा, कोतवाल नरेश शर्मा, और थाना प्रभारी दिनेश मीणा सहित पुलिस बल भी तैनात किया गया. करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद टीम ने पैंथर को ट्रैंकुलाइज कर रेस्क्यू किया. रेस्क्यू के बाद पैंथर को जंगल में छोड़ने के लिए ले जाया गया. रेंजर शंकर सिंह के अनुसार, यह मेल पैंथर करीब पांच वर्ष का है. हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो सका कि यह वही पैंथर है जो आरआर कॉलेज क्षेत्र में देखा गया था.

### युवक की मौत के बाद बस पर पथराव, बस पलटने की कोशिश

**पाली:** सादड़ी में फालना मार्ग पर सोमवार रात बस और बाइक की टक्कर में दो युवकों के पैर कट गए. इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई. इसके बाद गुस्साए लोगों ने मंगलवार दोपहर सादड़ी-फालना रोड़ पर जाम लगा दिया. लोगों ने दोपहर में फालना की ओर से आ रही बस पर पथराव कर दिया. इस दौरान बस में सवारियां बैठी थीं. मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने बस के पीछे का कांच तोड़कर सवारियों को बाहर निकाला. सादड़ी पुलिस के एएसआई ईश्वर सिंह ने बताया कि सोमवार की रात सादड़ी क्षेत्र के प्रतापगढ़ झुंपा गांव निवासी प्रकाश (19) और श्रवण (18) घर से अपनी बाइक पर पेट्रोल भरवाने के लिए आए थे. इस दौरान लौटते समय सादड़ी-फालना मार्ग पर सामने से आ रही बस ने बाइक को चपेट में ले लिया. हादसे में दोनों के पैर बस के आगे वाले पहिए में फंस गए. एक्सीडेंट के बाद उन्हें इलाज के लिए सादड़ी सीएचसी लेकर आया गया. जहां से गंभीर हालत में उदयपुर रेफर कर दिया. इस दौरान घायल प्रकाश (19) की मौत हो गई. वहीं श्रवण का उदयपुर में इलाज जारी है. एक्सीडेंट में दोनों का एक-एक पैर कट गया था. मंगलवार सुबह प्रकाश की मौत की सूचना मिलने पर सादड़ी पुलिस उदयपुर पहुंची.

### सोनीपत में नए साल पर सुरक्षा चाक चौबंद, हुड़दंग मचाने वालों की खैर नहीं

सोनीपत, 31 दिसंबर (हि.स.). पुलिस ने नए साल के उपलक्ष्य में सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद किया है. हुड़दंग करने वालों शिकंजा कसा जाएगा. सोनीपत पुलिस आयुक्त एडीजीपी कृष्ण कुमार राव ने सोनीपत वासियों को नव वर्ष 2025 के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए अपील की है कि सभी नागरिक कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस को पूर्ण सहयोग दें. कानून व्यवस्था बनाए रखना हम सभी का प्रमुख कर्तव्य है और कोई भी ऐसा अनैतिक कार्य न करें जिससे समाज में अस्थिरता उत्पन्न हो. पुलिस आयुक्त ने बताया कि नव वर्ष के मद्देनजर सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, क्राइम यूनिट निरीक्षकों, ए.एन.सी. सेल, थाने और चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि जिला सोनीपत में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए उचित प्रबंध किए जाएं. मुख्य बाजारों, भीड़-भाड़ वाले इलाकों, होटल, रेस्टोरेंट, पैलेस, क्लब और पार्कों के आसपास अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है. सभी थानों में ड्यूटी के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है. विशेष नाकाबंदी की गई हे,पैट्रोलिंग गश्त बढ़ाई गई है. ड्यूटी पर तैनाती पर्यवेक्षण अधिकारी, थाना प्रभारी

### लोहारू में दलित युवती आत्महत्या के दोषियों पर कार्रवाई कर रही पुलिस : बेदी

**चंडीगढ़:** हरियाणा के लोहारू के एक कॉलेज में पढ़ने वाली दलित युवती की आत्महत्या के मामले में मंगलवार को हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा है कि युवती के आत्महत्या के लिए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है. उन्होंने कांग्रेस नेताओं के इस मामले में ट्वीट किए जाने पर कहा कि ट्वीट करने वाले दोषियों को बचाने के बजाय उनके खिलाफ कार्रवाई किए जाने की बात करें. दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा चुकी है और पुलिस दोषियों की धरपकड़ के लिए तत्परता से काम कर रही है. राज्य की सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी यहां हरियाणा सिविल सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं. मंत्री बेदी ने कहा कि जिस कॉलेज में युवती पढ़ती थी, उस कॉलेज की तरफ से क्षेत्र में लंबे समय से निःशुल्क शिक्षा और निशुल्क यातायात सुविधा दिए जाने की बातें की जा रही हैं. उन्होंने कहा कि इस संबंध में उक्त क्षेत्र के विधायक के वीडियो भी सोशल मीडिया पर उपलब्ध हैं. इस मामले में पीड़ित बेटी के पिता ने शिकायत में कहा कि कॉलेज की प्रिंसिपल और प्रिंसिपल के भाई पर दलित बेटी को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था. लोहारू थाने में इस संबंध में 27 दिसंबर को एफआईआर दर्ज हो चुकी है. पुलिस दोषियों की गिरफ्तारी के लिए कोशिश कर रही है. इस मामले में कांग्रेस नेताओं के ट्विट पर मंत्री बेदी ने कहा कि ट्वीट करने वाले नेताओं को दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात करनी चाहिए. उन्होंने कहा कि आधा अधूरा ट्वीट करके ये नेता दोषियों को बचाने में लगे हैं. उन लोगों को दलित बेटी को न्याय दिलाने के लिए काम करना चाहिए.

# राजेंद्र राठौड़ को कैबिनेट मंत्री का दर्जा दे सकती हैं भजनलाल सरकार, नए साल में नियुक्ति संभव

**जयपुर:** भाजपा के कद्दावर नेता और पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने अपनी राजनीतिक सूझबूझ और कौशल से राजस्थान की सियासत में अलग मुकाम हासिल किया है. प्रदेश भर में उनके लाखों समर्थक हैं. हालांकि पिछले कुछ समय से राठौड़ राजनीतिक चुनौतियों से जूझ रहे हैं. सात बार विधायक रहे राजेंद्र राठौड़ को 2023 में विधानसभा चुनाव में हार झेलनी पड़ी. तारानगर विधानसभा सीट से राजेंद्र राठौड़ को हार का सामना करना पड़ा. फिर इस साल हुए लोकसभा चुनाव में चूरू संसदीय सीट से देवेंद्र झाझरिया को वो चुनावी वैतरणी पार नहीं करवा सके. ऐसे में लगा कि शायद अब राजेंद्र राठौड़ का राजनीतिक सफर यहां समाप्त हो जाएगा. लेकिन ऐसा नहीं हुआ, वो अब भी लगातार प्रदेश में सक्रिय हैं.

समय-समय पर प्रदेश सरकार और संगठन उनके राजनीतिक अनुभव का लाभ लेती हुई दिखाई देती हैं. इस बीच अब चूरू में यह चर्चा तेज हैं कि जल्द ही राजेंद्र राठौड़ को पार्टी बड़ी जिम्मेदारी सरकार या



संगठन में दे सकती हैं. पार्टी सूत्रों के अनुसार सात ऐसे बड़े पद हैं, जिन पर राजेंद्र राठौड़ को लंबे राजनीतिक अनुभव के आधार पर नियुक्त कर कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया जा सकता है. ऐसे में आमजन का मानना है कि राजनीतिक नियुक्तियों में राजेंद्र राठौड़ को सक्रियता व लंबे अनुभव के आधार पर कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया जा सकता है.

राजेंद्र राठौड़ की राजनीतिक नियुक्ति के सवाल पर विधायक हरलाल सहारण का कहना हैं कि राजेंद्र राठौड़ 36 कौम के नेता हैं अगर आलाकमान मौका देती है तो वह स्वागतयोग्य है. वहीं भाजपा पदाधिकारियों में भी इस बात को लेकर पॉजिटिव चर्चा सामने आई है.

भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने बताया कि पार्टी के प्रति समर्पित व सच्चे नेता को राजनीतिक नियुक्ति मिलती है तो वह आमजन व कार्यकर्ताओं के लिए खुशी की बात है. वहीं भाजपा नेता मधुसूदन राजपुरोहित का कहना है कि राजनीतिक पदों के अलावा राज्यसभा में भी राजेंद्र राठौड़ को आला कमान द्वारा भेजे जाने की चर्चाएं भी है.

खैर होना क्या है वह तो भविष्य के गर्भ में है लेकिन हम आपको बता दें कि पिछली गहलोत सरकार ने जिस तरह से हारे हुए अपने सीनियर नेताओं को राजनीतिक नियुक्तियां देकर उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया था, जिनमे डॉक्टर चंद्रभान, ब्रजकिशोर शर्मा भी शामिल थे.

## हरियाणा के किसानों को सूखा राहत का 90 करोड़ बोनस जारी

**चंडीगढ़:** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने प्रदेश के धान उत्पादक किसानों को नए वर्ष का तोहफ़ा देते हुए उनके लिए 90 करोड़ का बोनस जारी किया. उन्होंने आज यहाँ अपने कार्यालय से ऑनलाइन बोनस जारी करने के बाद कृषि , बागवानी एवं अन्य सहायक क्षेत्रों के लिए अधिकारियों के साथ प्री-बजट चर्चा भी की. कृषि मंत्री ने आगामी बजट की व्यापक तैयारियां करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसानों के व्यापक हित की योजनाओं के लिए बजट में रूपरेखा तैयार करें. उन्होंने अधिकारियों को केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सभी 24 फसलों की खरीद को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया.कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने तत्काल राहत उपायों के तहत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा घोषित सूखा राहत योजना के तहत किसानों को प्रति एकड़ दो हजार का बोनस प्रदान करते हुए 90 करोड़ जारी किए. यह निर्णय प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों से जूझ रहे धान उत्पादकों को समर्थन देने के उद्देश्य से लिया गया. इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की और केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी पहलों के प्रति किसानों में जागरूकता फैलाने पर भी जोर दिया. कृषि मंत्री ने अधिकारियों को विभागीय संकल्पों (प्रतिबद्धताओं) की स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने और घोषित योजनाओं को समय पर लागू करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि कृषि उपकरणों के लिए प्रत्यक्ष सब्सिडी हस्तांतरण जल्द से जल्द किया जाए , ताकि किसान खुले बाजार से उपकरण खरीद सकें. हरियाणा राज्य कृषि एवं विपणन बोर्ड के अधिकारियों को कृषि मंडियों (मंडियों) में किसानों और श्रमिकों के लिए सुविधाओं को बढ़ाने का निर्देश दिया गया.

## नए साल के स्वागत के बदले क्यों उबल रहा है नीमकाथाना? बाजार बंद, सड़कों पर लोग कर रहे आगजनी



**नीमकाथाना:** पूरे देश में नए साल के आगमन की तैयारी है और चारों तरफ खुशी दिख रही है. लेकिन राजस्थान के सीकर स्थित नीमकाथाना के लोगों का नया साल विरोध प्रदर्शन के साथ शुरू हो रहा है. नीमकाथाना के लोगों में भारी आक्रोश है और सड़क पर प्रदर्शन कर रहे हैं. सैकड़ों युवा यहां सड़क पर उतरकर टायर जलाकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं. ऐसा इसलिए की सीकर के नीमकाथाना जिले को सरकार ने निरस्त करने का फैसला किया है.

सरकार द्वारा नीमकाथाना जिले को निरस्त करने के फैसले को बदलने की मांग की जा रही है और जिले को यथावत रखने को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है. जिला बचाओ संघर्ष समिति की तरफ से कलेक्ट्रेट के बाहर क्रमिक भूख हड़ताल शुरू कर दिया है. जिला बचाओ संघर्ष समिति के लोगों की मांग है कि जब तक नीमकाथाना जिले को यथावत नहीं रखा जाता तब तक संघर्ष समिति का आंदोलन जारी रहेगा. इसके साथ ही नीमकाथाना जिले को निरस्त करने के विरोध में व्यापार महासंघ और सब्जी विक्रेताओं की ओर से नीमकाथाना के बाजार अनिश्चितकाल के लिया बंद है. जिसके बाद दुकानें बंद है. साथ ही बार एसोसिएशन ने भी अनिश्चितकाल के लिए कार्य का बहिष्कार कर दिया. नीमकाथाना जिले को खत्म करने के विरोध में पंचायत समिति सदस्य ममता शर्मा और जिला परिषद सदस्य कोयली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया. वहीं यादव समाज के लोगों ने भी अतिरिक्त जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर नीमकाथाना जिले को यथावत रखने की मांग की. मंगलवार को सामाजिक संगठनों की ओर से जिले को यथावत रखने की मांग को लेकर मीटिंग रखी जाएगी जिसमें जिले की मांग को लेकर आगे की रणनीति को लेकर विचार किया जाएगा. माना जा रहा है कि इसके बाद अब यह बड़े आंदोलन में तब्दील होने वाला है.

## 9 दिन से 150 फ़ीट गहरे बोरवेल में फंसी 3 साल की चेतना, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

**कोटपुतली:** राजस्थान के कोटपुतली में 700 फीट गहरे बोरवेल में 150 फीट पर फंसी 3 साल की चेतना को 9 दिन बाद भी बाहर नहीं निकाला जा सका. 30 दिसंबर यानी कल रात तक माता-पिता बोरवेल के पास चेतना का इंतजार करते रहे लेकिन उनकी उम्मीदें तब टूट गईं जब टीमों ने काम बंद करके अगले दिन शुरू करने को कहा . हालांकि 3 साल की मासूम के लिए चलाया गया रेस्क्यू ऑपरेशन अब अंतिम चरण में है. रेस्क्यू टीम चेतना को निकालने के लिए 9 दिन से दिन-रात काम कर रही है.

चेतना को निकालने के लिए यह अभियान राज्य में सबसे लंबे बचाव अभियानों में से एक रहा है. इस दौरान बोरवेल में गिरी बच्ची के परिजनों ने प्रशासन पर लापरवाही बरतने का भी आरोप लगाया. 24 दिसंबर की शाम से बच्ची का कोई मूवमेंट नजर नहीं आ रहा है. अधिकारी अब परिजनों को विजुअल और इमेज भी नहीं दिखा रहे.



कोटपूतली-बहरोड़ जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने सोमवार को बताया कि चट्टान की तरह ठोस परत है. बारिश ने भी चुनौती पैदा की है. छउ्रक्र और डउ्रक्र की टीमें समानांतर सुरंग खोदने के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं. बच्ची तक पहुंचने के लिए लगभग 6.5 फुट की और खुदाई बाकी है. एनडीआरएफ टीम के प्रभारी योगेश कुमार मीणा ने सोमवार को बताया कि बचाव अभियान में सख्त चट्टान को काटना टीम के लिए चुनौती रहा. इससे पहले शनिवार को बोरवेल में गिरी बच्ची की मां धोली देवी ने कहा कि कई दिनों से मेरी बेटी बोरवेल में फंसी हुई है. वह भूख और प्यास से तड़प रही है. उसे अब तक बाहर नहीं निकाला गया है. अगर वह कलेक्टर की बच्ची होती तो क्या वह इतने दिनों तक उसे वहां रहने देतीं? कृपया मेरी बेटी को जल्द से जल्द बाहर निकालें.'

बता दें कि कोटपूतली के सारुंद थाना क्षेत्र में साढ़े तीन साल की बच्ची चेतना 23 दिसंबर को बोरवेल में गिर गई थी. यह बोरवेल घर के अंदर कुछ दिन पहले ही खुदवाया गया था, लेकिन पानी नहीं निकलने के कारण इसे बंद कर दिया गया था. बच्ची को सुरक्षित निकालने के लिये शुरुआत में रिंग की मदद से बाहर निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन सभी प्रयास विफल रहे. दो दिनों तक लगातार प्रयास के बाद भी कोई नतीजा नहीं निकला तो बुधवार को समानांतर गड्ढा खोदकर सुरंग के जरिये बच्ची तक पहुंचने का प्रयास किया गया.

## हरियाणा के विकास को नई दिशा देने का कार्य चौटाला की देखरेख में हुआ: नायब सैनी

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चौधरी ओम प्रकाश चौटाला को श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुये. मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि हरियाणा के विकास को नई दिशा देने का कार्य चौटाला की देखरेख में हुआ.मुख्यमंत्री सैनी मंगलवार को सिरसा के गांव चौटाला के चौधरी साहब राम स्टेडियम में आयोजित स्व. चौधरी ओम प्रकाश चौटाला की श्रद्धांजलि सभा में को संबोधित कर रहे थे. मुख्यमंत्री ने कहा कि चौटाला का जीवन संघर्ष का प्रतीक रहा है. उनके मार्गदर्शन में हरियाणा को विकास के क्षेत्र में नई दिशा मिली. ऐसे महान व्यक्तित्व चौधरी ओम प्रकाश चौटाला अपना एक गौरवशाली जीवन व्यतीत करके हम सबको एक दिशा देकर गए हैं. ऐसी दिवंगत आत्मा से हमें प्रेरणा मिलती है, जिन्होंने समाज और प्रदेश के हित में अपना जीवन समर्पित किया. जब भी समाज के हित की बात आई चौटाला ने हमेशा आगे बढ़कर योगदान दिया और लोगों तक लाभ पहुंचाने का कार्य किया. मुख्यमंत्री ने परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिवार को ये दुःख सहने का साहस दे.

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किए मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन



**जयपुर:** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा साल 2024 के अंतिम दिन मंगलवार को सिद्धपीठ मेहंदीपुर बालाजी धाम पहुंचे. जयपुर से रवाना होकर उनका हेलिकॉप्टर मीन भगवान मंदिर के पीछे स्थित हेलीपैड पर उतरा, जहां गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम और सिकराय विधायक विक्रम बंशीवाल समेत भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया.कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच मंदिर पहुंचने पर पीठाधीश्वर महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज ने उनकी अगवानी कर स्वागत किया. यहां मुख्यमंत्री ने गर्भगृह के सामने बैठकर स्वयंभू बालाजी महाराज के दर्शन किए. पंडितों ने मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजा अर्चना कराई. महंत ने माला पहनाकर स्वागत किया तो मुख्यमंत्री ने भी देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की.मंदिर में दर्शनों के बाद मुख्यमंत्री महंत निवास पहुंचे, जहां महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज ने उनका अभिनन्दन किया. करीब 15 मिनट तक कई मुद्दों पर चर्चा के बाद मुख्यमंत्री रवाना हुए.इस दौरान जयपुर रेंज आईजी अजयपाल लाम्बा, कलेक्टर देवेन्द्र कुमार, एसपी रंजीता शर्मा, एएसपी लोकेश सोनवाल, सिकराय एसडीएम डॉ नवनीत कुमार, मानपुर डिप्टी एसपी दीपक मीणा समेत भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे. यहां दर्शन के बाद मुख्यमंत्री गोवर्धन धाम स्थित पूंछरी का लौठा के दर्शन के लिए रवाना हुए.

## भाजपा संगठन पर्व को लेकर बैठक आयोजित

**जोधपुर:** भाजपा जोधपुर देहात दक्षिण की संगठन पर्व की बैठक जिलाध्यक्ष जगराम बिश्नोई की अध्यक्षता में नवसृजित कुड़ी नगर पालिका में आयोजित हुई. संगठन पर्व बैठक में संगठन पर्व के जिला प्रभारी एवं जयपुर के पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, भाजपा जोधपुर देहात दक्षिण के जिला प्रभारी श्रवण बंजारा मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित रहे. बैठक में भाजपा जोधपुर देहात के सभी मंडलों एवं जोधपुर देहात जिला अध्यक्ष के चयन को लेकर चर्चा हुई. जिला प्रवक्ता एवं कुड़ी नगर पालिका के अध्यक्ष चंद्रलाल खावा ने संगठन पर्व प्रभारी रामचरण बोहरा का साफा बंधवाकर एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया. संगठन पर्व के प्रभारी एवं जयपुर के पूर्व सांसद रामचरण बोहरा ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को सामंजस्य के साथ मंडल अध्यक्ष का नाम एवं जिला अध्यक्ष का नाम सभी कार्यकर्ताओं से चर्चा कर प्रदेश संगठन को भेजने का आग्रह किया. भाजपा जोधपुर देहात दक्षिण के जिला संगठन प्रभारी श्रवण बंजारा ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को संगठन पर्व को मुख्य त्यौहार के रूप में लेकर संगठन मजबूती हेतु एक राय होकर लगने का आह्वान किया. बैठक में पूर्व जिला महामंत्री परीक्षित सिंह चंपावत, जिला प्रवक्ता एवं कुड़ी नगर पालिका के अध्यक्ष चंद्रलाल खावा, भाजपा किसान मोर्चा जोधपुर देहात दक्षिण जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश बिश्नोई, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश चोटिया, जिला उपाध्यक्ष श्रवण चौधरी, कुड़ी मंडल के पूर्व महामंत्री दिनेश सिंह राजपुरोहित, भारतीय जनता युवा मोर्चा लूणी मंडल के महामंत्री किशोरसिंह बेरावत, हर्ष पटेल उपस्थित रहे.



## जयपुर में गैस रिसाव के बाद मचा हड़कंप

**जयपुर:** जयपुर में गैस रिसाव से हड़कंप मच गया है. मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर बाद जयपुर के विश्वकर्मा इलाके के रोड नंबर 18 पर स्थित गैस फिलिंग प्लांट से रिसाव हुआ.

इससे आस-पास गैस की सफेद चादर जैसी फैल गई. गैस रिसाव से अफरातफरी जैसी स्थिति हो गई. मिली जानकारी के अनुसार जयपुर के जिस गैंस फिलिंग प्लांट से यह रिसाव हुआ, वहां टंकियों में कार्बन डाई ऑक्साइड गैस भरा जाता था. रिसाव की सूचना पर पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची. सिविल डिफेंस की टीम ने मौके पर पहुंच कर वॉल्व को बंद किया. इसके बाद गैस का रिसाव रुका. मौके पर दमकल, पुलिस बल, एंबुलेंस मौजूद है. वॉल्व को बंद किए जाने के बाद गैस का रिसाव रुक गया है. हालांकि इस बीच गैस काफी तेजी से पूरे इलाके में फैला. आसपास में मौजूद गाड़ियों पर गैस रिसाव के सबूत दिख रहे हैं.

## सुडोकू–16


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | 6 | 4 | 7 | | |
| | | 3 | 9 | | | | 5 | |
| 8 | | | | | 7 | 6 | 9 | |
| | 5 | | | | 3 | | 8 | 6 |
| | 7 | 8 | 6 | | 5 | 2 | 1 | |
| 6 | 3 | | 4 | | | | 7 | |
| | 2 | 5 | 1 | | | | | 8 |
| | 4 | | | | 8 | 9 | | |
| | | 6 | 5 | 4 | 9 | | | |

9X9 के उपरोक्त खानों में एक से नौ तक के अंक ऐसे भरें ताकि हर कॉलम और उसके हर छोटे खाने में एक नंबर ही आयें.
उत्तर अगले अंक में

**सूडोकू - 15 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 9 | 1 | 4 | 8 | 3 | 2 | 7 |
| 8 | 3 | 1 | 7 | 5 | 2 | 4 | 9 | 6 |
| 7 | 4 | 2 | 6 | 9 | 3 | 1 | 8 | 5 |
| 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 8 | 5 | 1 |
| 1 | 7 | 5 | 8 | 3 | 9 | 2 | 6 | 4 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 8 | 5 | 7 | 4 | 2 |
| 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 9 | 7 | 2 | 1 | 4 | 6 | 3 | 8 |

## युवा शक्ति माथापच्ची– 121



● **बाएं से दाएं**

1. मारना, दूर भगाना, पूंछ की जोर से इधर उधर करना, 5. जोड़ना, लगना, 7. थका हुआ, दबा हुआ, 8. घोड़े की जिन में लगा पायदान, 11. रमा, लक्ष्मी, 12. स्वीकार करना, 13. नया, नवीन, 15. रसहीन, 17. शरीर का मध्य भाग, तना, 18. पंकज, 20. झुनझुनी या घबराहट पैदा करना

● **उपर से नीचे**

1. उद्योगपति, व्यापारी, 2. भिड़ंत, मूठभेड़, 3. नखरा, अदा, घमंड, 4 गमन, प्रस्थान करना, 6. उदार मनवाला, महानुभाव, 9. अधीन आवाज, डरा हुआ स्वर, 10. बंदूक के आगे लगी बर्छी, भारी, विकट, पेंचीदा, 11. टोंटीदार लोटा, एक प्रकार की मछली, 12. मध्यवर्ती, बीचा का काल, 14. तंग करना, किसी के पीछे किसी को लगाना, तरसाना, दूर हटाना, 16. प्रेयसी, 18. अंश, कौशल, भाग, 19. चिपचिपाना, लासा

*उत्तर कल के अंक में*

**माथापच्ची– 120 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | र | दा | ता | | सु | दू | र | |
| ह | | ढ | | आं | | र | ह | स्य |
| क | म | | अ | शि | क्षि | त | | मी |
| हा | दा | सा | | क | | क | स | क |
| | म | | त्रि | भू | ज | | म | |
| द | त्त | क | | ग | | सु | झा | व |
| ह | | ह | ड | ता | ल | | ना | र |
| न | ह | ला | | न | | व | | दा |
| | ज | ना | जा | | शी | र्षा | स | न |

# लक्ष्मी की देखभाल घर के बुजुर्गों की तरह होनी चाहिए: पं. दाधीच



युवा शक्ति न्यूज

**कोलकाता:** महानगर के ओसवाल भवन में कथा व्यास पं. लक्ष्मीकान्त दाधीच के श्रीमुख से श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ का अंतिम दिन था. कथा के सातवें दिन लक्ष्मीकान्त जी ने श्रीकृष्ण-सुदामा मिलन, नव योगीश्वर संवाद, परीक्षित मोक्ष की कथा कही. कथा व्यास ने बताया कि हमारे घर में कन्या हो तो चिंता होती है कि उसका विवाह कब होगा, किसके साथ होगा. अभिलाषा रहती है हमारी हमारे घर की कन्या आजीवन सुखी रहे. उसी तरह हमें चिंता करनी चाहिए कि हमारी कन्या रूपी लक्ष्मी का कहीं भूल से दुरुपयोग नहीं हो जाए. समृद्धि की देखभाल, श्री की देखभाल, लक्ष्मी की देखभाल घर के बुजुर्गों की तरह होनी चाहिए. लक्ष्मी का उपयोग सदकार्यों के लिए होना चाहिए. लक्ष्मी के 4 पुत्र धर्म, अग्नि, राजा और तस्कर हैं, आखिरी तीनों पुत्र जब अपने बड़े भाई का अपमान करते हैं तो लक्ष्मी रूठ जाती है. घर के बड़ों को प्रणाम करना चाहिए और उनका आशीर्वाद लेना चाहिए, चाहें तो वय में बड़े हों या शिक्षा में. इस तरह समृद्धि के लिए सबसे पहले साधन धर्म है. धर्म पथ पर रहकर भगवान जो कुछ देता है, वह भगवान का प्रसाद समझकर ग्रहण करें. दूसरे पुत्र अग्नि का मतलब है कि किसी के पास मिल है, फैक्ट्री है, उससे कमाई होती है. उन्होंने कहा कि कई परिवार ऐसे भी हैं, जिनकी राजकीय संसाधनों से लक्ष्मी की प्राप्ति होती है. पर जिनके घरों में तस्करी से लक्ष्मी आती है, वह अधर्म है.



कथा का समापन आज हो गया. इसका आयोजन प्रेम मिलन के चेयरमैन चन्द्रकान्त सराफ और परिवार के ज्योति सराफ, नवीन-वर्षा, विशाल-प्रज्ञा, विकास-स्वाति की ओर से किया गया है. कल 1 जनवरी को श्रीमद् भागवत कथा की पूर्णाहुति होगी और महाप्रसाद का वितरण होगा. आज की कथा में बिरम प्रकाश सुल्तानिया, गोपाल नारेडी, सुभाष मुरारका, संतोष पाठक, राजेश सिन्हा, सोनू पोद्दार, सुरेंद्र सिंह, भोला सोनकर, पंकज सोनकर, उत्तम सोनकर, कृष्णा खेमका, अमर भरतिया आदि महानुभाव मौजूद थे.

# श्रीहरि सत्संग समिति द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय श्री कृष्ण लीला कथा का शुभारंभ 2 जनवरी से

## 2 श्रीहरि रथों का होगा वनवासियों की सेवार्थ लोकार्पण

युवा शक्ति न्यूज/**कोलकाता:** देश के करोड़ो वनवासी एवं ग्रामीण बंधुओं को विकास की मुख्य धारा में शामिल करने और सनातन संस्कृति की चेतना को जागृत करने हेतु देश की अग्रणी संस्था श्रीहरि सत्संग समिति, कोलकाता की ओर से 2 जनवरी से 4 जनवरी 2025 तक (108 गीता पाठ सहित) तीन दिवसीय श्री कृष्ण लीला कथा का भव्य विराट आयोजन तोपसिया स्थित ओजस बैंक्वेट हॉल में किया गया है. समिति के अध्यक्ष प्रदीप रावलवासिया व मंत्री सुभाष मुरारका ने यह जानकारी देते हुए बताया कि परम पूज्य सद्गुरु श्रद्धेय ऋतेश्वर जी महाराज जी महाराज (वृंदावन धाम) के श्रीमुख से पहले दो दिन (2 व 3 जनवरी) दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक और तीसरे दिन (4 जनवरी) दोपहर 2 बजे से सायं 4.30 बजे तक कथा प्रवचन होगा. आयोजकों ने बताया कि कथा शुभारंभ से पूर्व श्रीमती यमुना देवी एवं श्री बिट्ठल दास जी मूंधड़ा द्वारा प्रदत्त रथ का लोकार्पण होगा जबकि समापन दिवस (4 जनवरी) पर स्वर्गीय श्याम सुंदर जी एवं शारदा देवी क्याल की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्रों श्री कैलाश-महेश व नरेश क्याल द्वारा प्रदत्त रथ वनवासियों की सेवार्थ लोकार्पित होगा. 4 जनवरी को श्री बालाजी जागरण मंडल द्वारा कथा स्थाल पर



सुबह 9 बजे से सामूहिक सुन्दरकांड पाठ का भी आयोजन होगा. उल्लेखनीय है कि वनवासियों को सुशिक्षित करने के लिए चलाए जा रहे एकल अभियान की इकाई श्रीहरि सत्संग समिति अपनी सहयोगी संस्थाओं वनबंधु परिषद, एकल युवा और एकल अभियान के संयुक्त तत्वावधन में प्रतिवर्ष धर्मप्राण नगरी कोलकाता के जनमानस को आध्यात्म की वर्षा में सराबोर करने के क्रम में देश-विदेश में अपने शास्त्रज्ञान व सुचिंतित विचारों के आधार पर आध्यात्मिक कीर्तिध्वज फैलाने वाले पूज्य संतों के दर्शन, शुभाशीष व कल्याणकारी प्रवचनों से उपकृत करती आ रही है और समिति के इस वार्षिक आयोजन में अभी तक श्री विजय कौशल जी महाराज, श्री रमेश भाई ओझा, श्री अवधेशानंद गिरि जी महाराज, श्री मुरारी बापू, श्री गोविन्ददेव गिरि जी महाराज (किशोर जी व्यास), ब्रह्मलीन धर्मेन्द्र जी महाराज, श्री भूपेन्द्र भाई पाण्डया, परम पूज्यनीया संतोषी माताजी, श्री कृष्णचंद्र जी शास्त्री (ठाकुर जी महाराज), बाल व्यास श्री राधाकृष्ण जी महाराज, श्री गिरीशानंद जी महाराज, श्री सोमगिरि जी महाराज, श्री नवलराम जी एवं बह्मचारी श्री शक्तिरामजी महाराज, पं. विजय शंकर जी मेहता, श्री अनुराग कृष्ण शास्त्री, श्री पुण्डरीक गोस्वामी जी महाराज, मलूकपीठाधीवर परम गोवत्स श्री राजेन्द्रदास जी महाराज, श्री गौरदास जी महाराज व अन्य विभूतियों ने समिति की परियोजनाओं को सदा अपने आशीर्वचनों तथा समर्थन से अतिशय पुष्ट किया है और इसी क्रम में इस बार आयोजित हो रही इस कथा के कुशल आयोजन हेतु तैयारियां पूरी हो गई हैं. इस आयोजन हेतु गठित विभिन्न समितियों के मार्गदर्शक, प्रमुख व सदस्य आयोजन की सफलता हेतु विशेष रुप से सक्रिय हैं.







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक सुधांशु शेखर द्वारा दी इंडियन एक्सप्रेस लिमिटेड, एक्सप्रेस हाउस, एन एच 6 मौजा–प्रशस्थ व अंकुरहाटी,पोस्ट– सलप, थाना–डोमजूर, जिला–हावड़ा–711409 से मुद्रित एवं 19, सर हरिराम गोयनका स्ट्रीट, कोलकाता–700 007 से प्रकाशित. प्रधान संपादक : **सुधांशु शेखर,**
प्रबंध कार्यालय : 19, सर हरिराम गोयनका स्ट्रीट, कोलकाता–700 007, RNI No. WBHIN/2007/22434 फोन : 9831494084, टेलीफैक्स : 22743382 ई–मेल : yuvashakti@hotmail.com प्रकाशन संबंधी समस्त विवादों का निपटारा कोलकाता न्यायालय के अधीन